R.N.I. No. MPHIN/2021/82530

दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान

खबरे बेबाक, बेखौफ बेझिझक

समूह सम्पादक : रविन्द्र सिंह पवैया

ग्वालियर, भोपाल, मध्यप्रदेश से प्रकाशित एवं छत्तीसगढ़, उत्तर प्रदेश, बिहार, महाराष्ट्र, उत्तराखण्ड, हिमाचल प्रदेश, दिल्ली, हरियाणा, से एक साथ प्रसारित

वर्ष 03 : अंक -317 | ग्वालियर, बुधवार 26 जून 2024 | पेज- 8 मूल्य - 2 रूपए

# यूपी ~ पेपर लीक पर योगी सरकार का बड़ा फैसला, अध्यादेश को कैबिनेट की मंजूरी, एक करोड़ जुर्माना, उम्रकैद की सजा

लखनऊ. यूपी में पेपर लीक को लेकर योगी सरकार ने बड़ा फैसला किया है। कैबिनेट ने मंगलवार (25 जून) को पेपर लीक अध्यादेश को मंजूरी दे दी। इसमें एक करोड़ रुपए तक का जुर्माना और उम्रकैद तक की सजा का प्रावधान है। इसके अलावा, महिला, बच्चों और गैंगस्टर से जुड़े मामलों में अग्रिम जमानत की प्रक्रिया कठिन करने पर भी कैबिनेट ने मुहर लगाई है। अब इसे मंजूरी के लिए राज्यपाल के पास भेजा जाएगा। राज्यपाल के अनुमोदन के बाद अध्यादेश लागू हो जाएगा। सीएम योगी की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक में 43 प्रस्तावों पर मुहर लगी।



कैसा है यूपी का नया पेपर लीक अध्यादेश

सार्वजनिक परीक्षाओं में अनुचित साधनों, पेपरलीक को रोकने, साल्वर गिरोह पर प्रतिबंध लगाने के लिए उत्तर प्रदेश सार्वजनिक परीक्षा (अनुचित साधनों की रोकथाम) अध्यादेश- 2024 को कैबिनेट ने मंजूरी दी है। यह अध्यादेश सभी सार्वजनिक सेवा भर्ती परीक्षा, नियमितीकरण या पदोन्नति परीक्षा, डिग्री डिप्लोमा, प्रमाण-पत्रों या शैक्षणिक प्रमाण-पत्रों की प्रवेश परीक्षा पर भी लागू होगा। फर्जी प्रश्नपत्र बांटना, फर्जी सेवायोजन वेबसाइट चलाने पर भी सजा होगी। अधिनियम के प्रावधानों का उल्लंघन करने पर 2 साल से लेकर आजीवन कारावास की सजा और एक करोड़ तक के जुर्माने पर प्रावधान किया गया है।

इसके अलावा, अगर परीक्षा प्रभावित होती है, तो उस पर हुए खर्च को भी सॉल्वर गिरोह, परीक्षा में गड़बड़ी करने संस्था/व्यक्ति से वसूला जाएगा। ऐसी संस्थाओं को ब्लैक लिस्ट किया जाएगा।

अध्यादेश में संपत्ति की कुर्की का भी प्रावधान है। इस अधिनियम के तहत आने वाले सभी अपराध संज्ञेय, गैर जमानतीय और सत्र न्यायालय द्वारा विचारणीय बनाए गए हैं। जमानत के संबंध में भी कठोर प्राविधान किए हैं।

(यूपी सरकार ने स्पष्ट किया है कि विधानसभा सत्र न होने के कारण विधेयक स्थान पर अध्यादेश का प्रस्ताव किया गया है।)

अयोध्या में 650 करोड़ की लागत से बनेगा संग्रहालय

अयोध्या में 650 करोड़ की लागत से मंदिर संग्रहालय बनाया जाएगा। मुख्यमंत्री टूरिज्म फैलोशिप का प्रस्ताव पर भी मुहर लगी है। इसमें अभ्यर्थियों को टेबलेट उपलब्ध कराया जाएगा। लखनऊ, प्रयागराज और कपिलवस्तु में पीपीपी मॉडल पर हैली पोर्ट बनाया जाएगा।

बिजली विभाग में विद्युत निरीक्षक के अधिकार तय करने के लिए सरकार नियम बनाएगी। शकुंभरी देवी धाम की 0.369 हेक्टेयर जमीन को पर्यटन विभाग को विकास के लिए उपलब्ध किया जाएगा। अयोध्या कैंट एरिया में 351.40 करोड़ से सीवेज योजना बनाए जाने पर भी मुहर लगी है।

गोरखपुर में परमहंस योगानंद की जन्मस्थली को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया जाएगा। पर्यटन विभाग को मुफ्त जमीन दी जाएगी। प्राचीन धरोहर को पीपीपी मॉडल पर रीयूज (बरसाना जल महल मथुरा, शुक्ला तालाब कानपुर) का प्रस्ताव भी पास हुआ।

कैबिनेट में पास अन्य प्रस्ताव

अयोध्या में टाटा सन द्वारा 650 करोड़ की लागत से मंदिर संग्रहालय बनाया जाएगा। 100 करोड़ का अन्य विकास कार्य होगा। पर्यटन विभाग 1 रुपए के लीज पर जमीन उपलब्ध कराएगा।

शकुंभरी देवी धाम की 0.369 हेक्टर की जमीन को पर्यटन विभाग को विकास के लिए दिया जाएगा। पर्यटन विभाग के बंद चल रहे आश्रय गृह को पीपीपी मॉडल पर 30 साल की लीज पर देंगे।

# विकासखण्ड स्तर पर नवीन मिट्टी परीक्षण प्रयोगशालाओं के भवन एवं उपकरणों को युवा उद्यमियों एवं संस्थाओं को उपलब्ध कराने की स्वीकृति

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव की अध्यक्षता में मंत्रि-परिषद के निर्णय

भोपाल । मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में मंत्रि-परिषद की बैठक मंत्रालय में हुई।मंत्रि-परिषद द्वारा विकासखण्ड स्तर पर कृषकों को मिटटी परीक्षण की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग के द्वारा नवीन मिटटी परीक्षण प्रयोगशालाओं के भवन एवं यथा उपलब्ध प्रयोगशाला उपकरणों को युवा उद्यमियों/संस्थाओं को उपलब्ध कराये जाने की स्वीकृति दी गई है। इससे युवा उद्यमियों/संस्थाओं के माध्यम से किसानों के मृदा नमूनों का परीक्षण कराकर मृदा स्वास्थ्य कार्ड (स्वाइल हैल्थ कार्ड) उपलब्ध कराये जाएंगे।



मध्यप्रदेश स्थानीय प्राधिकरण (निर्वाचन अपराध) अधिनियम 1964 (अद्यतन 2014) में संशोधन

मंत्रि-परिषद द्वारा मध्यप्रदेश स्थानीय प्राधिकरण (निर्वाचन अपराध) अधिनियम 1964 (अद्यतन 2014) में संशोधन का निर्णय लिया गया है। भारत निर्वाचन आयोग के लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 126 के खण्ड (ख) में ÷प्रिन्ट मीडिया÷ सम्मिलित नहीं होने से लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 के अनुरूप करने के लिए म.प्र. राज्य निर्वाचन आयोग की अनुशंसा अनुसार मध्यप्रदेश स्थानीय प्राधिकरण (निर्वाचन अपराध) अधिनियम 1964 की धारा 3(1) के (ख) में संशोधन कर विद्यमान प्रावधान में से शब्द÷ प्रिन्ट मीडिया के विलोपन की स्वीकृति मंत्रि परिषद द्वारा दी गई।

सी.एस.आर निधियों के उपयोग से वृक्षारोपण की नीति में संशोधन

मंत्रि-परिषद ने राजपत्र दिनांक 10 दिसम्बर 2021 में प्रकाशित संयुक्त/सामुदायिक वन प्रबंधन समितियों के माध्यम से सी.एस.आर./सी.ई.आर. निधियों के उपयोग से वृक्षारोपण की नीति में संशोधन का निर्णय लिया।

अन्य राज्यों में संचालित सैनिक स्कूलों में अध्ययनरत् मध्यप्रदेश राज्य के मूल निवासी छात्र/छात्राओं को छात्रवृत्ति दिये जाने का निर्णय

मंत्रि-परिषद द्वारा अन्य राज्यों में संचालित सैनिक स्कूलों में अध्ययनरत मध्यप्रदेश के मूल निवासी छात्र/छात्राओं को छात्रवृत्ति देने का निर्णय लिया है। उल्लेखनीय है कि सैनिक स्कूल एक विशिष्ट शिक्षा प्रधान प्रतिष्ठान हैं। राज्य के बाहर के सैनिक स्कूलों में अध्ययनरत म.प्र. राज्य के मूल निवासी छात्र/छात्राओं के लिए छात्रवृति का प्रावधान किये जाने से प्रदेश के युवाओं में सैनिक स्कूलों में प्रवेश के लिए उत्साह बढ़ेगा। रेल परियोजनाओं से संबंधित मध्यप्रदेश कार्य (आवंटन) नियम में संशोधन का निर्णय

मंत्रि-परिषद द्वारा रेल परियोजनाओं से संबंधित कार्य ÷परिवहन विभाग÷ से लेकर ÷लोक निर्माण विभाग÷ को सौंपे जाने के लिए मध्यप्रदेश कार्य (आवंटन) नियम में संशोधन करने का निर्णय लिया गया। नई रेल लाईनों के प्रस्ताव और उनका निर्माण एवं निर्माण कार्यों के लिए रेल विभाग से समन्वय का कार्य अब लोक निर्माण विभाग द्वारा किया जायेगा।

मध्यप्रदेश नगर पालिका (संशोधन) विधेयक 2024 मंत्रि परिषद द्वारा मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग के प्रस्ताव अनुसार विधि एवं विधायी कार्य विभाग के परामर्श से मध्यप्रदेश नगर पालिका अधिनियम, 1961 की धारा 20 और 45 में संशोधन किये जाने के संबंध में मध्यप्रदेश नगर पालिका (संशोधन) विधेयक 2024 पर मंत्रि परिषद द्वारा स्वीकृति दी गई।

मध्यप्रदेश सुधारात्मक सेवायें एवं बंदीगृह विधेयक, 2024 को विधानसभा में पुरःस्थापित कर पारित कराने का निर्णय

मंत्रि-परिषद द्वारा मध्यप्रदेश सुधारात्मक सेवायें एवं बंदीगृह विधेयक, 2024 को विधानसभा में पुरःस्थापित कर पारित कराने का निर्णय लिया है। साथ ही समस्त कार्यवाही किये जाने के लिए जेल विभाग को अधिकृत किया गया है।

भारतीय खेल प्राधिकरण को ग्राम गौरा में भूमि आवंटन का निर्णय

मंत्रि-परिषद द्वारा भारतीय खेल प्राधिकरण, भोपाल को खेल गतिविधियों के संचालन के लिए ग्राम गौरा तहसील हुजूर, भोपाल में लगभग एक एकड़ भूमि (पूर्व आवंटित भूमि के अतिरिक्त) आवंटित किये जाने का निर्णय लिया गया।

अन्य निर्णय : मंत्रि-परिषद द्वारा मध्यप्रदेश मंत्री (वेतन तथा भत्ता) अधिनियम 1972 की धारा 9-क को निरसित किए जाने की कार्यवाही के लिए सामान्य प्रशासन विभाग को अधिकृत किया गया है।

मंत्रि-परिषद द्वारा वीर शहीदों के परिवारजन को दी जाने वाली आर्थिक सहायता राशि में से अब 50 प्रतिशत राशि शहीद की पत्नी को और 50 प्रतिशत राशि शहीद के माता-पिता को दिये जाने का निर्णय लिया गया।

33

# *पहले भाई ने हड़पी संपत्ति अब भतीजे मंदिर की जमीन का कर रहे निजी हित में उपयोग,पंचम सिंह*

## जिनको बनाया विधायक वही दे रहे अधर्मियों का साथ*

चंबल घाटी के विश्व विख्यात पूर्व दस्यू सम्राट पंचम सिंह ने अपनी मन की व्यथा सुनाते हुए कहा कि दस्यू जीवन में अर्जित की गई संपत्ति को मैं अपने भाई को दे देता था उक्त सोने चांदी जेवर आदि को बेचकर भाई जमीन खरीदकर अपने बच्चों के नाम करवाता रहा मुझे भ्रमित किया जाता था कि तुम्हारे बच्चों के नाम ही जमीन खरीद रहे हैं मैं अपने भाई पर आंख बंद कर विश्वास करता था और लूट अपहरण डकैती आदि से आने वाली संपत्ति को भाई को दे देता था लेकिन भाई अंदर ही अंदर विश्वास घात करता रहा और उसने हमारे बच्चों की ओर ध्यान न देकर पूरी संपत्ति हड़प ली अब उसके लड़कों ने हमारे द्वारा बनवाए माँ राज राजेश्वरी के मंदिर एवं मदिरा की देखरेख के लिए मेरे द्वारा खरीद कर लगाई गई जमीन पर कब्जा कर लिया और फर्जी रूप से घरेलू कामगार को राजस्व रिकॉर्ड में पुजारी नियुक्त करवा दिया जमीन के लालच में बाबा बने विनोद पुरी को संत समाज की व्यवस्था के विपरीत मनमाने तरीके से अनुचित रूप से अखाडा परिषद ने महंत बना दिया उक्त बाबा और उसके भाई जमीन पर कब्जा कर पिछले कई बरषों से मंदिर की जमीन की आय का निजी हित में उपयोग कर रहे हैं मंदिर कई जगह टूट कर गिर भी गया है मंदिर की और कोई ध्यान नहीं दिया जाता मंदिर की जर्जर हालत देखकर मुझे अत्यंत कष्ट हो रहा है मंदिर को कब्जा मुक्त करवाने के लिए मेरे वेटे द्वारा कानूनी कार्रवाई का प्रयास भी किया लेकिन सन 1968 में मैंने बंदूक की दम पर जिस नेता को विधायक बनाया था वही नेता नीतिगत रूप से मेरा सहयोग न करके अधर्मियों का साथ दे रहे है उक्त नेता के राजनीतिक हस्तक्षेप के चलते मंदिर पर कब्जा धारी अधर्मियों के खिलाफ कार्रवाई नहीं हो पाती और समाज भी ऐसे अधर्मियों का बहिष्कार न कर इनको प्राथमिकता देता है यही समाज की दुर्दशा का कारण है



# गुरु आज्ञा का पालन कर गौ भंडारा करवाने का लिया संकल्प

## *रोड पर विचरण करते भुखे निराश्रित गौवंशो को खिलायेंगे भुसा चारा*

दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान रिपोर्टर संतोष सिंह चौहान मो,8889486368

लहार विधानसभा के ग्राम चाचीपुरा के निवासी सामाजिक कार्यकर्ता राजवीर चौहान जो वर्तमान में लहार नगर में निवासरत है और सामाजिक कार्यों में बढ़-चढ़कर हिस्सा ले कर अपना सहयोग प्रदान करते हैं वीते रोज राजवीर सिंह चौहान के लहार निवास पर उनके पूज्य गुरुदेव अनंत विभूषित पीठाधीश्वर राघवदास महाराज (प्राचीन जगन्नाथ मंदिर रामकोट अयोध्या) का आगमन हुआ गुरुदेव ने आत्म कल्याण के लिए राजवीर सिंह को गौ सेवा करने की आज्ञा दी अपने गुरुदेव के वचनों का अनुशरण करते हुए लहार नगर में मां गायत्री गौरक्षा संगठन द्वारा संचालित प्रतिदिन के गौ भंडारे में सहभागी दार बन कर महिने में एक दिन अपनी ओर से गौभडारा करवाने का निर्णय लिया है



# नंद घर आनन्द बहो जय कन्हैया लाल की आबाज से गूंज उठा पंडाल

दैनिक कैसेरिया हिंदुस्तान-

ग्वालियर ग्राम दुबहा में श्रीमद्भागवत कथा के चौथे दिन सुप्रसिद्ध भागवताचार्य पं. रवि तिवारी जी महाराज ने बताया कि जो मनुष्य अपने जीवन में जिस प्रकार को कर्म करता है उसे वैसा ही फल प्राप्त होता हैं. सत्संग में जाने से मनुष्य को इस बात का ज्ञान होता है कि उसे कौन से कार्य करना चाहिए । बिना सत्संग का श्रवण किए मनुष्य का विवेक जागृत नहीं हो सकता है। मनुष्य को कभी भी दूसरों को नुकसान पहुंचा कर अपना भला नहीं करना चाहिए

जो भी माँ- बाप अपने बच्चों को सत्य और असत्य का ज्ञान नहीं देते है वो अपने बच्चों के सबसे बड़े शत्रु होते है। मनुष्य को अपने जीवन में कभी भी अनैतिक कार्य जैसे कि जीव हत्या, मद्धपान, जुआ, बड़ो का अनादर नहीं करना चाहिए। मनुष्य को जीवन में कभी भी झूठ नहीं बोलना चाहिए



### कथा में बड़े धूम धाम से भगवान कृष्ण का जन्म हुआ

आगे महाराज जी ने बताया जो भी मनुष्य सिहांसन के लिए अपने धर्म का अपमान करता है वो किसी का भी भला नहीं कर सकता है। जो भी मनुष्य कृष्ण का नाम अपने मुख से लेता रहता है और सच्चे मन से उनकी पूजा करता है उसके सारे पापों का नाश हो जाता है इस अवसर पर कथा परीक्षित एवं उनके परिवार ने श्रीमद् भागवत पुराण की महाआरती की आरती के उपरांत प्रसाद वितरण की गई



# आज विधानसभा भितरवार ग्राम करही मे भाजपा विधायक एव जनसेवक श्री मोहन सिंह राठौर जी ने मौके पर पहुंच कर आदिवासी समाज के लोगो की समस्या को सुना

संवाददाता लोकेंद्र सिंह सोलंकी 7354490175 भितरवार रिपोर्ट

जिसमे करीबन 70 साल से आदिवासी समाज के लोग जो अपनी जमीन किए हुए थे उनको सरकार द्वारा 72 लोगो को वन अधिकार एवं रिवेन्यू के पट्टे दिए लेकीन अभी आकार फॉरेस्ट विभाग ने आदिवासी समाज के लोगो को उनकी जगह से भगाया एव बहन बेटियों की मारापीटी की जिसमे आदिवासी बहन बेटियों को चोटे आई लेकीन उसके दूसरे दिन भाजपा विधायक ईव जनसेवक श्री मोहन सिंह राठौर जी को पता लगा की आदीवासी लोगो के ऊपर ही कैस रजिस्टर्ड कर दिया लेकीन उसका विरोध श्री राठौर जी ने वीसी के माध्यम से मुख्यमंत्री जी , चिप सेक्रेटरी के सामने किया लेकीन तत्काल ही मुख्यमंत्री जी ने रेवेनुए ग्वालियर कमिश्नर की देखरेख में कलेक्टर ,ह्मश्च, फॉरेस्ट डीएफओ की कमेटी बनाई गई जो कमेटी आदिवासी समाज के लोगों के प्रकरणनो को जांच करेगी लेकीन उसी बिच जे आधिकारियो द्वारा घटना हो गई! श्री राठौर जी ने आदिवासियो को आश्वासन दिया की भारतीय जनता पार्टी का वरिष्ठ नेतृत्व आपके साथ है आपके साथ कोई अन्याय नही किया जायेगा! इस अवसर पर समस्त आदिवासी समाज के कार्यकर्त्ता एव जनसेवक साथी सम्मलित रहें!

# विश्व शांति तथा अच्छी वर्षा वह देश में खुशहाली लाने के लिए किया गया कई मंदिरों पर संगीत मय सुंदरकांड का पाठ

*अम्बाह से पंकज जैन की रिपोर्ट*

पोरसा,,,विश्व में शांति लाने तथा इस बार अच्छी वर्षा करने के लिए एवं देश में खुशहाली लाने के लिए आज भगवान गोवर्धन गिरिराज जी महाराज मंदिर पर ,भगवान श्री गणेश जी मंदिर पर तथा राम जानकी मंदिर छोटी जग्गा पर सहित कई मंदिरों में आज संगीत मय सुंदरकांड का पाठ का आयोजन कर मन्नत की अर्जी लगाई गई।

भगवान श्री गणेश जी के मंदिर पर आचार्य आनंद शास्त्री के सानिध्य में गोवर्धन गिरिराज जी महाराज के मंदिर पर महंत राम किशोर दास शास्त्री के सानिध्य में तथा राम जानकी मंदिर छोटी जगगा पर महंत भरत दास जी के सानिध्य में संगीत मय सुंदरकांड का पाठ का आयोजन किया गया इसमें सैकड़ो भक्तों ने सहभागिता की सभी जगह अंत में प्रसादी वितरण की गई सभी भक्तों ने सामूहिक रूप से भगवान से मन्नत की अर्जी लगाई विश्व में खुशहाली लाने तथा मौसम की अच्छी वर्षा होने तथा सुख शांति समृद्धि के लिए मन्नत की अर्जी लगाई गई।



# ई-रिक्शों का पंजीयन जारी, तीन दिन के भीतर 2038 रिक्शों का हुआ पंजीयन

## तीसरे दिन सायंकाल 5 बजे तक 732 ई-रिक्शा पंजीकृत किए गए

दैनिक कैसेरिया हिंदुस्तान-

ग्वालियर - * ग्वालियर शहर की यातायात व्यवस्था को सुगम व सुव्यवस्थित बनाने के उद्देश्य से ई-रिक्शा का प्रबंधन किया जायेगा। इस कड़ी में शहर में आधा दर्जन स्थानों पर नाके सह शिविर लगाकर ई-रिक्शा का पंजीयन किया जा रहा है। तीन दिन के भीतर 2038 ई-रिक्शा पंजीकृत किए जा चुके हैं।

पंजीयन के तीसरे दिन सायंकाल 5 बजे तक 732 ई-रिक्शा का पंजीयन किया गया। शहर की यातायात व्यवस्था को सुगम, सुचारू व सुव्यवस्थित बनाने के लिये शहर में ई-रिक्शा के रूट निर्धारित किए जा रहे हैं। साथ ही लॉटरी पद्धति से यह तय किया जायेगा कि किस रूट पर कौन सा पंजीकृत ई-रिक्शा चलेगा।



ज्ञात हो गत 23 जून को शहर में आधा दर्जन स्थानों पर ई-रिक्शा का पंजीयन शुरू किया गया था। इन स्थलों पर पंजीयन का काम 29 जून तक किया जायेगा। ई-रिक्शा का पंजीयन कराने के लिये एक हफ्ते का अंतिम मौका दिया गया है। शहर में नाके सह शिविर लगाकर आधा दर्जन स्थानों पर ई-रिक्शा का पंजीयन किया जा रहा है। इन नाकों पर 29 जून तक ई-रिक्शा पंजीयन की कार्यवाही की जायेगी। अंतिम तिथि के बाद बगैर पंजीयन के कोई ई-रिक्शा शहर में चलता मिला तो उसे जब्त करने की कार्रवाई की जायेगी।

स्मार्ट सिटी के कंट्रोल एण्ड कमाण्ड सेंटर से प्राप्त जानकारी के अनुसार पंजीयन के दूसरे दिन यानि 25 जून को हजीरा क्षेत्र में स्थापित किए गए नाका सह शिविर में 127 ई-रिक्शा का पंजीयन किया गया। इसी तरह बारादरी पर 114, गोला का मंदिर पर 126, फूलबाग चौराहे पर 83, महाराज बाड़ा पर 160 एवं आमखो पर स्थापित किए गए नाका सह शिविर में 122 ई-रिक्शों का पंजीयन किया गया।

तीनों दिनों के पंजीयन को मिलाकर हजीरा क्षेत्र में स्थापित नाके पर 378, बारादरी में 270, गोला का मंदिर में 446, फूलबाग में 228, महाराज बाड़ा में 398 एवं आमखो क्षेत्र में स्थापित किए गए नाका सह शिविर में अब तक 318 ई-रिक्शा का पंजीयन किया जा चुका है।

# हरी सब्जियों ने रसोई का बिगड़ा बजट



## *भीषण गर्मी के बाद बाजारों में सब्जियों पर टूटा कहर*

## *आसमान छू रहे हरी सब्जियों के भाव,थाली से सलाद गायब*

*केसरिया हिन्दुस्तान मोहित यादव लव*

एटा भीषण गर्मी के चलते हरी सब्जियों के दाम बढ़ने से थाली से सलाद गायब हो गया है। सब्जियों पर अचानक महंगाई का पहाड़ टूट जाने के बाद आम इंसान की रसोई का बजट बिगड़ गया है। भीषण गर्मी के बाद जनपद में हरी सब्जियों पर भी मुसीबत टूटी है टमाटर, अदरक, धनिया, हरी मिर्च, अरबी, फूलगोभी के भाव लोगों को हैरान कर रहे हैं इस समय आलू प्याज के अलावा कोई भी सब्जी 40 रुपए किलो से कम नहीं बिक रही है टमाटर अदरक हरी मिर्च धनिया नीबू के भाव लोगों को चौंकाने पर मजबूर कर रहे हैं सब्जी कारोबारीयों का कहना है कि हरी सब्जियों के दामों में बढ़ोतरी हो सकती है माह मई और जून में भीषण गर्मी के कारण हरि सब्जियां खेतों में ही सभी नष्ट हो रही है लेकिन अभी तक मानसून का कोई सहारा नहीं है बारिश होने से भी महंगाई और बढ़ने के आसार हैं बारिश होने के साथ ही सब्जियों का उत्पादन बुरी तरह प्रभावित होगा बारिश से भिंडी गोभी तोरई लौकी पर सबसे अधिक असर पड़ेगा।

### *नींबू के दामों में बढ़ोतरी से शिकंजी पीने को लोग मजबूर*

शहर में सब्जी विक्रेताओं द्वारा बताया गया कि सब्जी का अभाव है बाहर से सब्जी आने की वजह से रेट में बढ़ोतरी हुई है भीषण गर्मी के चलते हरी सब्जियां नष्ट होने की कगार पर है बाहर से आई हुई सब्जियां थोक के रेट पर ही महंगी मिलती है 40रुपए किलो बिकने वाला धनिया आज 200रुपए प्रति किलो के हिसाब से बिक रहा है महंगाई की मार से आम आदमी सबसे ज्यादा प्रभावित है दाले तो पहले से ही गरीबों की थाली से गायब हो चुकी है अब चटनी भी महंगी लग रही है। लहसुन 200रुपए किलो बिक रहा है इसके दाम भी काफी अधिक होने से गरीबों का चटनी का सहारा भी गायब होने वाला है।

### *वर्जन*

एक माह पहले जो धनिया 40रुपए किलो मिल रहा था वह अब बाजार में 200 रुपए किलो मिल रहा है अन्य सब्जियों के दाम भी बढ़ गए हैं महंगाई ने सारा बजट बिगाड़ दिया है।

*नीतू सिंह*

गर्मी के मौसम मे इन दिनों अधिकतर लोग नींबू की शिकंजी पीते हैं मगर नींबू का भाव काफी अधिक चल रहा है नींबू के दाम कम होने चाहिए लहसुन, शिमला मिर्च, फूल गोभी, मिर्च और आलू समेत कई सब्जियों के दाम आसमान छू रहे हैं सब्जी महंगी होने की वजह से रसोई का बजट बिगड़ गया है

*लौकेश यादव लवली*

सब्जियों के राजा आलू के दाम में भी काफी उछाल आया है एक माह पहले 20रुपए किलो मिलने वाला आलू वर्तमान में 30 से 35 रुपए प्रति किलो बिक रहा है।




# मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश सर्वांगीण विकास का प्रदेश बनेगा इसके लिए हम सभी संकल्पित हैं-राज्यमंत्री श्री लोधी

## राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री धर्मेंद्र सिंह लोधी ने सिंग्रामपुर में उप-स्वास्थ्य केन्द्र भवन किया लोकार्पित

### कहा यहां की जनता की मांग हुई पूरी

दमोह ~ 24 जून 2024 राजेश कुमार पटेल दैनिक केसरिया हिंदुस्तान जिला प्रमुख की खबर प्रदेश के संस्कृति, पर्यटन, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री धर्मेंद्र सिंह लोधी ने कहा बहुत बेहतरीन उप स्वास्थ्य केंद्र आपके यहां बनकर तैयार हुआ है। स्वास्थ्य केंद्र में तमाम सुविधा उपलब्ध करा दी जाए, स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी सुनिश्चित करें।

उन्होंने कहा वास्तव में यह स्वास्थ्य केंद्र सिंग्रामपुर की धरती पर बहुत जरूरी था, उप स्वास्थ्य केंद्र के लिए सभी को बहुत-बहुत बधाई। ऐसे एक नहीं 6 उप स्वास्थ्य केंद्र स्वीकृत करवाए गये थे और दो बड़े प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र एक चोपरा और एक तारादेही जो की तीन-तीन करोड़ की लागत से बन रहे हैं, उन्हें भी स्वीकृत करने का काम किया है। राज्यमंत्री ने कहा इस सत्र में 13 और उप स्वास्थ्य केंद्र स्वीकृत कराए हैं जबेरा और तेंदूखेड़ा दोनों ब्लॉकों को मिलाकर। उन्होंने कहा इस क्षेत्र में विकास की गंगा बहेगी। 13 उप स्वास्थ्य केंद्र और स्वीकृत हो गए हैं 63-63 लाख रुपए की लागत से, जो आगे बनकर तैयार होंगे। उन्होंने कहा मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के नेतृत्व में यह प्रदेश सर्वांगीण विकास का प्रदेश बनेगा इसके लिए हम सभी संकल्पित हैं।

इस अवसर पर रूपेश सेन, मनदीप यादव, सत्येंद्र सिंह, अजय राय, राजेश सिंह, अजय सोनकर, सहारा ठाकुर, दीपक यादव, सीएमएचओ डॉ. सरोजनी जेम्स बैक, सीबीएमओ डॉक्टर डी.के. राय सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी और आस-पास के गांव के लोग मौजूद रहे।

# आपातकाल के दौरान कांग्रेस के जख्म नहीं भूलेगा देश: अशोक कटारिया

थुरा से नीरज चतुर्वेदी

## इमरजेंसी के विरोध में भाजपा ने मनाया काला दिवस, की संगोष्ठी

मथुरा(नीरज चतुर्वेदी)। राष्ट्रीय आपातकाल को लगे आज 49 वर्ष पूरे हो गए और अभी भी भाजपा इसको लेकर कांग्रेस पर हमलावर है। मंगलवार को भाजपा द्वारा महानगर अध्यक्ष घनश्याम लोधी की अध्यक्षता में गिर्राज महाराज कॉलेज में एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी में आपातकाल के दौरान प्रताड़ना सहने वाले सैनानियों को आमंत्रित कर स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

संगोष्ठी कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि भाजपा के मथुरा जनपद प्रभारी एवं विधान परिषद सदस्य अशोक कटारिया ने कहा कि विपक्षी दल द्वारा लोकतंत्र की हत्या करने और उसे बार-बार नुकसान पहुंचाने के लंबे इतिहास में यह सबसे बड़ा उदाहरण है। आज का दिन उन सभी महान पुरुषों और महिलाओं को श्रद्धांजलि देने का दिन है, जिन्होंने आपातकाल का विरोध किया। यह दिन हमें याद दिलाता है कि कैसे कांग्रेस पार्टी ने बुनियादी स्वतंत्रता को नष्ट कर दिया और भारत के संविधान को



कुचल दिया, जिसका हर भारतीय सम्मान करता है।

लोकतंत्र सेनानी संगठन के वरिष्ठ प्रांतीय उपाध्यक्ष विनोद टेंटीवाल ने कहा कि तत्कालीन कांग्रेस सरकार ने हर लोकतांत्रिक सिद्धांत को दरकिनार कर देश को जेलखाना बना दिया। जो भी कांग्रेस से असहमति जताता था उसे प्रताड़ित किया जाता था। जिन लोगों ने इमरजेंसी लगाई, उनको हमारे संविधान के प्रति अपना प्यार जताने का कोई अधिकार नहीं है। प्रेस की स्वतंत्रता को खत्म करने के लिए विधेयक लाया गया, संघवाद को नष्ट किया और संविधान के हर पहलू का उल्लंघन किया। भाजपा महानगर अध्यक्ष घनश्याम लोधी ने कहा कि कांग्रेस के नेतृत्व में देश को कालकोठरी बना दिया गया था और उस जख्म को देश कभी भूल नहीं सकता। भारतीय संविधान के लिए काला दिवस के रूप में मनाए जाने वाला यह दिन बताने के लिए पर्याप्त है कि किस प्रकार कांग्रेस पार्टी हमेशा से ही सत्ता के नशे में चूर रही है। संगोष्ठी कार्यक्रम के संयोजक भाजपा महानगर उपाध्यक्ष मुकेश खंडेलवाल ने बताया कि भारतीय लोकतांत्रिक व्यवस्था को सीमित करते हुए पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी द्वारा राष्ट्रीय आपातकाल लागू किया गया था। इसलिए भाजपा कार्यकर्ताओं ने इस दौरान संघर्ष करने वाले राजनेताओं को याद करते हुए उन्हें नमन किया और कांग्रेस के काले कारनामो पर जनता से संवाद किया। इस दौरान विधायक मेघश्याम सिंह, हिंदूवादी नेता गोपेश्वर नाथ चतुर्वेदी, पूर्व मंत्री रविकांत गर्ग, वीरेंद्र अग्रवाल, मधु शर्मा, आशुतोष शुक्ला, महानगर महामंत्री प्रदीप गोस्वामी, राजू यादव, ज्ञानेंद्र राणा, धर्मेश सोनकर, यशपाल सिंह, विनीत शर्मा, सुनील तरकर, परशुराम सिंह, राजू चौधरी, राजेंद्र पटेल, अनुराग चतुर्वेदी, पूरन चंद, गौरी शंकर अस्थाना, गिर्राज किशोर अग्रवाल, चतुर्भुज अग्रवाल, केशव चौहान, चेतन शर्मा, नरेंद्र कुमार गुप्ता, ओमवती, राजेंद्र होरा, मीडिया प्रभारी दीपांकर भाटिया, लवांशु वर्मा, मोहन भारद्वाज आदि मौजूद रहे। संगोष्ठी का संचालन महानगर महामंत्री सुनील चतुर्वेदी ने किया।

# गोवर्धन पुलिस ने किया घर में संचालित अवैध शस्त्र फैक्ट्री का भंडाफोड़, एक गिरफ्तार

मथुरा। थाना गोवर्धन क्षेत्र अंतर्गत दौसेरस गांव के एक मकान में अवैध शस्त्र बनाते एक ग्रामीण को गोवर्धन पुलिस ने पकड़ा है। आरोपी घर पर ही



अवैध शस्त्र फैक्ट्री में हथियार बना रहा था।

पुलिस लाइन सभागार में इसकी जानकारी देते हुये एसपी देहात त्रिगुण बिसेन ने बताया कि गोवर्धन पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर ग्राम देवसेरस से दिगम्बर पुत्र श्यामसुन्दर को अवैध शस्त्र बनाते हुए पकड़ा है। इसके पास से 315 बोर का तमंचा, 12 बोर का तमंचा, कारतूस बरामद हुये हैं। वहीं तमंचा बनाने के लिये इस्तेमाल होने वाले तमंचे की नाल, लोहेल की नाल, ड्रिल मशीन, अर्द्धनिर्मित तमंचे आदि और अन्य उपकरण मिले हैं। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में थाना प्रभारी विनोद बाबू मिश्रा, उपनिरीक्षक अनुज तिवारी, सुरेन्द्र कुमार, अमर उज्जवल व अन्य पुलिस बल शामिल रहा।



# द मेलोडी ऑफ साइलेंस का हुआ गरिमामय विमोचन

## समाज को सही दिशा दिखाने हेतु डॉ अनिल ने लिखीं 12 पुस्तकें

सीधी।

संजय गांधी महाविद्यालय अंग्रेजी बिषय के प्राध्यापक डॉ अनिल कुमार सिंह सत्य प्रिय के कविता संग्रह द मेलोडी ऑफ साइलेंस का लोकार्पण ईमानदार एवं लोकप्रिय नेता नागेंद्र सिंह पूर्व सांसद खजुराहो, पूर्व मंत्री मध्य प्रदेश शासन एवं वर्तमान विधायक नागौद जिला सतना के द्वारा नागौद में किया गया। इस अवसर पर मानवता के संवाहक भारतीय संस्कृति के पक्षधर भारतीय जनता पार्टी के समर्थक सूर्यनारायण सिंह, शशि शेखर प्रताप सिंह एवं डॉक्टर सत्य कुमार सिंह बघेल की गरिमामय उपस्थिति में यह कार्यक्रम संपन्न हुआ।

इस कविता संग्रह की विशेषता है कि यह अंग्रेजी की कविता वाली पुस्तक प्रो. अनिल सिंह के प्रिय शिष्यों डॉक्टर संजीव त्रिपाठी, डॉक्टर प्रमोद सिंह बघेल, डॉक्टर कृष्ण भूषण मिश्रा, डॉक्टर संजीव सिंह एवं डॉक्टर कृष्ण कुमार जायसवाल को समर्पित है और इस पुस्तक पर अपनी गरिमामय टिप्पणी सत्यप्रिय के ही एक यशस्वी शिष्य आदर्श सिंह द्वारा लिखी गई है। इस संग्रह में 51 कविताएं शामिल हैं। अधिकांश कविताओं का रंग आध्यात्मिक हैं लेकिन कुछ कविताएं जीवन के खुरदुरे यथार्थ को भी बखूबी रेखांकित करती है।

इस अवसर पर नागेंद्र सिंह ने कहा कि अच्छी पुस्तके जीवन और समाज को बदलने में अहम भूमिका निभाती हैं सत्यप्रिय की यह पुस्तक समाज के लिए उपयोगी होगी ऐसा मेरा विश्वास है, मैं इन्हे हार्दिक शुभकामनाएं प्रेषित करता हूं। विमोचन में शामिल अतिथियों ने संग्रह के सुंदर शीर्षक और बहुमुखी प्रतिभा के धनी कवि सत्यप्रिय के लेखन की सराहना की। ज्ञात हो कि प्रो अनिल सिंह की अब तक 12 पुस्तकें प्रकाशित हो चुकी हैं जिनमें अंग्रेजी और हिंदी के नव कविता संग्रह शामिल हैं। विगत दिनों भोपाल में आयोजित मध्य प्रदेश हिंदी साहित्य सम्मेलन के गरिमामय समारोह में इन्हें कविता में उल्लेखनीय योगदान के लिए प्रथम मणिदीप सृजन पुरस्कार से भी नवाजा गया है। इस सम्मान से सीधी जिले का नाम साहित्य के क्षेत्र में प्रदेश में ऊंचा हुआ है। साहित्य को लिखने के साथ साथ प्रो. अनिल सिंह इसे जीते भी है। नामवर सिंह के द्वारा कहा गया कथन मरेंगे हम किताबों पर, वरक होगा कफ़न अपना को बखूबी डॉक्टर अनिल सिंह कर सुदृढ़ कर रहे हैं। अपने विद्यार्थियों को सदा पुस्तक से जुड़े रहने के लिए प्रेरणा देते हैं। पढ़ाई में ही सारी समस्याओं का हल है इस बात पर जोर देते हैं, बच्चो को ज्यादा से ज्यादा पढ़ने के लिए प्रेरित करते है। उनके द्वारा पढ़ाए गए छात्र.छात्राएं विभिन्न संस्थानों में पदस्थ हैं और अपनी सेवाएं इन्ही के दिखाए हुए मार्ग, सत्य और निष्ठा से दे रहे है।

बधाई देने वालो में प्रोफेसर संतोष सिंह चौहान, प्रो. रावेंद्र बहादुर सिंह, प्रो. प्रभाकर सिंह, सोमेश्वर सिंह सोम, डॉ. शिव शंकर मिश्र सरस, अशोक तिवारी अकेला, प्रो.गुलशेर अहमद, प्रो. अश्वनी द्विवेदी, डॉ कमलापति गौतम कमल, रामराज यादव आदि ने बधाई देते हुए शुभकामनाएं प्रेषित किया।

# वृंदावन: 10 श्रद्धालुओं की फूड पॉइजनिंग से बिगड़ी तबियत





मथुरा(नीरज चतुर्वेदी)। पश्चिम बंगाल के श्रद्धालुओं के एक दल के दस सदस्यों की तबियत फूड पॉइजनिंग के कारण बिगड़ गई। मंगलवार को उन सभी श्रद्धालुओं को संयुक्त जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उपचार के बाद सभी मरीजों को स्थिति स्थिर बनी हुई है। पश्चिम बंगाल के मेदिनीपुर से श्रद्धालुओं का एक समूह सोमवार दोपहर धार्मिक यात्रा पर वृन्दावन पहुंचा था। ये सभी लोग वृन्दावन

बस स्टैण्ड के समीप स्थित रमन वाटिका में रूके हुये थे। खाना खाने के बाद देर रात कई लोगों को उल्टी दस्त की शिकायत होने लगी। हालत ज्यादा बिगड़ने पर आज सुबह इन्हें सौ शैय्या अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती करवाया गया। संयुक्त चिकित्सालय में भर्ती कराये गये श्रद्धालुओं में दुखी राम, विजया, लता बाला, मोहन मांझी, लक्ष्मी धर, पुष्पा बीना, सुरजीत, कृष्णापद हाली, सौकत पात्र, अंजालिका शामिल हैं। डॉक्टरों की टीम इनका उपचार कर रही है। चिकित्सकों के अनुसार इलाज के बाद सभी मरीजों की हालत स्थिर बनी हुयी है। पूरे मामले पर स्वास्थ्य विभाग नजर बनाये हुये है।

### फूड प्वॉइजनिंग का शिकार हुये

पश्चिम बंगाल से आये श्रद्धालुओं के दल में से कुछ ने तो कल अपने रसोईये द्वारा बनाया गया खाना खाया वहीं कुछ श्रद्धालु बाहर से भंडारे का प्रसाद खाकर आये थे। अचानक उल्टी और दस्त शुरू हो गए। तभी उनको उपचार के लिए नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया।

### स्वास्थ्य विभाग की टीम पहुंची

श्रद्धालुओं के फूड प्वाइजनिंग का शिकार होने की खबर मिलने के बाद मौके पर स्वास्थ्य विभाग की टीम भी पहुंच गयी। स्वास्थ्य विभाग के डॉ. भूदेव ने बताया कि कुछ श्रद्धालुओं के बीमार होने की सूचना मिली थी। फिलहाल मामले की जांच की जा रही है और सभी बीमार श्रद्धालुओं को वृंदावन अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

# जिला स्तरीय सलाहकार समिति की बैठक सम्पन्न

## प्राथमिकता सेक्टर को प्राथमिकता से ऋण उपलब्ध कराएं - कलेक्टर

सीधी। कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी की अध्यक्षता में डीएलसीसी की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में कलेक्टर द्वारा स्वरोजगार योजनाओं के लक्ष्यों की विभागवार विस्तृत समीक्षा की गई। साथ ही जिले के सीडी रेशियो की भी समीक्षा की गई।

कलेक्टर श्री सोमवंशी द्वारा जिले के सीडी रेशियो में अपेक्षित प्रगति नहीं होने पर अप्रसन्नता व्यक्त करते हुए इसमें वृद्धि के लिए प्रयास करने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने कहा कि जिले के विकास में बैंकों की भी महत्वपूर्ण भूमिका है। बैंक जिले में जितनी अधिक आर्थिक गतिविधियों को प्रोत्साहित करते हैं उतनी ही तेजी से आर्थिक क्षेत्र में विकास होता है। कलेक्टर ने कहा कि सीधी जिले के परिवेश को दृष्टिगत रखते हुए प्राथमिकता सेक्टर को प्राथमिकता पर ऋण उपलब्ध कराएं।

कलेक्टर ने सभी संबंधित विभागों तथा बैंकर्स को आपसी समन्वय स्थापित कर स्वरोजगार योजनाओं के शत-प्रतिशत लक्ष्य प्राप्ति के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने कहा कि ऐसे सभी प्रकरण जो स्वीकृत हैं उन्हे प्राथमिकता पर ऋण का वितरण किया जाना सुनिश्चित करायें। कलेक्टर ने कहा कि स्वरोजगार योजनाओं का लाभ प्राप्त करने में हितग्राहियों को किसी भी प्रकार की कठिनाई या भटकाव नहीं होना चाहिए।

# दिव्यांग उपकरण एवं ई-स्कूटर वाहन क्रय करने पर मिलेगा अनुदान

सीधी । श्रम पदाधिकारी ने जानकारी देकर बताया है कि सहायक सचिव मध्यप्रदेश भवन एवं अन्य संन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल भोपाल के पत्र दिनांक 19.06.2024 द्वारा प्रदेश के पंजीकृत निर्माण श्रमिकों के लिए दो नवीन योजनाऐं लागू की गई हैं। उन्होंने बताया कि भवन एवं अन्य सन्निर्माण दिव्यांग सहायता योजना 2024 में पंजीकृत हिताधिकारी निर्माण श्रमिक एवं उनके पंजीयन कार्ड में सम्मिलित आश्रित परिवार के सदस्य को मोटर चलित तिपहिया साईकल एवं अन्य सभी दिव्यांग उपकरण क्रय करने पर 100 प्रतिशत राशि (अधिकतम 35 हजार रूपये) मण्डल द्वारा अनुदान के रूप में प्रदाय की जायेगी। इसी प्रकार भवन एवं अन्य सन्निर्माण ई-स्कूटर हेतु अनुदान योजना 2024 में पंजीकृत हिताधिकारी निर्माण श्रमिक ई-स्कूटर वाहन क्रय किए गये वाहन का 50 प्रतिशत राशि (अधिकतम 40 हजार रूपये) मण्डल द्वारा अनुदान के रूप में प्रदाय की जायेगी।

उपरोक्त योजनाएं पंजीकृत निर्माण श्रमिकों के लिए लागू की गई है। योजना का राजपत्र में प्रकाशन राज्य शासन द्वारा दिनांक 14 जून 2024 को प्रकाशित राजपत्र में हो चुका है, तथा उक्त योजनाएं पूरे मध्यप्रदेश राज्य में राजपत्र प्रकाशन दिनांक से लागू की जा चुकी है।

उन्होंने पात्र हितग्राहियों से अपील की है कि योजना से संबंधित अधिक जानकारी के लिए अपने-अपने निकाय कार्यालय अथवा जिला श्रम कार्यालय से सम्पर्क कर प्राप्त किया जा सकेगा।

## जनसुनवाई में कलेक्टर ने सुनी 276 आवेदकों की समस्याएं निराकरण के दिए निर्देश

सीधी । जनसुनवाई में कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी द्वारा जिले के विभिन्न अंचलों से आए 276 आवेदकों की समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुनते हुए संबंधित अधिकारियों से संपर्क कर शिकायत की वस्तुस्थिति की जानकारी प्राप्त की गई तथा उसके निराकरण के लिए निर्देश दिए गए। अनिराकृत आवेदनों के लिये समय-सीमा निर्धारित कर अधिकारियों को समय-सीमा में निराकरण करने के निर्देश दिए गए हैं। जनसुनवाई में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत राहुल धोटे, अपर कलेक्टर राजेश शाही, उपखण्ड अधिकारी गोपद बनास नीलेश शर्मा सहित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे। आज आयोजित जनसुनवाई में समस्त उपखण्ड अधिकारी, तहसीलदार और मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत भी वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से जिला स्तरीय जनसुनवाई से जुड़े रहे।

# पुलिस ने 45 हजार रूपए का गांजा एवं 56 लीटर मदिरा की जप्त



सीधी।

पुलिस अधीक्षक डॉ. रविंद्र वर्मा के निर्देशन में तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अरविन्द श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में प्रदेश स्तर पर चल रहे नशामुक्ति अभियान के तहत जिले भर में जनजागरूकता कार्यक्रम के साथ साथ जिले भर में चले इस अभियान में संबंधित अनुभाग के अनुविभागीय अधिकारी पुलिस के नेतृत्व में नशामुक्ति अभियान के दौरान अवैध मादक प्रदार्थो के परिवहन भण्डारण एवं विक्रय करने वालो एवं सार्वजनिक स्थलो पर इसके सेवन करने वालो के विरूद्ध कार्यवाही की जा रही है। इसी कड़ी में एनडीपीएस एक्ट के अन्तर्गत 4 अलग.अलग मामलो में कार्यवाही करते हुये 26200 हजार रूपए कीमती 2.620 किग्रा गांजा एवं 18285 रूण् कीमती 56 लीटर अंग्रेजी देशी प्लेन शराब कुल कीमती 44,485 रूपए जप्त कर तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है।

पुलिस से मिली जानकारी के आधार पर थाना प्रभारी चुरहट द्वारा एक प्रकरण में 7500 रूपए कीमत का 750 ग्राम, थाना प्रभारी अमिलिया द्वारा 5250 रूपए कीमती 525 ग्राम, थाना प्रभारी मझौली द्वारा 6250 रू. कीमती 625 ग्राम एवं थाना प्रभारी जमोड़ी द्वारा 7200 रूपए कीमती 720 ग्राम कुल 2.620 किलोग्राम गांजा कीमती 26200 रूपए जप्त कर एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/20 बी का अपराध कायम किया जाकर विवेचना मे लिया गया। वहीं चौकी प्रभारी खड्डी उनि गंगा सिंह मार्को द्वारा मुखविर सूचना के आधार पर कार्यवाही करते हुये ग्राम बडेसर में आरोपी शिवानंद पाण्डेय उर्फ पप्पू पाण्डेय पिता अवधेश प्रसाद पाण्डेय निवासी चौगन्हा थाना रामपुर नैकिन जिला सीधी से 56 लीटर देशी प्लेन मदिरा कीमती 18285 रूपए जप्त कर आबकारी एक्ट की धारा 34/2 के तहत अपराध कायम कर विवेचना में लिया गया है।

### नशेड़ियो का होगा उपचार, हेल्पलाईन नंबर जारी –

रविन्द्र वर्मा पुलिस अधीक्षक ने बताया कि नशा व्यक्ति के शारिरिक और मानसिक पतन का एक मुख्य कारण है। नशे के कारोबार को ध्वस्त व खत्म करने के लिए और जो नशे का आदी हैं, उसके उपचार में भी अभियान के तहत कार्य होंगे। किसी व्यक्ति के परिवार में या रिस्तेदारी में अगर नशे के आदी व्यक्ति है या फिर आपके आस पास कोई नशीली सामग्री बेचता है तो पुलिस द्वारा जारी हेल्पलाईन नंबर पर सूचित कर सकते है।

# रीती पाठक ने कन्या महाविद्यालय को दी एक करोड़ के आडिटोरियम की सौगात, किया भूमिपूजन

## बहनों की प्रतिभा का होगा विकास .. रीती पाठक

सीधी ।

जब मैं लोकसभा की सांसद थी तब से लेकर अब तक कन्या महाविद्यालय की छात्राएं एवं कई सामाजिक संगठनों द्वारा सुंदर, भव्य और सर्व सुविधायुक्त ऑडिटोरियम की मांग की जा रही थी। आज वह मांग एक करोड़ सैतिस लाख से अधिक की लागत से बनने जा रहे ऑडिटोरियम से पूर्ण हो रही है। आज इसका भूमि पूजन करते हुए मुझे सीधी विधानसभा का विकसित मानचित्र दिखाई दे रहा है। उक्त आशय के विचार सीधी विधायक और लोकसभा की पूर्व सांसद श्रीमती रीती पाठक ने शासकीय कन्या महाविद्यालय परिसर में बनने बाली ऑडिटोरियम के भूमि पूजन समारोह में कहीं। जिसका उपस्थित जन समुदाय ने जोरदार तालियां बजाकर अभिनंदन किया। विधायक श्रीमती रीती पाठक ने कहा कि यह ऑडिटोरियम हमारे बच्चों के सर्वांगीण विकास में सहभागी होगा और उनके व्यक्तित्व में निखार लाएगा। ऑडिटोरियम निर्माण कार्य में लगे कर्मचारियो से विधायक श्रीमती पाठक ने कहा कि ईमानदारी से भव्य सुंदर और सर्वश्रेष्ठ सुविधा युक्त ऑडिटोरियम का निर्माण करें। साथ ही इस महाविद्यालय के प्राचार्य, निर्माण कार्य की एजेंसी पी डब्लू डी, विद्यालय में अध्ययन छात्र.छात्राएं इसकी गुणवत्ता की भी निगरानी करते रहें। जिससे आपके सपनों को पंख लग सके।

### रेलवे परियोजना का भी कार्य होगा जल्द पूर्ण

सीधी विधायक श्रीमती रीती पाठक ने अभी हाल ही संपन्न हुए लोकसभा चुनाव की सभी को बधाई देते हुए कहा कि रेलवे परियोजना का भी कार्य होगा जल्द ही पूर्ण होगा। सीधी विधायक



श्रीमती रीती पाठक ने कहा कि जब मैं सांसद थी तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का हमेशा आशीर्वाद प्रदान होता रहा। जिसके कारण सीधी में मेडिकल कॉलेज, रेल, इंजीनियरिंग कॉलेज और सड़क मार्ग को पर्याप्त पूंजी प्राप्त हुई और मैं उम्मीद करती हूं कि जल्द ही रेल परियोजना का काम पूर्ण होगा और सीधी वासियो को भी रेल यात्रा का आनंद सीधी से ही प्राप्त हो सकेगा।

### विधायक के प्रयासों से हो रहा समग्र विकास.. धर्मेंद्र सिंह

सीधी जनपद पंचायत के अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह परिहार ने कहा कि सीधी विधायक श्रीमती रीती पाठक के प्रयासों से विधानसभा का आज चौमुखी विकास हो रहा है। विकास की इसी कड़ी में आज इस ऑडिटोरियम का भूमि पूजन जो लगभग 1 वर्ष के अंदर पूरा हो जाएगा। विधायक श्रीमती पाठक ने विकास का एक खाका तैयार करते हुए, एक रोड मैप बनाते हुए जनता जनार्दन के विकास के लिए संकल्पित हैं। हम सभी विकास के इस पथ पर अग्रसर सीधी विधायक श्रीमती पाठक के साथ खड़े हैं। इस अवसर पर प्रमुख रूप से भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता, प्रशासनिक अधिकारी, महाविद्यालय के प्राचार्य एवं अध्यापक के साथ.साथ बड़ी संख्या में महाविद्यालय के छात्र.छात्राएं उपस्थित रहे।

# पुलिस ने नशे के विरुद्ध जिले में चलाया जन जागरूकता अभियान, किया जागरूक

### सीधी को नशा मुक्त बनाने में आपका सहयोग अपेक्षित, दें जानकारी - पुलिस अधीक्षक






सीधी।

अंतर्राष्ट्रीय नशा मुक्ति दिवस आज है, जिसके लिए पुलिस अधीक्षक डॉ. रविन्द्र वर्मा के निर्देशन में जिले के समस्त थाना चौकी प्रभारियों के नेतृत्व में जिले भर में नुक्कड़ नाटक, चौपाल, बैनर पोस्टर लगाकर स्कूल कॉलेज मे जाकर लोगों को नशे के विरुद्ध जागरूक किया जा रहा है। जिस तारतम्य में मंगलवार को जिले में विभिन्न जगह नशामुक्ति के संबंध में कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

मिली जानकारी के आधार पर थाना प्रभारी चुरहट पुष्पेंद्र मिश्रा के नेतृत्व में चुरहट पुलिस द्वारा थाना अंतर्गत महाविद्यालय में नशामुक्ति के सम्बन्ध में जन जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया जिसमे उनि देवेंद्र पाण्डेय सहित महाविद्यालयीन छात्र छात्राये एवं शिक्षक उपस्थित रहे। थाना प्रभारी बहरी रीता त्रिपाठी के नेतृत्व में बहरी पुलिस द्वारा थाना अंतर्गत बहरी उच्चतर विद्यालय में उपस्थित छात्र छात्राओं एवं शिक्षको को एवं बहरी बाजार में चौपाल लगाकर नशामुक्ति के बारे मे जागरूक किया गया। थाना प्रभारी रामपुर नैकिन सुधाशु तिवारी के नेतृत्व में रामपुर नैकिन पुलिस द्वारा थाना अंतर्गत पीपल तिराहा में चौपाल लगाकर नशामुक्ति के बारे मे जागरूक किया जाकर उपस्थित लोगो को नशे से दूर रहने की सपथ दिलाई गई। थाना प्रभारी भुईमाड़ तेजभान सिंह के नेतृत्व में भुईमाड़ पुलिस द्वारा थाना अंतर्गत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में उपस्थित छात्र छात्राओं एवं शिक्षको को नशामुक्ति के बारे मे जागरूक किया गया। थाना प्रभारी जमोड़ी उनि विशाल शर्मा के नेतृत्व में जमोड़ी पुलिस द्वारा थाना अंतर्गत बस स्टैण्ड स्थित अबोध स्कूल में उपस्थित छात्र छात्राओं एवं शिक्षको को नशामुक्ति के बारे मे जागरूक किया गया। थाना प्रभारी कुसमी उनि भूपेश बैस के नेतृत्व में कुसमी पुलिस द्वारा थाना अंतर्गत सीएम राईज स्कूल कुसमी में उपस्थित छात्र छात्राओं एवं शिक्षको को नशामुक्ति के बारे मे जागरूक किया जाकर नशे से दूर रहने की सपथ दिलाई गई। उप निरीक्षक गंगा सिंह मार्को के नेतृत्व में हायर सेकेण्डरी स्कूल खड्डी में उपस्थित छात्र छात्राओं एवं शिक्षको को नशामुक्ति के बारे मे जागरूक किया गया। उप निरीक्षक प्रीति वर्मा के नेतृत्व में चौकी पथरौला थाना मझौली पुलिस द्वारा पूर्व माध्यमिक विद्यालय में उपस्थित छात्र छात्राओं एवं शिक्षको को नशामुक्ति के बारे मे जागरूक किया गया। उप निरीक्षक विवेक द्विवेदी के नेतृत्व में चौकी पिपराव थाना रामपुर नैकिन पुलिस द्वारा अल्ट्राटेक स्कूल पिपरांव में उपस्थित छात्र छात्राओं एवं शिक्षको को नशामुक्ति के बारे मे जागरूक किया गया। उप निरीक्षक डीडी. सिंह के नेतृत्व में यातायात थाना पुलिस द्वारा शहर के विभिन्न चौराहो मे नशामुक्ति एवं यातायात नियमो के बारे मे बैनर पोस्टर के माध्यम से जागरूक किया गया।

कार्यक्रम में शामिल हुये छात्र छात्राओं एवं उपस्थित जन समुदाय को संबोधित करते हुए नशे के कारण होने वाले नुकसान के बारे मे बताया गया। गौरतलब है कि नशीले पदार्थों का समाज में तेजी से चलन बढ़ रहा है। जिसकी चपेट में नवयुवक आ रहे हैं। युवाओं में विशेष कर स्कूल कॉलेज के छात्र.छात्राओं में नशे की प्रवृत्ति तेजी से बढ़ रही है। नशा एक ऐसा पदार्थ है जिसके प्रयोग से मानव शरीर खोखला हो जाता है। शरीर की ताकत नशे की भेंट चढ़ जाने के कारण कैंसर, जिगर का खराब होना, फेफडों, दिल की बीमारी, शरीर का कमजोर होना, याददाश्त कमजोर होना, एड्स, मानसिक रोग आदि की बीमारी शरीर में घर कर सकती है। नशे की आदत एक बीमारी है। ज्यादातर सामाजिक, मानसिक तथा आर्थिक रूप से कमजोर लोक ही इसका शिकार होते हैं। इस लिए उनसे सहानुभूतिपूर्ण रवैया अपनाना चाहिए। नशे में फंसे व्यक्ति का मनोबल बढ़ाना चाहिए तथा इलाज के लिए प्रेरित करना चाहिए। साथ ही यह प्रवृत्ति इनको अपराध घटित करने के लिए भी प्रेरित करती है। आने वाले पीढ़ी को नशे से दूर कर एक सुनहरा भारत बनाने के लिए सीधी पुलिस ने यह पहल की है।

### पुलिस अधीक्षक की आमजनो से अपील

डॉ.रविन्द्र वर्मा पुलिस अधीक्षक जिला सीधी ने आमजनो से अपील की है कि आप अपने आस.पास के लोगो को नशे से होने वाले नुकसान के बारे बताये एवं नशीले पदार्थ बेचने वाले लोगो की जानकारी पुलिस को दे जिससे सीधी जिले को नशामुक्त जिला बनाया जा सके।

# महाविद्यालय भूमि पर लगातार बढ़ रहा अतिक्रमण, छात्रों ने विधायक को सौंपा ज्ञापन

सीधी

संजय गांधी महाविद्यालय एवं कन्या महाविद्यालय के मुख्य द्वार के सामने रखें अतिक्रमण को मुक्त कराने को लेकर मंगलवार को छात्र नेता शिवम शुक्ला ने विधायक सीधी को ज्ञापन सौंपकर बताया कि आए दिन असमाजिक तत्वों द्वारा गोमती ठेलो में बैठकर छात्र छात्राओं को अभद्र टिप्पणी करते हैं। जिससे आए दिन भय का वातावरण बना रहता है। कन्या महाविद्यालय में गर्ल्स एन सी सी एम, अंग्रेजी एमएससी वनस्पति विज्ञान एमएससी गणित एम, होम साइंस विषयो की पीजी खोलने नया भवन की कमी बनी हुई है। जिसको लेकर छात्रों ने विधायक को ज्ञापन सौंपकर जल्द कार्यवाही करने की मांग की है। जिसको विधायक ने गंभीरता से लेते हुए जल्द कार्यवाही का आश्वासन दिया है। इस अवसर पर खुशी सिंह आरती तिवारी प्रतिमा कोरी कल्पना सिंह रचना कोरी सुमन सिंह आरती कोरी



कौसिल्या सिंह निखिल अदिति राव श्यामा दुबे प्रतिमा सिंह पूजा तिवारी सुमन पटेल सहित कई छात्राओं उपस्थित रहे।

### प्रतिबंधित थाई मांगुर मछली जब्त कर विनिष्टीकरण की कार्यवाही की गई

सीधी। कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी ने निर्देशन में मत्स्य विभाग की टीम द्वारा सेमरिया-झगरहा बाजार में प्रतिबंधित थाई मांगुर मछली विक्रय करते पाये जाने पर 2 मत्स्य विक्रेताओं से क्रमशः 10 किलो एवं 15 किलोग्राम कुल 25 किलोग्राम प्रतिबंधित थाई मांगुर मछली जब्त कर विनिष्टीकरण की कार्यवाही शासकीय मत्स्य बीज प्रक्षेत्र गोरियरा में की गयी तथा विक्रेताओं को मांगुर मछली का पालन एवं विक्रय प्रतिबंधित होने की जानकारी देते हुए सख्त हिदायत दी गयी की भविष्य में ऐसा करते पाए जाने पर कठोर दंडात्मक कार्यवाही की जावेगी। टीम में सहायक संचालक मत्स्योद्योग दीपक शुक्ला के साथ मयंक मिश्र मत्स्य निरीक्षक, दीप नारायण तिवारी तथा श्यामलाल केवट मत्स्य जमादार शामिल रहे।

# सात पटवारियों की वेतन वृद्धि रोंकने एवं हल्के में उपस्थित रहने के कलेक्टर ने दिए निर्देश

सीधी

कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी द्वारा तहसील गोपद बनास के राजस्व विभाग के कार्यों की पटवारी हल्कावार विस्तृत समीक्षा की गयी। सात पटवारियों के कार्यों में प्रगति संतोषजनक नहीं जाये जाने पर नोटिस जारी कर एक वेतन वृद्धि असंचयी प्रभाव से रोकने के निर्देश दिए गए हैं। कलेक्टर ने कहा कि विभागीय कार्यों में किसी भी प्रकार की उदासीनता या लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। आगामी माह में कार्य में अपेक्षित प्रगति नहीं होने पर कठोर अनुशासनात्मक कार्यवाही की जावेगी।

कलेक्टर ने निर्देशित किया है कि सभी पटवारी हल्के में निर्धारित दिवसों पर उपस्थित रहेंगे। इसकी जानकारी ग्रामवासियों को भी होनी चाहिए। राजस्व विभाग के मूल कार्यों के लिए किसी भी व्यक्ति को अनावश्यक भटकना नहीं पड़े। कलेक्टर ने सीमांकन, नामांतरण, बंटवारा के सभी मामलों में रिपोर्ट निर्धारित समय-सीमा में प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही सीएम हेल्पलाइन में दर्ज शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण निराकरण की जिम्मेदारी संबंधित पटवारी की होगी। कलेक्टर ने अभियान चलाकर आगामी एक माह में सभी प्रकार की पेंडेंसी समाप्त करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने कहा कि समस्त राजस्व निरीक्षक पटवारियों के कार्यों का मूल्यांकन करेंगे तथा उन्हें आवश्यक सहयोग भी प्रदान करेंगे। कलेक्टर ने राजस्व वसूली के लिए अभियान चलाने के निर्देश दिए हैं।

समीक्षा उपरान्त पटवारी अविनाश पण्डोरिया, प्रवीण शुक्ला, ऋषभ नापित, उर्मिला पटेल, विद्यावती कुशवाहा, अलोक द्विवेदी, एवं अतुल शर्मा की एक वेतन वृद्धि असंचयी प्रभाव से रोकने हेतु नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए हैं।

बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत राहुल धोटे, अपर कलेक्टर राजेश शाही, उपखण्ड अधिकारी गोपद बनास नीलेश शर्मा, तहसीलदार जान्हवी शुक्ला, नायब तहसीलदार निवेदिता त्रिपाठी, साक्षी गौतम, अधीक्षक भू-अभिलेख रवि श्रीवास्तव सहित समस्त राजस्व निरीक्षक एवं पटवारी उपस्थित रहें।



# स्वामी विवेकानंद जी ने कहा कि अतीत को पढ़ो, फिर वर्तमान को गढ़ो, तब आगे बढ़ो- जयभान सिंह पवैया

### अतीत के गौरवमयी पन्ने हमें जीने की ताकत देते हैं*

दैनिक कैसेरिया हिंदुस्तान-

ग्वालियर -/-स्वामी विवेकानंद जी ने कहा कि अतीत को पढ़ो, फिर वर्तमान को गढ़ो, तब आगे बढ़ो, अतीत पढ़ना इसलिए जरूरी है, क्योंकि अतीत के गौरवमयी पन्ने हमें जीने की ताकत देते हैं, हमें प्रेरणा मिलती है। अतीत इसलिए पढ़ना जरूरी है क्योंकि कुछ काले पन्ने हमारे अतीत के इतिहास में भी होते हैं, कुछ काले अध्याय भी होते है, जिन अध्यायों को पढ़ने के बिना हमें सबक नहीं मिलता है। इसलिए 1975 की इस घटना से हम सबक लें, और हमारे प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने आज बोला- अगर सबक लेकर हम जागते रहे हिंदुस्तान के लोग तो इस धरती पर कोई मायका लाला ऐसा पैदा न हो जो कि 25 जून को दफनाने की जरूरत कर सकें। उक्त बात मंगलवार को पूर्व मंत्री एवं महाराष्ट्र के सहप्रभारी श्री जयभान सिंह पवैया ने बाल भवन में आयोजित आपातकाल कालादिवस पर परिचर्चा में कही।

श्री पवैया ने कहा कि हाल ही में संपन्न हुए लोकसभा चुनावों के दौरान कांग्रेस ने लोगों में संविधान को बदलने का भ्रम फैलाया जबकि उसी कांग्रेस ने कई बार संविधान में संशोधन किए। इस बात को सभी से छुपाया जाता है और हर बार कांग्रेस कोई न कोई झूठा बहाना लेकर भाजपा को घेरने का असफल प्रयास करती है। उन्होंने कहा कि इसी कारण आज लोगों ने कांग्रेस को नकार दिया है और फिर से एक बार मोदी पर अपना भरोसा जताया है।

उन्होंने कहा कि यह दिन भारत के इतिहास में लोकतंत्र की हत्या का दिन गिना जाता है। कांग्रेस सरकार ने 25 जून की रात को केवल अपनी कुर्सी बचाने के लिए तत्कालीन प्रधानमंत्री स्व. इंदिरा गांधी ने देश में इमरजेंसी लगा दी और संविधान का गला घोट दिया। आपातकालीन लगाने के बाद राजनीतिक नेताओं, पत्रकारों और अन्य को जेल में डाल दिया। इस आपातकाल के दौरान जनता के सभी मौलिक अधिकारों को स्थगित कर दिया गया था। सरकार विरोधी भाषणों और किसी भी प्रकार के प्रदर्शन पर पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया गया। समाचार पत्रों को विशेष आचार सहिता का पालन करने के लिए विवश किया गया और सरकारी सेंसर से गुजरना पड़ता था। घोषणा के साथ ही विरोधी दल के नेताओं को गिरफ्तार करवाकर अज्ञात स्थानों पर रखा गया, सरकार ने मीसा के तहत कदम उठाया। यह ऐसा कानून था जिसके तहत गिरफ्तार व्यक्ति को कोर्ट में पेश करने और जमानत मांगने का भी अधिकार नहीं था। विपक्षी दलों के बड़े नेता मोरारजी देसाई, अटल बिहारी बाजपेयी, लालकृष्ण आडवाणी, जार्ज फर्नांडिस, जयप्रकाश नारायण सभी को जेल भेज दिया गया। आपातकाल लागू करने के लगभग दो साल बाद विरोध की लहर तेज होती देख इंदिरा गांधी ने लोकसभा भंग कर 1977 में चुनाव करने की सिफारिश की।

इस अवसर पर जिलाध्यक्ष श्री अभय चौधरी ने कहा कि 25 जून 1975 लोकतंत्र का काला दिवस है जिसे कभी भूला नहीं जा सकता है, क्योंकि इसमें




आम आदमी की आवाज को दबा दिया गया था। उन्होंने कहा कि अहंकार में डूबी निरंकुश कांग्रेस सरकार ने एक ही परिवार को सत्ता सुख देने के लिए 21 महीनों तक देश में नागरिक अधिकार निलंबित कर दिए थे। मीडिया पर सेंसरशिप लगा दी थी, संविधान में बदलाव कर न्यायालय तक के हाथ बांध दिए थे। उन्होंने कहा कि आपातकाल के खिलाफ संसद से सड़क तक आंदोलन करने वाले असंख्य सत्याग्रहियों, समाजसेवियों, श्रमिकों, किसानों, युवाओं व महिलाओं के संघर्ष को आज नमन करने का दिन है। कांग्रेस ने कभी भी लोकतंत्र का सम्मान नहीं किया।

इस अवसर पर पूर्व अतिरिक्त महाधिवक्ता एड. एमपीएस रघुवंशी ने भी परिचर्चा को संबोधित किया।

इस अवसर पर मंच पर प्रदेश कार्यसमिति सदस्य एवं कार्यक्रम प्रभारी श्री विवेक जोशी, सभापति श्री मनोज तोमर, महामंत्री श्री विनोद शर्मा, विधि प्रकोष्ठ के सयोंजक श्री धर्मेन्द्र नायक मौजूद रहे।

कार्यक्रम का संचालन महामंत्री श्री विनय जैन ने एवं आभार महामंत्री राजू पलैया ने किया!

इस*स्वामी विवेकानंद जी ने कहा कि अतीत को पढ़ो, फिर वर्तमान को गढ़ो, तब आगे बढ़ो- श्री जयभान सिंह पवैया*

### *अतीत के गौरवमयी पन्ने हमें जीने की ताकत देते हैं*

ग्वालियर 25/06/2024। स्वामी विवेकानंद जी ने कहा कि अतीत को पढ़ो, फिर वर्तमान को गढ़ो, तब आगे बढ़ो, अतीत पढ़ना इसलिए जरूरी है, क्योंकि अतीत के गौरवमयी पन्ने हमें जीने की ताकत देते हैं, हमें प्रेरणा मिलती है। अतीत इसलिए पढ़ना जरूरी है क्योंकि कुछ काले पन्ने हमारे अतीत के इतिहास में भी होते हैं, कुछ काले अध्याय भी होते है, जिन अध्यायों को पढ़ने के बिना हमें सबक नहीं मिलता है। इसलिए 1975 की इस घटना से हम सबक लें, और हमारे प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने आज बोला- अगर सबक लेकर हम जागते रहे हिंदुस्तान के लोग तो इस धरती पर कोई मायका लाला ऐसा पैदा न हो जो कि 25 जून को दफनाने की जरूरत कर सकें। उक्त बात मंगलवार को पूर्व मंत्री एवं महाराष्ट्र के सहप्रभारी श्री जयभान सिंह पवैया ने बाल भवन में आयोजित आपातकाल कालादिवस पर परिचर्चा में कही।

श्री पवैया ने कहा कि हाल ही में संपन्न हुए लोकसभा चुनावों के दौरान कांग्रेस ने लोगों में संविधान को बदलने का भ्रम फैलाया जबकि उसी कांग्रेस ने कई बार संविधान में संशोधन किए। इस बात को सभी से छुपाया जाता है और हर बार कांग्रेस कोई न कोई झूठा बहाना लेकर भाजपा को घेरने का असफल प्रयास करती है। उन्होंने कहा कि इसी कारण आज लोगों ने कांग्रेस को नकार दिया है और फिर से एक बार मोदी पर अपना भरोसा जताया है।

उन्होंने कहा कि यह दिन भारत के इतिहास में लोकतंत्र की हत्या का दिन गिना जाता है। कांग्रेस सरकार ने 25 जून की रात को केवल अपनी कुर्सी बचाने के लिए तत्कालीन प्रधानमंत्री स्व. इंदिरा गांधी ने देश में इमरजेंसी लगा दी और संविधान का गला घोट दिया। आपातकालीन लगाने के बाद राजनीतिक नेताओं, पत्रकारों और अन्य को जेल में डाल दिया। इस आपातकाल के दौरान जनता के सभी मौलिक अधिकारों को स्थगित कर दिया गया था। सरकार विरोधी भाषणों और किसी भी प्रकार के प्रदर्शन पर पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया गया। समाचार पत्रों को विशेष आचार सहिता का पालन करने के लिए विवश किया गया और सरकारी सेंसर से गुजरना पड़ता था। घोषणा के साथ ही विरोधी दल के नेताओं को गिरफ्तार करवाकर अज्ञात स्थानों पर रखा गया, सरकार ने मीसा के तहत कदम उठाया। यह ऐसा कानून था जिसके तहत गिरफ्तार व्यक्ति को कोर्ट में पेश करने और जमानत मांगने का भी अधिकार नहीं था। विपक्षी दलों के बड़े नेता मोरारजी देसाई, अटल बिहारी बाजपेयी, लालकृष्ण आडवाणी, जार्ज फर्नांडिस, जयप्रकाश नारायण सभी को जेल भेज दिया गया। आपातकाल लागू करने के लगभग दो साल बाद विरोध की लहर तेज होती देख इंदिरा गांधी ने लोकसभा भंग कर 1977 में चुनाव करने की सिफारिश की।

इस अवसर पर जिलाध्यक्ष अभय चौधरी ने कहा कि 25 जून 1975 लोकतंत्र का काला दिवस है जिसे कभी भूला नहीं जा सकता है, क्योंकि इसमें आम आदमी की आवाज को दबा दिया गया था। उन्होंने कहा कि अहंकार में डूबी निरंकुश कांग्रेस सरकार ने एक ही परिवार को सत्ता सुख देने के लिए 21 महीनों तक देश में नागरिक अधिकार निलंबित कर दिए थे। मीडिया पर सेंसरशिप लगा दी थी, संविधान में बदलाव कर न्यायालय तक के हाथ बांध दिए थे। उन्होंने कहा कि आपातकाल के खिलाफ संसद से सड़क तक आंदोलन करने वाले असंख्य सत्याग्रहियों, समाजसेवियों, श्रमिकों, किसानों, युवाओं व महिलाओं के संघर्ष को आज नमन करने का दिन है। कांग्रेस ने कभी भी लोकतंत्र का सम्मान नहीं किया।

इस अवसर पर पूर्व अतिरिक्त महाधिवक्ता एड. एमपीएस रघुवंशी ने भी परिचर्चा को संबोधित किया।

इस अवसर पर मंच पर प्रदेश कार्यसमिति सदस्य एवं कार्यक्रम प्रभारी विवेक जोशी, सभापति श्री मनोज तोमर, महामंत्री विनोद शर्मा, विधि प्रकोष्ठ के सयोंजक धर्मेन्द्र नायक मौजूद रहे।

कार्यक्रम का संचालन महामंत्री श्री विनय जैन ने एवं आभार महामंत्री राजू पलैया ने किया!

# फैमिली प्लैनिंग एसोसिएशन ऑफ़ इंडिया के द्वारा चलाया गया पल्स पोलियो अभियान



ग्वालियर-- फैमिली प्लानिंग एसोसिएशन ऑफ इण्डिया एक उत्कृष्ट संस्था है। सेवाओं का लाभ उठाए -डॉ आर.के.राजोरिया!

शासन द्वारा संचालित पल्स पोलियो कार्यक्रम के तहत मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थय अधिकारी डॉ आर.के.राजोरिया द्वारा फैमिली प्लानिंग एसोसिएशन ऑफ इण्डिया द्वारा पल्स पोलियो अभियान की प्रशंसा करते हुए । फैमिली प्लानिंग

एसोसिएशन ऑफ इण्डिया कि चिकित्सा सेवाओं की प्रशंसा कि व बताया कि शासन कि विभिन्न गतिविधियों में सदैव से संस्था का सहयोग मिलता रहा है।

संस्था अपना कार्य जिम्मेदारी से व नियमों का ध्यान में रख कर कार्य करती है। शासन द्वारा हाल ही में परिवार कल्याण कार्यक्रम में शासन का सहयोग करने हेतु महिला एवं पुरूष नसबन्दी हेतु एफ.पी.ए.आई.को मान्यता दी है। संस्था पर किए गए नसबन्दी हितग्राहियों को शासन द्वारा मान्य किया जाएगा। इस अवसर पर मुरार सिविल हॉस्पीटल पर पल्स पोलियो के वूथ का शुभारम्भ किया गया। जिसमें पूर्व विधायक मुन्नालाल गोयल , आर.एम.ओ.डॉ आलोक पुरोहित एवं एफ.पी.ए.आई. के 10 वालंटियर एवं संस्था के कार्यक्रम अधिकारी अच्छेद्र सिंह कुशवाह,शाखा प्रबंधक, एवं अन्य स्टाफ उपस्थित थे।

# चार माह से कैमरा कलां पर चल रहा किसान आंदोलन जीत की ओर अग्रसर, तीनों किसान नेता हुए रिहा

### 27 जून को जेल भरो आंदोलन के बजाय, किसान करेंगे प्रदर्शन*।

दैनिक प्रदेश जन आवाज/नथमलगुप्तारिपोटर

सबलगढ़ ।।- चार माह से कैमारा कलां क्षेत्र के किसान गुप्त पुल के सामने अंडर ब्रिज बनाने की मांग को लेकर, ब्रॉड गेज के लिए अधिकृत की जाने वाली जमीन के समुचित मुआवजे के लिए आंदोलन कर रहे हैं। उनकी समस्या का समाधान करने के बजाय प्रशासन ने तीन किसान आंदोलन के अग्रणी नेताओं को 08 जून को गिरफ्तार का जेल भेज दियाथा उसके बाद भी किसानों के हौसले पस्त नहीं हुए। किसान लगातार संघर्ष कर रहे हैं। कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन के दौरान किसानों ने किसान नेताओं की रिहाई की मांग के साथ-साथ अपनी मांगे भी रखीं और 27 जून को सबलगढ़ में जेल भरो आंदोलन की घोषणा कीहे लेकिन 16 दिन से जेल में बंद किसान नेता रामरूप रावत, रामकिशोर रावत पूरनलाल शर्मा को न्यायालयीन व प्रशासनिक कार्यवाही तथा आंदोलन के दबाव के चलते 24 जून को रिहा कर दिया गया। जिससे किसान आंदोलन जीत की ओर अग्रसर हुआ है। जेल से छुटने पर किसान नेताओं का मध्य प्रदेश किसान सभा की ओर सेअशोकतिवारी मुरारीलाल धाकड दुआरा माल्यार्पण कर नारेबाजी करते हुए भव्य स्वागत किया गया। स्वागत करने वालों में किसान सभा के जिला महासचिव मुरारी लाल धाकड़ युवा नेता अरविंद सगर, बंटी शर्मा, हेमराज रावत, प्रमोद रावत सहित कई वरिष्ठ किसान नेता शामिल रहे। यह किसान नेताओं की रिहाई किसान संघर्ष की जीत है। साथ ही मध्य प्रदेश किसान सभा के प्रदेश अध्यक्ष अशोक तिवारी ने कहा है




कि किसानों की समस्याओं को लेकर कैमाराकलां के किसानों के साथ-साथ जाव रोल के किसानों के ड्रोन सर्वे के मुद्दे पर कार्यवाही की मांग करते हुए, कैंमपुरा में दलित और महिलाओं के साथ अत्याचार करने वाले खेरे डिगवार के चौकीदार को बर्खास्त करने सहित अन्य मांगों को लेकर ज्ञापन दिए जाएंगे। मुख्यमंत्री के नाम , अटल प्रोग्रेस वे सड़क परियोजना को रद्द करने की मांग को लेकर ज्ञापन दिया जाएगा। किसान नेता भान सिंह जादौन, राम प्रकाश जादौन, रामस्वरूप रजक ,गोपाल सिंह रावत, अंगद जाटव, बंटी शर्मा, आदि ने किसानों से 27 फरवरी को दोपहर 12ः00 बजे एकत्रित होने की अपील की है।



# वैश्य महासम्मेलन में ज्योतिषाचार्य डॉ. एच सी जैन सम्मानित

*अम्बाह से पंकज जैन की रिपोर्ट*

अम्बाह। ग्वालियर । वैश्य महासम्मेलन मध्यप्रदेश युवा इकाई ग्वालियर महानगर द्वारा माननीय श्री उमाशंकर जी गुप्ता प्रदेश अध्यक्ष वैश्य महासम्मेलन मध्यप्रदेश के जन्मदिवस के उपलक्ष में सोमवार 24 जून 2024 को सम्मान दिवस पर

ज्योतिषाचार्य डॉ हुकुमचंद जैन को ज्योतिष के क्षेत्र में किए गए उत्कृष्ठ व उल्लेखनीय कार्यो के लिए सम्मानित किया गया। ज्ञात रहे ज्योतिषाचार्य डॉ हुकुमचंद जैन विगत तीन दशक से अनेक जटिल मुद्दों पर अपनी ज्योतिष द्वारा भविष्यवाणियां करते आ रहे हैं जो अक्सर कर सत्य सिद्ध हुई है।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि आई पी इस श्री माधव अग्रवाल ,विशिष्ठ अतिथि एडिशनल कलेक्टर श्री संजीव जैन, सैवड़ा के विधायक श्री प्रदीप अग्रवाल,पूर्व विधायक श्री मुन्नालाल गोयल ,जिला अध्यक्ष श्री विवेक गुप्ता सहित सैकड़ों लोगों की उपस्थिति में प्रतिभा सम्मान में सैवडा के विधायक श्री प्रदीप अग्रवाल जी ने ज्योतिषाचार्य को उनके ज्योतिष में उल्लाखित कार्यो के लिए सील्ड ,प्रमाणपत्र एवम उपहार भेट कर सम्मानित किया

# सरबती बाई की पेंशन हुई मंजूर, जन-सुनवाई ने दिया सहारा

दैनिक कैसेरिया हिंदुस्तान-

ग्वालियर- शहर की शकुंतलापुरी दर्पण कॉलोनी क्षेत्र की निवासी वृद्ध महिला सरबती बाई खुशी से फूली नहीं समा रहीं। उनकी सामाजिक सुरक्षा पेंशन मंजूर हो गई है, जल्द ही उन्हें पेंशन मिलने लगेगी। राज्य सरकार की पहल पर हर मंगलवार को आयोजित होने वाली जन-सुनवाई में सरबती बाई को सहारा दिया है।

कलेक्ट्रेट की जन-सुनवाई में पहुँचकर सरबती बाई ने कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान से आग्रह किया था कि अब मुझसे कोई काम नहीं होता। मुझे आर्थिक मदद की जरूरत है। कलेक्टर श्रीमती चौहान ने नगर निगम की नोडल अधिकारी को सरबती बाई के लिये सामाजिक सुरक्षा वृद्धावस्था पेंशन स्वीकृत करने के निर्देश दिए थे। ई-केवायसी न होने से उनकी पेंशन मंजूरी में आ रही दिक्कत अब दूर हो गई है। उन्हें जल्द ही सरकार से पेंशन मिलने लगेगी।

# बच्चों ऊंचे ऊंचे सपने देखो, हम आपकी पूरी मदद करेंगे - CA कमलेश जैन

37

### *सांसद नवीन जैन और सीए कमलेश जैन के मध्य हुई विशेष चर्चा*

*अम्बाह से पंकज जैन की रिपोर्ट*

मुरैना । सन्मति फाउंडेसन के अवार्ड ऑफ एक्सीलेंस कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि माननीय श्री नवीन जैन जी ( पीएनसी) सांसद राज्य सभा ने सन्मति फाउंडेशन के शिक्षा संयोजक सीए कमलेश जैन से सन्मति फाउंडेशन की गतिविधियों के बारे में विस्तृत चर्चा हुई।

सीए कमलेश जैन गुरुग्राम ने बताया कि सन्मति फाउंडेशन का मुख्य उद्देश्य युवा पीढ़ी को उच्च शिक्षा के लिए प्रेरित करना, जरूरतमंद बच्चों की उच्च शिक्षा के लिए आर्थिक मदद करना है व जरूरत मंद लोगों को चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराना है । उन्होंने बताया कि अवार्ड ऑफ एक्सीलेंस का मुख्य उद्देश्य नई पीढ़ी को उच्च शिक्षा के लिए प्रेरित करना है, ताकि जैसवाल जैन समाज को भारत की सर्वोत्तम समाज बनाया जा सके।

एक साक्षात्कार के दौरान उन्होंने प्रतिभाओं को संदेश दिया है कि बच्चो आप ऊंचे ऊंचे सपने देखो, पूरी मेहनत व लगन के साथ उन्हें पूरा करने की प्लानिंग करो, उन सपनों को साकार करने में हम आपकी पूरी मदद करेंगे। श्री जैन ने बताया कि सन्मति फाउंडेशन के वार्षिक समारोह एवं 2इुह्ल्स्र श्रद्ध श्व×ष्द्गद्यद्यद्गठ्ठष्द्ग कार्यक्रम में समाज के उत्कृष्ट प्रतिभावान बच्चों को आचार्य सन्मति सागर जी अवार्ड से विभूषित होकर केवल उत्साह




वर्धन ही नहीं हुआ, बल्कि जैन समाज की सर्वश्रेष्ठ प्रतिभा व जैन समाज रत्न श्रीमान नवीन जैन जी (क्क्रष्ट) राज्यसभा सदस्य (मुख्य अतिथि) व श्री पवन जैन जी (क्क ह्वद्गह्यद्ब-स्र्द्गठ्ठष्4) उपाध्यक्ष, बीजेपी शिवपुरी (मुख्य अतिथि) का प्रेरणात्मक उद्बोधन पाकर प्रतिभाशाली बच्चों व समस्त श्रोतागणों में बहुत ही सकारात्मक ऊर्जा का संचार भी हुआ पत्रिका जगत में जैन समाज की श्रेष्ठतम प्रतिभा श्री मनोज जैन जी ÷नायक÷ मुरैना को व कोटा में मुकेश कुमार संगीतकार के नाम से प्रसिद्ध ष्ट श्री अजय जैन जी को अपने बीच पाकर व उनके मुखारबिंद से मधुर गाने सुनकर सभी बहुत ही आनंदित हुए। समाज सेवा में महत्वपूर्ण योगदान के लिए विशेष सम्मान के लिए सन्मति फाउंडेशन के संस्थापक अध्यक्ष श्री महेन्द्र जैन जी एवं संस्थापक संरक्षक ट्रस्टी श्री अशोक जैन जी गोविंदपुरी को हृदय से बधाइयां एवं मंगल शुभकामनाएं।उन्होंने साक्षात्कार के दौरान बोला कि हम, जैन समाज गौरव परम आदरणीय श्रीमान नवीन जैन जी ( पीएनसी) सदस्य राज्य सभा ( मुख्य अतिथि), श्री पवन जैन जी उपाध्यक्ष बीजेपी शिवपुरी (मुख्य अतिथि), श्री मनोज जैन जी नायक मुरैना (विशिष्ठ अतिथि) के हृदय से आभारी हैं जिन्होंने बड़े ही शॉर्ट नोटिस पर कार्यक्रम में पधारकर हम सभी का उत्साहवर्धन किया व और कार्यक्रम में चार चांद लगाए । बहुत ही प्रभावशाली वाणी व अति मधुर शब्दों द्वारा सफल मंच संचालन के लिए श्रीमती नीरू जैन जी का, बहुत ही अच्छे शब्दों में प्रभावशाली तरीके से प्रशस्ति बाचन के लिए श्रीमती भारती जी, श्रीमती लिली जी, प्रिय शैलेश जी व प्रिय अश्वनी जी का हृदय से धन्यवाद दिया।कार्यक्रम के सफल आयोजन पर, संस्थापक अध्यक्ष श्री महेंद्र जैन जी, अध्यक्ष श्री अनिल जैन जी, महामंत्री प्रिय नवीन जैन जी, कोषाध्यक्ष ष्ट शैलेंद्र जैन जी एवं समस्त पदाधिकारियों, ट्रस्टियों व सहयोगियों को हार्दिक बधाइयां दीं एवं प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रूप से उपस्थित महानुभावों को हृदय से धन्यवाद दिया।

# पर्चा लीक और परीक्षाओं में धाँधली के ख़िलाफ़ दिशा छात्र संगठन ने किया ज़िला मुख्यालय का घेराव, राष्ट्रपति को भेजा गया ज्ञापन




**रिपोर्टर घनश्याम कुमार की रिपोर्ट वाराणसी उत्तर प्रदेश से।**

प्रयागराज। दिशा छात्र संगठन के आह्वान पर परीक्षाओं में धांधली और पेपर लीक के खिलाफ़ देश भार में हो रहे देशव्यापी प्रदर्शन के तहत आज इलाहबाद में दिशा छात्र संगठन के कार्यकर्ताओं ने ज़िला मुख्यालय का घेराव किया और जिलाधिकारी के माध्यम से राष्ट्रपति को सम्बोधित ज्ञापन प्रेषित किया. सबसे पहले कार्यकर्त्ता विकास भवन के पास इकठ्ठा हुए और वहां से जुलुस की शक्ल में नारेबाज़ी करते हुए जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचे। राष्ट्रपति के नाम सम्बोधित इस ज्ञापन को लेने एडीएम सिटी आये। ज्ञापन देने के बाद मार्च कचहरी के रास्ते पीडब्ल्यूडी कार्यालय में सभा के साथ समाप्त हुई। इस दौरान व्यापक पर्चा वितरण किया गया। दिशा छात्र संगठन की शिवा ने बात रखते हुए कहा कि पिछ्ले कुछ साल छात्रों-युवाओं के लिए किसी भयानक दु:स्वपन से कम नहीं रहा है। उत्तर प्रदेश, बिहार, मध्यप्रदेश, राजस्थान, दिल्ली, हरियाणा, तेलंगाना सहित देश के हर राज्य में अन्धाधुन्ध पेपर लीक हो रहे हैं और परीक्षाओं में धांधली हो रही है। नीट के परीक्षा में हुयी धाँधली सम्भवतःआज़ाद भारत के इतिहास में परीक्षाओं में होने वाली सबसे बड़ी धाँधली है। यह केवल मेडिकल की तैयारी करने वाले छात्रों के साथ अन्याय नहीं हैं बल्कि देश की 140 करोड़ जनता के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ करने वाली बात है। इस तरह यूजीसी नेट की परीक्षा को पर्चा लीक की वजह से रद्द कर दिया गया और नीट पीजी तथा सीएसआईआर यूजीसी नेट की परीक्षा को टाल दिया गया। ख़बर है की मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग की परीक्षा का भी पर्चा लीक हो चुका है। यह अचानक से होने वाली कोई घटना नहीं है बल्कि मामला काफ़ी बड़ा और गहरा है। पिछले सात वर्षों में 80 से ज़्यादा पर्चे लीक हो चुके हैं, दर्ज़नों परीक्षाओं को टाला जा चुका है और दर्ज़नों मामलों में छात्र सुप्रीम कोर्ट, हाईकोर्ट के चक्कर काट रहे हैं । एक अनुमान के मुताबिक़ पिछ्ले सात सालों में पर्चा लीक और परीक्षाओं में धाँधली की वजह से 1 करोड़ 80 लाख से ज़्यादा छात्र प्रभावित हुए हैं और लाखों छात्र अवसाद और निराशा में आत्महत्या तक के क़दम उठा रहे हैं। इतने बड़े पैमाने पर हो रही धाँधली के बाद भी जाँच के नाम पर केवल लीपापोती ही की है। दिशा छात्र संगठन के अविनाश ने कहा देश भर में लगातार हो रहे पर्चे लीक की असली वजह सरकार की पूँजीपरस्त नीतियां तथा ह्रञ्ञ और सरकार की लापरवाही है। शायद ही किसी प्रतियोगी छात्र को किसी परीक्षा में धाँधली न होने या पेपर लीक न होने का भरोसा बचा हो। पेपर लीक और धांधली होना अब नियम बन चुका है। नियुक्ति होने तक सालों लग जाते हैं। कई बार परीक्षा ही रद्द हो जाती है। एक अनुमान के मुताबिक़ पिछ्ले 7 सालों में पर्चा लीक और परीक्षा में धाँधली की वजह से 1 करोड़ 80 लाख से ज़्यादा छात्र प्रभावित हुए हैं और लाखों छात्र अवसाद और निराशा में आत्महत्या तक के क़दम उठा रहे हैं। भविष्य की अनिश्चितता के कारण छात्र-युवा और अभिभावक हर क़ीमत पर अपने भविष्य को सुरक्षित कर लेना चाहते हैं। इसी बढ़ती असुरक्षा का फ़ायदा शिक्षा माफ़िया उठाते हैं और शासन में अपनी पकड़ का इस्तेमाल कर छात्रों के भविष्य का सौदा कर करोड़ों रुपये बना रहे हैं। इसलिए आज जरूरत है कि तात्कालिक तौर पर हमें 'एक समान निःशुल्क शिक्षा और रोज़गार' की गारण्टी, पारदर्शी परीक्षा के लिए और उदारीकरण-निजीकरण की नीतियों को रद्द करवाने के देशव्यापी संघर्ष में उतरना होगा। कार्यक्रम में प्रशांत उत्सव, मोनिस रहमान,अमरीश, सौम्या, सूरज, प्रियांशु, चंद्रप्रकाश, चंचल, अश्विनी ,प्रशांत ,निधि, वर्षा, संजय, शुभम आदि लोग शामिल रहें ।

# जनपद में नाबालिक के भरोसे चल रहे पैथोलॉजी लैब




**स्वास्थ्य विभाग की मिली भगत से जनपद में खून की कालाबाजारी का धंधा जोरों पर***

**जनपद में लगभग छः से आठ पैथोलॉजी रजिस्टर्ड है उसके बाद सैकड़ो पैथोलॉजी किसके दम पर चल रही है***

**एटा में खून की काला बाजारी का खुला खेल।**

**खून की कालावाजारी में पूर्व में दो सगे भाई काट चुके जेल।***

*केसरिया हिन्दुस्तान मोहित यादव लव*

एटा-जनपद में वर्तमान में जिस तरह से स्वास्थ्य विभाग की मिली भगत से खून की कालाबाजारी का खुला खेल चल रहा है।उससे तमाम जनहानि हो चुकी हैं।खून की कालाबाजारी में संचालित पैथोलॉजी केंद्रों पर संचालक कर्ताओं द्वारा नाबालिगों से सेम्पल लाने ले जाने का काम कराया जा रहा है।पूर्व में जनपद एटा में दो सगे भाई विजय बघेल,संजीव बघेल संजू खून की कालाबाजारी और भ्रूण परीक्षण जांच में जेल काट चुके हैं। आपको बताते चलें कि जनपद में लगभग आठ पैथोलॉजी रजिस्टर्ड हैं उसके बाद जनपद में सैकड़ो पैथोलॉजी किसके दम पर चल रही है इन बघेल बंधुयों की पैथोलॉजी भी रजिस्टर्ड नहीं हैं।बघेल बंधुयों ने अपना अवैध रुप से एक क्लीनिक भी प्रेम नगर में संचालित कर रखा है।ब्रजेश बघेल द्वारा पटियाली गेट डॉ जयप्रकाश के सामने यादव मार्केट के अन्दर चला रहा है अपनी पैथोलॉजी खोलकर अवैध रूप से खून कारोबार को पुनः आरम्भ कर रखा है।सीएमओ एटा के द्वारा एटा जनपद में अवैध रूप से क्लीनिकों,नर्सिंग होम, पैथोलॉजी के संचालन कर्ताओं को जिस तरह से खुला संरक्षण दिया जा रहा है, इसके ऐसा प्रतीत हो रहा है कि कमीशन खोरी के दम पर चलवाए जा रहे हैं स्वास्थ्य विभाग के भ्रष्टाचार को लेकर के जनपद के विभिन्न समाचार पत्रों में प्रकाशित हो चुके हैं।लेकिन चांदी की चमक में सारे अवैध,क्लिनिक,नर्सिंग होम, पैथोलॉजी, धडल्ले से चल रहे हैं।क्या जिलाधिकारी महोदय जनपद एटा में चल रहे खून के अवैध कारोबार नर्सिंग होम झोलाछाप डॉक्टर पैथोलॉजी लैब क्लीनिक को रोकने हेतु कोई प्रभावी कदम उठा कर जनपद की भोली भाली जनता को न्याय दिलाने की कोशिश करेंगे।

## ब्यूटी पार्लर में तैयार हो रही दुल्हन को सिरफिरे ने मारी गोली

*दैनिक केसरिया हिंदुस्तान से प्रदीप शर्मा*

झांसी। शादी का जश्न उस समय मातम में बदल गया । जब ब्यूटी पार्लर में तैयार होने आई दुल्हन को एक सिरफिरे ने ब्यूटी पार्लर में अंदर घुसकर गोली मार दी। घायल दुल्हन को तत्काल अस्पताल ले जाया गया। सूचना पर भारी पुलिस बल तैनात हो गया।



जानकारी के मुताबिक सीपरी बाजार थाना क्षेत्र के आईटीआई के पास स्थित तान्या के नाम से ब्यूटी पार्लर है। घटना रविवार की शाम को एक दुल्हन मध्यप्रदेश के सोनागिर निवासी काजल तैयार होने ब्यूटी पार्लर में दाखिल हुई तभी एक सिरफिरा युवक वहां पहुंचा और पार्लर के अंदर घुसकर उसे गोली मार दी। दुल्हन की हालत गंभीर बताई जा रही। सूचना पर भारी पुलिस बल और अफसर मौके पर पहुंच गए। घायल दुल्हन को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बताया जा रहा है आईटीआई के पास स्थित विवाह घर से दुल्हन की शादी थी वह अपने परिवार के साथ यही रुके थे। आज दुल्हन तैयार होने आई थी तभी सिरफिरे ने इस घटना को अंजाम दे दिया।

## विद्युतकर्मियों के साथ मारपीट करने के आरोपी को किया गिरफ्तार

*भोजपुर।* ललित कुमार (अवर अभियंता) विद्युत उपकेन्द्र पीपलसाना



ने अभियुक्त द्वारा वादी व उनकी टीम के साथ मारपीट कर सरकारी कार्य में बाधा डालने के सम्बन्ध में थाना भोजपुर पर तहरीर देकर मुकदमा पंजीकृत कराया विवेचनात्मक कार्यवाही के क्रम में उपनिरीक्षक सुनील राठी थाना भोजपुर द्वारा पुलिस बल के साथ अभियुक्त अजय पुत्र प्रेमपाल निवासी शिव मन्दिर के पास मौहल्ला झादेवाला थाना भोजपुर को गिरफ्तार किया गया है मंगलवार को पुलिस ने आरोपी का मेडिकल परीक्षण कराकर कोर्ट में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया

## भाजपा आज 25 जून को मनाएगी प्रत्येक जिलों मे आपातकाल का काला दिवस

सक्ती झभारतीय जनता पार्टी राष्ट्रीय नेतृत्व के आह्वान पर प्रदेश भाजपा सभी जिलों में 25 जून को आपातकाल का काला दिवस का आयोजन करेगी जिसमे सक्ती जिला के कार्यक्रम में मुख्य अतिथि वक्ता होंगे रजनीश सिंह जी पूर्व विधायक बेलतरा। ज्ञात है कि कांग्रेस की सत्ता लालसा के चलते तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी द्वारा जिस प्रकार न्यायालय आदेश के बाद भी प्रधानमंत्री की कुर्सी न छोड़ देश को 1975 से 1977 तक 21 माह की अवधि में आपातकाल लगा संविधान की हत्या कर विपक्ष एवं मीडिया को कुचलकर लोकतंत्र समाप्त कर तानाशाही राजतंत्र का काम किया। उस काले अध्याय को देश की जनता को स्मरण कराने भाजपा प्रतिवर्ष यह काला दिवस मनाती है सक्ती जिले में भी भाजपा जिला कार्यालय में 25 जून को दोपहर 3 बजे काला दिवस मनाएगी इस कार्यक्रम में मीसा बंदियों एवम उनके परिवारजनों का भाजपा सम्मान करेगी इस कार्यक्रम में भाजपा सक्ती जिले में निवासरत प्रदेश पदाधिकारी जिला के पदाधिकारी मंडल एवम बूथ स्तर के पदाधिकारी एवम कार्यकर्ता उपस्थित रहेंगे




# हाईवे पर सब रखकर किया चक्का जाम, तीन लोगों की धारदार हथियारों और गोली मारकर हत्या की गई थी

दमोह 25..6...2024.. राजेश कुमार पटेल दैनिक केसरिया हिंदुस्तान।जिले के देहात थाना अंतर्गत आने वाले वासा तारखेडा में सोमवार की सुबह तीन लोगों की धारदार हथियारों और गोली मारकर हत्या का सनसनी खेज मामला सामने आया था. जिसमें अंधाधुंध गोलियां और धारदार हथियार चलने की सूचना मिली थी जिसमें तीन लोगों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई थी पुलिस ने मर्ग कायम कर शबो को अपने कब्जे में लिया और और आरोपियों की तलाश शुरू कर दी पुलिस की कार्यवाही देर शाम तक चलती रही. मंगलवार की सुबह जैसे ही सब मृतकों के गांव पहुंचे लोगों ने हंगामा शुरू कर दिया और हाईवे को जाम लगा दिया जिससे घंटे यातायात बाधित रहा जानकारी लगते ही बड़ी संख्या में पुलिस बल मौके पर पहुंचा और जाम को खुलवाने का प्रयास किया लेकिन पीड़ित परिजनों का कहना था कि वह सिर्फ कलेक्टर से ही बात करेंगे काफी प्रयास के बाद जब पीड़ित नहीं माने तो कलेक्टर को जाम स्थल पर पहुंचना पड़ा पीड़ितों ने कलेक्टर को एक ज्ञापन भी दिया है इनका कहना था कि शीघ्र ही आरोपियों को गिरफ्तार किया जाए आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके मकानो पर बुलडोजर चलाया जाए साथ ही मृतकों के परिजनों को मुआवजा दिया जाए साथ ही उन्हें नौकरी भी दी जाए इन्हीं मांगों को लेकर मृतक के परिजनों ने चक्का जाम किया था और कलेक्टर को जाम के स्थल पर बुलाने की मांग की थी जिसके चलते कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर हाईवे पर हुए चक्का जाम के स्थान पर पहुंचे और पीड़ित परिजनों से चर्चा की साथ ही उन्हें आश्वासन भी दिया है शीघ्र ही उनकी सभी मांगों पर विचार विमर्श कर मांग पूरी की जाएगी। इस संबंध में पुलिस अधीक्षक ने जानकारी देते हुए बताया है कि शीघ्र ही हत्या के आरोपियों को गिरफ्तार किया जाएगा और उनसे जो जानकारी प्राप्त होगी उसे आधार पर उनके सहयोगियों पर भी मामला दर्ज किया जाएगा ।




एक माह पूर्व जताई थी हत्या की आशंका। मृतक द्वारा जिला कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक के नाम एक ज्ञापन भी मृतक ने एक एक माह पूर्व दिया था जिसमें उन्होंने अपने हत्या की आशंका का जिक्र भी किया था जिसमें उन्होंने अनेकों नाम का उल्लेख भी किया था जो ज्ञापन अब सोशल मीडिया पर काफी वायरल हो रहा है

### क्या है मामला

रंजिश बनी वारदात की वजह..!

होमगार्ड सैनिक और उसके बेटे, भतीजे से लिया सनसनीखेज बदला

। जिला मुख्यालय से करीब 10 किलोमीटर दूर देहात थाना के बांसा तारखेडा गांव में सुबह सुबह अंधाधुंध फायरिंग और धारदार हथियार चलने से तीन लोगों की मौत होने का सनसनी खेज मामला सामने आया। सुबह सुबह हुए इस हत्याकांड में एक होमगार्ड सैनिक, उसके बेटे और भतीजे की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। मृतकों में 50 साल के होमगार्ड सैनिक रमेश विश्वकर्मा, उनका 23 साल का बेटा उमेश और 24 साल का भतीजा विक्की बताये जा रहे है। हत्या की वजह पुराना विवाद ही बताया गया। जानकारी के अनुसार बीते महीने की 24-25 की दरम्यानी रात दमोह के एक बिल्डर आदित्य उर्फ रॉकी सुरेखा अपने ड्राइवर के साथ किसी काम से बांसा तारखेड़ा आए हुए थे, जहां उनकी गाड़ी की

चपेट में एक बछड़ा आ गया था, जिसके बाद यह दुर्घटना विवाद में बदल गयी और वह इतना बढ़ गया कि रॉकी और उनके ड्राइवर से घटनास्थल पर ही बदतमीजी की गई। जिसमे ड्राइवर को काफी चोट आई थी और उसे इलाज के लिए जबलपुर रेफर किया गया था। मृतक के परिजनों की माने तो बीते महीने हुआ विवाद ही आज इतने बड़े हत्याकांड में तब्दील हो गया। मृतक होमगार्ड सैनिक के भांजे राहुल विश्वकर्मा ने राजा विश्वकर्मा, गोलू विश्वकर्मा और सजल विश्वकर्मा पर हत्या करने के आरोप के साथ बिल्डर रॉकी सुरेखा पर आरोपियों को हथियार उपलब्ध कराने के साथ हत्याकांड के षड्यंत्र में शामिल होने तक के आरोप लगाए हैं, वही तिहरें हत्याकांड और आरोपियों के ऊपर शहर के बिल्डर का हाथ होने के आरोपों के चलते दमोह पुलिस हत्याकांड की वजह आरोपियों की संख्या खुलकर बताने से कतरा रही है, पुलिस अधीक्षक श्रुतिकीर्ति सोमवंशी हत्या की वजह पारिवारिक विवाद बता रहे हैं। उनका कहना है कि अनेक टीम गठित कर आरोपियों की तलाश की जा रही है।

# स्काउट्स एवं गाइड्स राज्य स्तरीय शिविर में सम्मिलित होने पंचमढ़ी रवाना



***देबाशीष गांगुली (संभागीय ब्यूरो सरगुजा दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान)***

एमसीबी। भारत स्काउट्स एवं गाइड्स राज्य मुख्यालय रायपुर छत्तीसगढ़ के तत्वाधान में राष्ट्रीय साहसिक संस्थान पंचमढ़ी मध्य प्रदेश में 26 जून 2024 से 30 जून 2024 तक पांच दिवसीय पर्वतारोहण ,व्यक्तित्व विकास एवं आपदा प्रबंधन शिविर का आयोजन राज्य मुख्य आयुक्त डॉ0सोमनाथ यादव , राज्य सचिव कैलाश सोनी के कुशल नेतृत्व में छत्तीसगढ शासन के सहयोग से हो रहा है। इस शिविर हेतु मनेंद्रगढ़ चिरमिरी भरतपुर के जिला शिक्षा अधिकारी सह पदेन जिला आयुक्त स्काउट अजय कुमार मिश्रा के निर्देशानुसार , सहायक जिला आयुक्त बलबिंद्रर सिंह के मार्गदर्शन तथा सहायक राज्य प्रशिक्षण आयुक्त स्काउट शैलेंद्र कुमार मिश्रा और सहायक राज्य संगठन आयुक्त गाइड श्रीमती जेरामिना एक्का के दिशा निर्देशन में विकासखंड खड़गवां के शास0उ0मा 0वि0कन्या चिरमिरी,उधनापुर,खड़गवां, शास0हाई स्कूल दुबछोला ,तोलगा,मझौली,पैनारी व शास0पूर्व मा0 शाला बंजारीडांड से 08 स्काउट व 14 गाइड दल प्रभारी जिला प्रशिक्षण आयुक्त स्काउट शांतनु कुर्रे और गाइड कैप्टन उमा साहू के नेतृत्व में पंचमढ़ी के लिए रवाना हुए।

चिरिमिरी रेल्वे स्टेशन प्रशिक्षण में सफल प्रतिभागी हेतु उत्साहवर्धन व शुभकामनाएं प्रेषित करने हेतु विकासखंड शिक्षा अधिकारी खड़गवां सह पदेन सहायक जिला आयुक्त स्काउट बलविंदर सिंह,प्राचार्य द्वय मंजीत सिंह परमार व बिजेंद्र सिंह,जिला संगठन आयुक्त गाइड सोनम कश्यप,आजीवन सदस्य प्रवासी गौड़ , सी0ए0सी0 शंभूनारायण सिंह, गाइडर श्रीमती अंजू महंत तथा स्काउटिंग भावना से प्रेरित बसंत महंत,स्काउटर के0 प्रफुल्ल रेड्डी,एवं पालकगण उपस्थित रहे। सभी ने बच्चों को शुभकामना प्रेषित करते हुए मंगलमय यात्रा की कामना की।



## पुत्र को बंधक बनाकर लाखों के जेवरात और नगदी की चोरी

*केसरिया हिन्दुस्तान मोहित यादव लव*

जनपद एटा में चोरों के हौसले इतने बुलंद है की दिनदहाड़े दो बदमाशों ने घर में सो रहे बारह साल के बच्चे को बंधक बनाकर की चोरी आपको बताते चले की संत सरकार में वैसे तो गुंडे मवाली चोर माफिया या तो यूपी छोड़कर के बाहर चले गए हैं या फिर उन्होंने संत सरकार की चौखट पर माथा टेक दिया है लेकिन पुलिस की कार्य प्रणाली के चलते चोरों के हौसले बुलंद होते नजर आ रहे हैं ऐसा ही मामला कोतवाली नगर क्षेत्र के पीडब्ल्यूडी कॉलोनी का है जहां पर पीडब्ल्यूडी विभाग में चतुर्थ क्लास महिला कर्मचारी प्रीति के घर में लगभग 4ः00 बजे के बीच दो अज्ञात बदमाशों ने 12 साल के बच्चे को बंधक बनाकर की चोरी महिला प्रीति पत्नी मोनू का कहना है कि दो चोर मेरे घर पर आए मेरा बच्चा सो रहा था उसको उठा करके सिंकचे से बांध दिया और मेरी अलमारी का लॉक तोड़ करके अलमारी में रखी तीन अंगूठी झुमकी चैन व 15000हजार रुपए की नगदी लेकर बदमाश फरार हो गए भागते समय कुछ चांदी के आभूषण भी गिर गए थे। महिला प्रीति ने बताया कि मैं पीडब्ल्यूडी विभाग में कार्यरत हूं ऑफिस में कार्य कर रही थी उसी समय चोरों ने धावा बोल दिया मौके पर पहुंची पुलिस ने घटना की बारीकी से जांच की पुलिस के अनुसार घटना प्रथम दृश्यता संदिग्ध प्रतीत होती है थाना प्रभारी ने बताया कि सीसीटीवी कैमरे खंगाले जा रहे हैं जल्द घटना का खुलासा किया जाएगा।

राष्ट्रीय दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान

# आपातकाल तिथि को काला दिवस मनाकर प्रदर्शन किया पुतला फुका

## सत्ता की लालसा का आपातकाल देश कभी नहीं भूलेगा -- प्रभु राठौर




जिला ब्यूरो धार/ दैनिक केसरिया हिंदुस्तान

मो. 9424075866

धार। देश में आपातकाल तिथि 25 जून को काला दिवस के रूप में मनाते हुए कांग्रेस की लोकतांत्रिक हत्या कूटनीति के विरोध स्वरूप भाजपा धार नगर द्वारा स्थानीय मोहन टॉकीज चौराहा पर पुतला दहन कर प्रदर्शन किया गया जिसमें भाजपा वरिष्ठ नेता पूर्व जिलाध्यक्ष प्रभु राठौर ने कहा कि भारतीय लोकतंत्र का काला अध्याय आपातकाल 25 जून कांग्रेस की तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी का सत्ता की लालसा हेतु तानाशाह निर्णय देश कभी नहीं भूलेगा और कभी माफ नहीं करेगा, कांग्रेस लोकतंत्र की हत्यारी है, भारत का संविधान तब खतरे में था या अब यह देश पूछना चाहता है,50 बरस पूर्व कांग्रेस आपातकाल नई पीढ़ी को पता चले और आज कांग्रेस संविधान पर खतरे की बात करती है, कांग्रेस ने हमेशा देश के लोकतंत्र प्रक्रिया पर प्रश्न चिन्ह खड़ा किया है । वही भाजपा मंडल अध्यक्ष विपिन राठौर व नितेश अग्रवाल ने संयुक्त रूप से कहा कि 1975 की तत्कालीन कांग्रेस सरकार ने मजबूत विपक्ष की आवाज दबाने के लिए हमारे हजारों संवैचारिक नेताओ कार्यकर्ताओं ने बर्बरता पूर्वक अत्याचार, 21 माह की जेलयात्रा, नसबंदी ऐसी यातनाओं को सहा हैं फिर भी वह अपने विचार, मूल्य आधारित राजनीति और सिद्धांतों से समझौता नहीं किया हम उन्हें श्रद्धापूर्वक नमन करते हैं।

भाजपा जिला मीडिया प्रभारी संजय शर्मा ने बताया कि भाजपा के विरोध प्रदर्शन में जिला पंचायत अध्यक्ष सरदारसिंह मेड़ा, कार्यक्रम प्रभारी जिला महामंत्री प्रकाश धाकड़, डॉ शरद विजयवर्गीय, जिला उपाध्यक्ष विश्वास पांडे, नरेश राजपुरोहित, अनिल जैन बाबा, मनीष प्रधान, शिव पटेल, कालीचरण सोनवानिया, नगर महामंत्री राजेश डाबी, पुरुषोत्तम चौहान, सन्नी होड़ा, अनिल गहलोत, अनिल यादव, बसंतीलाल जैन, हुकुम लश्करी, राकेश दुर्गेश्वर, सोनिया राठौर, विष्णु राठौर, रॉकी आहूजा, प्रभात कुमार गुप्ता भय्यूराम, देवेंद्र रावल, बादल मालवीय, सौरभ त्रिपाठी, महेश बोडाने, मनोज जैन, राजेश कुमावत, कुंदन भूरिया, नमन रावल, आशुतोष विजयवर्गीय, निलेश राठौर, कमलेश बिजवा, अभय वसुनिया, नितिन चौहान, देवांग पंवार, हरीश आर्य, जगदीश सोनी, लखन शर्मा, जतिन मौर्य, शांतिलाल शर्मा, रतन भाबर,पप्पू डामोर, अतुल फकीरा, घनश्याम सोलंकी आदि भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे । उक्त जानकारी भाजपा जिला मीडिया प्रभारी संजय शर्मा ने दी।

# रातों-रात हुआ आसंभव चमत्कार आखिर क्या है जमीनी हकीकत

### नगर परिषद मनगवां में चमत्कार या विश्वकर्मा का रूप धारण कर प्रशासन को गुमराह करने की साजिश




*दैनिक केसरिया हिंदुस्तान रीवा*

रीवा । भ्रष्टाचारियों के खिलाफ शिकायत करता महेंद्र तिवारी ने बताया की नगर परिषद मंनगवा में हुए चौतरफा भ्रष्टाचार की अलग-अलग जांच टीम जांच पड़ताल कर रही है दोनों कलेक्टर एवं कमिश्नर की जांच अधिकारी पर्याप्त समय रिकार्ड दुरुस्त करने के लिए सीएमओ को दिए जाने का आरोप शिकायतकर्ता वरिष्ठ पत्रकार महेंद्र तिवारी ने आरोप लगाते हुए कहा है कि जहां एक और कम दस्तावेजों को हेरा फेरी करने करवाई रजिस्टर को फाड़ कर कार्यवाही अलग से रजिस्टर तैयार कर पन्ना चिपकाए जाने का मामला उजागर हुआ है भ्रष्टाचार में लिप्त अध्यक्ष उपाध्यक्ष सीएमओ एवं संबंधित कर्मचारी एक नया नमूना भ्रष्टाचार कुछ ना कुछ उजागर हो रहा है नाली निर्माण जहां आरसीसी रोड क्रेक हो गई थी रातों-रात कायाकल्प के नाम पर तहसील मार्ग का सीमेंटेड रोड से डामरीकरण में तब्दील हो गया है ऐसा लगता है कि नगर परिषद में कोई चमत्कार या विश्वकर्मा का रूप धारण करके दिन में उबर खाबर रोड दिखती है और सुबह होते ही रोड चमकने लगती है हुए भ्रष्टाचार में लीपापोती नगर परिषद का सेवानिवृत्ति बाबू अर्जुन पांडे गुरु द्रोणाचार्य के रूप में रिकॉर्ड फाइल दुरुस्त करने में लगे हुए हैं लाखों करोड़ों का घोटाला 14 कर्मचारियों की नियुक्ति सीता साकेत के कार्यकाल में हुआ था जिसमें 26 8 22 को मृतक सहित आठ कर्मचारियों को हटाया गया टुकड़े-टुकड़े में चार कर्मचारियों को वापस ले लिया गया शेष चार कर्मचारी हाईकोर्ट के निर्देश पर सीएमओ ने जॉइनिंग दिलवा दिया 24 की नियुक्ति जिसमें चार अपराधी कर्मचारी के रूप में नौकरी कर रहे हैं इसके अलावा बिंदु क्रमांक 1 से 12 एवं बिंदु क्रमांक 1 से 6 पीएम आवास शौचालय घोटाला सहित 10 हितग्राहियों को पीएम आवास की चौथी किस्त जारी किया जाना भ्रष्टाचार के दलदल में फंसा नगर परिषद दोषियों की विरुद्ध कब फिर होगा या नहीं होगा लिहाजा जांच अधिकारी राजनीतिक संरक्षण के चलते जांच ढीला हो करने का भर्षक प्रयास कर रहे हैं यह तो जांच के बाद ही पता चल पाएगा किशमें हैं कितनी सत्यता।



## पीएम श्री एयर एंबुलेंस की सुविधा लेने वाले प्रथम रोगी बने रीवा के गोविंदलाल

### आयुष्मान कार्डधारी गोविंदलाल को निश्शुल्क मिली एयर एंबुलेंस की सुविधा

*दैनिक केसरिया हिंदुस्तान रीवा ब्यूरो*

रीवा। रोगी को समय पर उपचार सहायता मिल जाए तो उसके प्राणों का संकट दूर हो जाता है। मध्यप्रदेश सरकार ने आयुष्मान कार्डधारी रोगियों तथा दुर्घटना एवं प्राकृतिक आपदा में गंभीर रूप से घायल व्यक्तियों को पीएम श्री एयर एंबुलेंस की निश्शुल्क सुविधा दी है। इस सुविधा का लाभ रीवा के गोविंदलाल तिवारी ने लिया। आयुष्मान कार्डधारी 50 वर्षीय गोविंदलाल तिवारी को एयर एंबुलेंस की सुविधा देकर उपचार के लिए रीवा से भोपाल रवाना किया गया। मऊगंज जिले के देवतालाब के समीप ग्राम जुड़मनिया मुरली निवासी तिवारी को 23 जून की रात हृदय में पीड़ा हुई। उन्हें गंभीर हार्ट अटैक हुआ। परिजन उन्हें तत्काल लेकर मेडिकल कालेज रीवा पहुंचे। प्रारंभिक उपचार के बाद उनकी स्थिति में थोड़ा सुधार हुआ। अपेक्षानुरूप सुधार न मिलने पर डॉक्टरों ने गोविन्द तिवारी को भोपाल के लिए रेफर किया। पेसेंट तिवारी को एयर एंबुलेंस के माध्यम से शाम 7 बजे भोपाल के लिए रवाना किया गया। उनके साथ में दो परिजन भी भोपाल गए हैं।

गंभीर रोगी गोविंदलाल तिवारी की बहन सुनीता देवी ने बताया कि मेरे भाई को पिछली रात हार्टअटैक हुआ। उनका इलाज रीवा में मेडिकल कालेज में कराया गया। बेहतर इलाज के लिए हम लोगों ने भाई गोविंदलाल को भोपाल ले जाने की इच्छा की। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव द्वारा शुरू की गई पीएम श्री एयर एंबुलेंस सुविधा का हमे लाभ मिला। बिना किसी खर्च के हम उपचार के लिए अपने भाई को भोपाल तत्काल ले जा पा रहे हैं। इस सुविधा के लिए मैं मध्यप्रदेश सरकार, उप मुख्यमंत्री तथा लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा मंत्री राजेन्द्र शुक्ल तथा विधायक गिरीश गौतम को हृदय से आभार व्यक्त करती हूँ। जिला प्रशासन ने समस्त व्यवस्थाएं तत्काल बनाकर हम लोगों को भोपाल भेजने की व्यवस्था की।

### पीएम श्री एयर एंबुलेंस

मध्यप्रदेश सरकार ने आयुष्मान कार्डधारी रोगियों तथा दुर्घटना एवं प्राकृतिक आपदा में गंभीर रूप से घायल व्यक्तियों को पीएम श्री एयर एंबुलेंस की निश्शुल्क सुविधा दी है ~ मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ संजीव शुक्ला

## अंधे कत्ल का खुलासा 12 घण्टे के अंदर कर वायडी नगर पुलिस ने सभी आरोपीयों को किया गिरफ्तार

*कमल कुमार जैन जिला ब्यूरो मंदसौर*

मन्दसौर ,श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय मंदसौर श्री अनुराग सुजानिया जिला एवं श्रीमान अति. पुलिस अधीक्षक महोदय श्री गौतम सोलंकी एवं श्रीमान नगर पुलिस अधीक्षक महोदय मंदसौर श्री सतनाम सिंह के मार्गदर्शन तथा निरीक्षक संदीप सिह मंगोलीया थाना प्रभारी थाना वायडी नगर के नेतृत्व मे हत्या का किया खुलासा । दिनांक 23.06.2024 को रात्री मे कैलाश तैली की दुकान के सामने ग्राम रेवास देवडा मे मृतक मुकेश पिता कंवरलाल तैली उम्र 45 निवासी रेवास देवडा थाना वायडी नगर की लाश संदिग्ध अवस्था मे मिलने पर घटना स्थल की बारिकी से जांच पुलिस टीम द्वारा किया गया एवं मृतक का जिला चिकित्सालय मन्दसौर में पीएम कराया गया तथा थाना वायडी नगर पर अप.क्र 224/2024 धारा 302 भादवि का कायम कर जांच मे लिया गया। निरीक्षक संदीप सिह मंगोलीया के मार्गदर्शन मे दौराने जांच ज्ञात हुआ की दिनांक 23.06.2024 को रात्री मे कैलाश तैली की दुकान के सामने ग्राम रेवास देवडा मे मृतक मुकेश एवं उसके साथ मे श्यामलाल साहु व अरुण साहु को देखा था जो श्यामलाल साहू व अरुण साहु की तलाश कर हिकमत अमली से पुछताछ एवं अन्य साक्षीयों के कथनो पर से जुर्म स्वीकार करने पर दोनो आरोपीगण को गिरफ्तार किया गया। पुछताछ के दौरान आरोपीगणों ने बताया की मृतक मुकेश का आरोपी श्यामलाल से पुर्व से ही पारिवारिक विवाद चल रहा था इस कारण आरोपी श्यामलाल ने अपने दोस्त अरुण के साथ मिलकर मुकेश को कैलाश की चाय की दुकान पर अकेला बैठा देख वहां पहुंचे और उसके साथ दोनो ने मारपीट कर मुकेश के उपर अरुण बैठा और श्यामलाल ने वहां पर पड़ा बडा पत्थर उठाकर मुकेश के सिर पर वार कर कुचल दिया जिससे मुकेश के सिर से खुन निकलने लगा और मौके पर मुकेश कि मृत्यु हो गई और आरोपीगण अरुण व श्यामलाल वहां से भाग गये। वायडी नगर पुलिस द्वारा तत्काल टीम गठित कर आरोपीगणो की तलाश कर उन्हे 12 घण्टे मे गिरफ्तार कर आरोपीगणों से पुछताछ कर विवेचना जारी है। गिरफ्तार आरोपी -

01. श्यामलाल साहु पिता कन्हैयालाल साहु उम्र 47 वर्ष निवासी रेवास देवडा जिला मंदसौर

02. अरुण साहू पिता सुरेश साहु उम्र 40 वर्ष निवासी रेवास देवडा जिला मन्दसौर

सराहनिय कार्यः - निरीक्षक संदीप सिंह मंगोलीया थाना प्रभारी थाना वायडी नगर व थाना वायडी नगर की टीम का सराहनीय योगदान रहा।

### कृषि से आय बढ़ाने कृषि अधोसंरचनाओं के निर्माण हेतु किसान प्राप्त कर सकेंगे दो करोड़ तक का ऋण

रायसेन।कृषि विकास और उत्पादन की गति को बढाने के उद्देश्य से कृषक, एफ.पी.ओ.,स्व-सहायता समूह,पैक्स एवं कृषि अधोसंरचनाओं के निर्माण के लिए बैंकों से बिना किसी जमानत के दो करोड रूपये तक ऋण मुहैया कराया जायेगा। मात्र तीन प्रतिशत प्रतिवर्ष के ब्याज की छूट 7 वर्ष की अवधि के लिये किसानों को यह ऋण मिलेगा।कृषक एवं कृषि उद्यमी यह वित्तीय सहायता भंडार की सुविधा, प्राथमिक प्रक्रिया इकाई (चावल/दाल/आटा चक्की), कस्टम हायरिंग सेन्टर, जैविक इनपुट उत्पादन, कोल्ड स्टोरेज, वेयरहाउस, पैक हाउस,ग्रेडिंग, पैकेजिंग आदि कार्यो के लिए आवश्यकता अनुसार कृषि विभाग के माध्यम से डी.पी.आर. तैयार करा सकते हैं। यह डीपीआर व आवेदन बेवसाईट https://agriin-fra.dac.gov.in पर ऑनलाइन भरा जा सकता है।किसानों, एफपीओस्व-सहायता समूह,पैक्स एवं कृषि उद्यमियों योजना का लाभ लेने की अपील की गई है।

# गौवंश तस्कर साबिर उर्फ गेणा के विरूद्ध राष्टीय सुरक्षा अधिनियम के तहत कार्यवाही, जिला दण्डाधिकारी मन्दसौर द्वारा निरोध आदेश जारी

## साबिर उर्फ गेणा को मन्दसौर जिला जेल से केन्द्रीय जेल भेजा गया

कमल कुमार जैन जिला ब्यूरो मंदसौर*

मंदसौर, शब्बीर उर्फ साबीर उर्फ गेणा पिता लतीफ उम्र 40 साल निवासी ग्राम मुल्तानपुरा थाना वायडी नगर हाल मुकाम ग्राम एलची थाना दलौदा जिला मन्दसौर मे रहकर वर्ष 2005 से आपराधिक दुनिया में प्रवेश कर अपने आप को कुख्यात अपराधी बना चुका है। आमजन में दहशत बनाकर रखना, अवैध हथियार रखकर डराना,धमकाना, चोरी करना, मारपीट करना, अवैध शराब एवं जहरीली शराब के अपराधो में संलिप्त होकर व्यापक स्तर पर गौवंश की तस्करी वध करने के लिए किया जा रहा है। इसके द्वारा किया जाने वाला कृत्य समाज में आक्रोश एवं तनाव की स्थिति उत्पन्न होती है एवं कानून व्यवस्था स्थिति निर्मित होने की सम्भावना बनी रहती है। दिनांक 14.06.24 को अनावेदक शब्बीर उर्फ साबीर उर्फ गेणा के द्वारा 26 गौवंश ट्रक में क्ररुरतापूर्वक वध हेतु परिवहन करते हाईवे रोड से तस्करी कर रहा था। तस्करी करते समय जावरा हाईवे पर ट्रक गौवंश सहित पलट गया, जिसमे गौवंश घायल हुए है और कुछ गौवंश की मृत्यु हुई है। उक्त घटना को लेकर आक्रोशित भीड़ के द्वारा ट्रक को आग लगा दी थी। उक्त घटना के तत्काल बाद यह फरार हो गया था जिसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम भिजवाई गई जिसके फलस्वरूप दिनांक 15.06.24 को थाना वायडी नगर पुलिस द्वारा बिना नम्बर की ब्रेजा कार से 7 केनो में 210 लीटर अवैध जहरीली कच्ची शराब के साथ शब्बीर उर्फ साबिर उर्फ गेणा को उसके अन्य साथी मुश्ताक पिता अजीम दाणा नि0 मुल्तानपुरा व



उस्मान पिता मोहम्मद हनीफ खा मेवाती के साथ पकडे गये है।

शब्बीर उर्फ साबिर उर्फ गेणा के 6 गौवंश की तस्करी के आपराधिक रिकार्ड एवं अन्य अपराधिक रिकार्ड के आधार पर अपराध एवं गौवंश की तस्करी की रोकथाम के लिए राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम 1980 के तहत पुलिस अधीक्षक जिला मन्दसौर द्वारा प्रकरण प्रस्ताव तैयार कर जिला दण्डाधिकारी मन्दसौर के यहां पेश किया गया, जहां से निरोध मे लिये जाने का आदेश प्राप्त होने पर दिनांक 22.06.24 को गिरफ्तार कर केन्द्रीय जेल इन्दौर मे निरूद्ध किया गया है।

### *शब्बीर उर्फ साबिर उर्फ गेणा के आपराधिक रिकार्ड निम्न प्रकार है।*

क्र। थाना। अप0 क्र। धारा

01 वाय.डी. नगर 51/05 25 आर्म्स एक्ट

02 कोतवाली 264/05 25 आर्म्स एक्ट

03 कोतवाली। 587/05 25 आर्म्स एक्ट

04 वाय.डी. नगर 192/09 25 आर्म्स एक्ट

05 भावगढ़। 101/13 379 भादवि

06 भावगढ 201/14। 11घ पशुक्रुरता नि अघि. 4,6,9 गौवंश अघि, 4,6,10 म,प्र कृषि पशुपरीरक्षण अधि.

07 जावरा शहर 330/12 4,6,9 म.प्र.गौवंश वध प्रतिशेध अधिनियम ।। डी पशु क्ररूता अधि.

08 भावगढ. 107/16. 4.6.9 म.प्र.गौवंश वध प्रतिशेध अधिनियम 11 डी (2) पशु क्ररुता अधि. 4,6,10 म.प्र कृषि पशुपरीरक्षण अधि,

09 वायडीनगर 494/18 323,504,341,506 भादवि

10 नगलवाडी बडवानी 145/19

4,6,9 म.प्र.गौवंश वध प्रतिशेध अधिनियम व ।। पशु क्ररूता

11 वायडीनगर. 74/21 25 आर्म्स एक्ट

12 वायडीनगर 75/21 294,323,341,506,34 भादवि

13 गौतमपुरा इन्दौर 209/22

429 भादवि 4,6,9 म.प्र. गौवंश वघ प्रतिशेध अधिनियम व 11 पशु क्ररूता

14 आईए जावरा 350/24

4,6,9 म.प्र. गौवंश वध प्रतिशेध अधिनियम व 11 (1) घ पशु कुरता

15 वायडीनगर 212/24 34(2) व 49 ए आबकारी एक्ट

मंदसौर पुलिस द्वारा जिले मे गोवंश तस्करो के विरूद्ध लगातार कार्यवाही जारी है।

# कलेक्टर यादव ने दो पटवारियों को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया

*कमल कुमार जैन जिला ब्यूरो मंदसौर*



मन्दसौर,कलेक?टर दिलीप कुमार यादव ने पटवारी शुभम जैन एवं पटवारी मुकेश सोनी को तत?काल प्रभाव से निलंबित किया गया है।

पटवारी शुभम जैन और पटवारी मुकेश शर्मा द्वारा ग्राम किशोरपुरा तहसील सुवासरा स्थित शासकीय भूमि सर्वे न. 773 में से रकबा 0.98 हे. को प्रभुलाल बलाई निवासी किशोरपुरा तहसील सुवासरा निजी स?वत?व पर दर्ज कर दी गई। समीक्षा के दौरान पाया गया कि पटवारी शुभम जैन और पटवारी मुकेश शर्मा ग्राम किशोरपुरा तहसील सुवासरा के द्वारा कार्य में गंभीर लापरवाही कर प्रतिवेदन दिया गया जिस कारण शासकीय भूमि निजी स?वत?व पर दर्ज कर दी गई।

पटवारी शुभम जैन और पटवारी मुकेश शर्मा ग्राम किशोरपुरा तहसील सुवासरा को उक?त कृत?य के कारण तत?काल प्रभाव से निलंबित किया जाता है। निलम?बन की अवधि में इनका मुख?यालय कलेक?टर कार्यालय (भू?अभिलेख) मंदसौर रहेगा तथा उपस्थिति दिनांक से नियमानुसार जीवन निर्वाह भत?ते की पात्रता होगी।



### पुलिस लाइन रीवा में किया गया वृक्षारोपण

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान ब्यूरो रिपोर्ट

पुलिस अधीक्षक रीवा विवेक सिंह के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रीवा देहात विवेक लाल की उपस्थिति में पुलिस परिवार व स्वयंसेवी संस्थाओं के लोगों के द्वारा पुलिस विंध्यांचल कालोनी व पुलिस लाइन परिसर में वृक्षारोपण किया गया। वृक्षारोपण कार्यक्रम के अन्तर्गत पुलिस विंध्यांचल कॉलोनी व पुलिस लाइन परिसर में अलग-अलग प्रजाति के 500 पौधो का वृक्षारोपण किया गया। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रीवा देहात, विवेक लाल, रक्षित निरीक्षक वंदना सिंह, निरी. श्रृंगेश सिंह राजपूत, सुबेदार अंजली गुप्ता एवं पुलिस परिवार व स्वयंसेवी संस्था के सदस्य उपस्थित रहे।

## *पेड़ काटकर तालाब बनाने का मामला:

# ग्राम पंचायत माडूमर में जनपद ष्टश्वह्र ने बंद कराया निर्माण; दिए जांच के निर्देश*

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान

मनोज सिंह/जिला ब्यूरो

टीकमगढ़।जिले के ग्राम पंचायत माडूमर में पेड़ काटकर मशीनों से कराए जा रहे तालाब के निर्माण पर जनपद सीईओ ने रोक लगा दी है। सोमवार रात उन्होंने इस संबंध में निर्देश जारी किए। साथ ही सीईओ ने पूरे मामले की जांच के निर्देश दिए हैं।

दरअसल, टीकमगढ़ जनपद की ग्राम पंचायत माडूमर के प्रसिद्ध गोंगाबेर हनुमान मंदिर के पास पंचायत की ओर से एक तालाब का निर्माण कराया जा रहा है। इसके लिए मंदिर परिसर में लगे 50 से अधिक छोटे बड़े पेड़ों को काटा गया। पेड़ कटने पर लोगों ने नाराजगी जताते हुए मामले की शिकायत अधिकारियों से की थी।

लोगों की शिकायत पर जनपद सीईओ आशीष अग्रवाल ने स्थल का निरीक्षण कराया। जहां आसपास बड़ी मात्रा में



कटे पेड़ मिले। पेड़ काटकर मशीनों से तालाब निर्माण कराए जाने की शिकायत सही पाए जाने पर जनपद सीईओ ने निर्माण कार्य बंद करने के निर्देश दिए हैं। इसके अलावा पेड़ काटे जाने के मामले को लेकर पूरे मामले की जांच कराए जाने के निर्देश दिए हैं।

मंदिर आस्था का प्रमुख केंद्र

बता दें कि गोंगाबेर हनुमान मंदिर शहर में अपने प्राकृतिक सौंदर्य के लिए पहचाना जाता है। वन्य क्षेत्र से लगा होने के साथ ही मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं ने बड़ी संख्या में पेड़ लगाए थे। पिछले कुछ दिनों से तालाब निर्माण के नाम पर बड़ी संख्या पेड़ काटे जा रहे है।

स्थानीय लोगों ने बताया कि यहां एक छोटा सा तालाब ग्राम पंचायत की ओर से बनवाया जा रहा है। तालाब के लिए कुछ छोटे तो कुछ सालों पुराने पेड़ों का काट दिया गया है।

फिलहाल बंद कराया निर्माण कार्य

इस मामले में जनपद सीईओ आशीष अग्रवाल का कहना है कि स्थानीय लोगों की शिकायत पर उपयंत्री और सचिव को काम बंद करने के निर्देश जारी किए गए हैं। पेड़ काटे जाने के मामले में जांच कराई जा रही है।

# पूर्ण सन्तों ने साधना का रास्ता सरल कर दिया, बच्चा, बूढ़ा, जवान, स्त्री, पुरुष कोई भी आसानी से कर सकता है

## मैं तो अपने को सेवक कहता हूं -सन्त बाबा उमाकान्त जी महाराज

भोपाल (म.प्र.) इस कलयुग में सन्त वंशावली के वर्तमान जीवित सन्त जिनमें पहले के सभी सन्त समाये हुए हैं, जिनमें उन सभी के दर्शन आज भी किये जा सकते हैं, कर्म कटवाने वाले, सारी दुनिया में धोखा खा सकते हो लेकिन जिनके चरणों में कभी भी धोखा नहीं मिलेगा, सृष्टि के संचालनकर्ता, सबके मालिक, पूरे समरथ सन्त सतगुरु दुःखहर्ता, दयालु दाता, उज्जैन वाले बाबा उमाकान्त जी महाराज ने अधिकृत यूट्यूब चैनल जयगुरुदेवयूकेएम पर लाइव प्रसारित संदेश में बताया कि सन्तों ने इस युग में साधना करना अब एकदम सरल कर दिया। अब न घर छोड़ना है, न जमीन-जायदाद छोड़ना, न सुबह उठकर के नहाना-धोना, न चंदन टीका लगाना, न गंगाजल से शरीर को पवित्र करना, न मुंड मुढ़्नवाना, न बाल बढ़ाना, न कोई फूल पत्ती नैवेद्य लाना, न कोई जौ, तिल, लाना, अब कुछ नहीं। अब तो जहां रहते हो, वहीं पर इस गुरु महाराज के और उनके जाने के बाद बताये इसी नाम का सुमिरन, ध्यान, भजन कर लो। सन्तमत में सेवा, सतसंग, भजन प्रमुख है। सेवा से कर्म कटते हैं, संस्कार बनते हैं। आपके अच्छे संस्कार, अच्छे कर्म थे तब आप यहां खिंच करके आए हो। आप तपस्या रात



में किए हो, देखो थोड़ी ही ठंडी लगी लेकिन उससे कर्म कटे। जो भी आपको भंडारे में रुखा-सूखा, जला-भुना मिल गया, थोड़ा ही मिल गया हो, भूख लगी रह गई हो, पूरा पेट न भरा हो, उससे आपके कर्म कटे। इससे कर्म कटते हैं। और जब तक कर्म लदे रहते हैं तब तक कहते हैं, सर भारी है। कर्म लगा रहता है जब तक उसकी भावना अच्छी नहीं रहती है, विचार अच्छे नहीं रहते हैं, अच्छी चीज को सोच नहीं पता, अच्छी जगह जा नहीं पता, अच्छा काम नहीं कर पता है। तो यह कर्म काटे, कटवाए जाते हैं। कर्म कटवाने वाले को सब तरीका मालूम होता है। वो सक्षम होते हैं।

### *मैं तो सेवक कहता हूं अपने को*

मुख्य चीज विश्वास होता है। विश्वास फलदायकम। जो विश्वास करता है, विश्वास के साथ करता है, वह फल देता है। और प्रेमियो! जो काम में कर रहा हूं, ऐसा काम करने वाले कितने लोग आए, किसी ने सन्त कहा, किसी ने महात्मा, सतगुरु कहा। मैं तो अपने को सेवक कहता हूं। लेकिन सब लोगों ने एक तरह की बातें बताई, कोई स्वार्थ अपना नहीं रहा, किसी को धोखा नहीं दिया। इसलिए कहा गया है परमार्थ के कारने, सन्तन धरा शरीर। तो आप यह सोचो आपको कैसे धोखा दिया जा सकता है? इसलिए आप विश्वास करो और जयगुरुदेव नाम की ध्वनि बोलो, परिवार वालों को बुलवाओ और परीक्षा लेकर के देखो।

### *कुछ लोग साधक बन करके दूसरों की साधना की बातें पूछ लेते हैं तो नुकसान हो जाता है*

(जब नामदान के समय बताई गयी सुरत शब्द योग साधना करोगे तब अंदर में (दिव्य) दिखाई सुनाई पड़ेगा।) चाहे पति को दिखाई पड़े तो उसकी पत्नी हो, बच्चे हो, हित मित्र दोस्तों आदि किसी को भी मत बताना। गलती मत करना। यह गलती लोग कर जाते हैं। ऐसे उल्टा-सीधा घुमा-फिरा करके, साधक बन करके कुछ लोग पूछ भी लेते हैं तो भी उसमें नुकसान हो जाता है। इसलिए बताना मत किसी को, कुछ भी दिखाई और सुनाई पड़े। और मेहनत करोगे थोड़ा, रोज बैठोगे तो दिखता-सुनाई पड़ता है।

# WES फाउंडेशन ने मनाई तीन साल की उत्कृष्टता



अखण्ड प्रताप सिंह केसरिया हिंदुस्तान

धनपुरी, शहडोल। - WES फाउंडेशन (वज़ीर एजुकेशन सोसाइटी) ने शिक्षा के क्षेत्र में तीन साल की समर्पित सेवा की उपलब्धियों की खुशियां मनाई। 23 जून को आयोजित वार्षिक समारोह ने 2021 में अपनी स्थापना के बाद से संगठन की उल्लेखनीय यात्रा और उपलब्धियों को प्रदर्शित किया।

यह कार्यक्रम एक जीवंत आयोजन था, जिसमें फाउंडेशन के छात्रों ने नाटक, नृत्य और विभिन्न प्रदर्शनों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। संगठन के मुख्य स्तंभ और रीढ़ की हड्डी, अनीक ने ड्ढश्वस् फाउंडेशन की तीन साल की यात्रा प्रस्तुत की। उन्होंने समुदाय को मुफ्त, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से संगठन के विभिन्न कार्यक्रमों और पहलों पर प्रकाश डाला।

मुख्य रूप से धनपुरी, शहडोल में संचालित, ड्ढश्वस् फाउंडेशन शिक्षा क्षेत्र में महत्वपूर्ण प्रभाव डाल रहा है। वे आठ सरकारी प्राथमिक विद्यालयों में शिक्षण सेवाएं और शैक्षिक गतिविधियाँ संचालित करते हैं और धनपुरी में एक पूरी तरह से सुसज्जित कंप्यूटर लर्निंग सेंटर चलाते हैं। ये सभी शैक्षिक सेवाएं निऱ्शुल्क प्रदान की जाती हैं, जो उनके इस विश्वास को दर्शाती हैं कि ÷शिक्षा सबसे शक्तिशाली उपकरण है जिसका उपयोग कोई भी अपने जीवन को उज्ज्वल भविष्य के लिए बदलने के लिए कर सकता है÷ और शिक्षा हमेशा सभी के लिए सुलभ होनी चाहिए।

वार्षिक कार्यक्रम में छात्रों, अभिभावकों, समुदाय के सदस्यों, शिक्षकों और विशिष्ट अतिथियों ने भाग लिया, जिनमें रिलायंस फाउंडेशन के डॉ. समीम और सेवानिवृत्त शिक्षक ललित जी शामिल थे। समुदाय के समर्थन और सहभागिता ने स्थानीय शैक्षिक विकास में फाउंडेशन की महत्वपूर्ण भूमिका को उजागर किया।

अनीक ने शहडोल में उनके नवीनतम पहल, पहले निजी, सार्वजनिक चार्टर स्कूल के मिशन और दृष्टि का भी अनावरण किया। यह स्कूल समुदाय को उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा प्रदान करने का लक्ष्य रखता है, जिससे ड्ढश्वस् फाउंडेशन की पहुंच और प्रभाव को और बढ़ावा मिलता है। WES फाउंडेशन का कार्य व्यापक रूप से सराहा गया है और इसके लिए समुदाय और उससे परे निरंतर समर्थन की आवश्यकता है। संगठन के संस्थापक, आरिफ, शिक्षा के माध्यम से परिवर्तन लाने के मिशन के प्रति गहराई से प्रतिबद्ध हैं। अनीक, जो जमीनी स्तर पर संगठन का नेतृत्व कर रहे हैं, ने बेरोजगारी और अकुशल युवाओं के मुद्दों को संबोधित करने के लिए इस तरह की पहलों की महत्वपूर्ण आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने समुदाय से जिम्मेदारी लेने और इस कारण का समर्थन करने का आह्वान किया, शिक्षा सुधार प्राप्त करने में सामूहिक प्रयास के महत्व को रेखांकित किया। WES फाउंडेशन की निऱ्शुल्क, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के प्रति प्रतिबद्धता न केवल व्यक्तिगत जीवन को बदल रही है, बल्कि एक अधिक शिक्षित और सशक्त समुदाय के लिए मार्ग प्रशस्त कर रही है। जैसे ही वे अपने चौथे वर्ष में कदम रख रहे हैं, फाउंडेशन अपने मिशन के प्रति प्रतिबद्ध है, समुदाय के निरंतर समर्थन और सहभागिता के साथ।

# आवारा पशुओं को गौशालाओं में शिफ्ट करें, सड़कों पर नहीं दिखे मवेशी: कलेक्टर



सुरेंद्र पटेरिया केसरिया हिंदुस्तान छत्तरपुर

मो.7509091263

कलेक्टर संदीप जी.आर. की अध्यक्षता में मंगलवार को जिला पंचायत सभाकक्ष में टी.एल. बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में एडीएम मिलिन्द नागदेवे, जिला पंचायत सीईओ तपस्या परिहार, डिप्टी कलेक्टर, एसडीएम, सीएमओ, सीईओ जनपद एवं जिलाधिकारी उपस्थित रहे।

कलेक्टर श्री जी.आर. ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि सड़कों पर आने और बैठने वाले पशुओं को प्रभावी ढंग से रोके जाने और गौशालाओं में शिफ्ट करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा गौशालाओं के आसपास की चिन्हित चरनोई जमीन में घास उगाई जाए और चरनोई की जमीन पर कोई भी खेती न करें। उन्होंने फोरलेन पर एनएचएआई को लगातार पेट्रोलिंग वाहन चलाने के निर्देश दिए। साथ ही निर्देश दिए कि ऐसे स्थानों को चिन्हित करें जहां हमेशा मवेशी बैठते हों।

कलेक्टर ने निर्देश दिए कि हर मोड़ एक बरगद के पेड़ अभियान में प्रभावी रूप से कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा ऐसी मोड़ को चिन्हित करें जहां बरगद का पौधा रोपा जाना है। साथ ही फरूट फॉरेस्ट की चिन्हित जमीन पर बड़े आकार के पौधे रोपे जाएं। उन्होंने स्थानीय लोगों को इस कार्य से जोड़ने तथा स्वसहायता समूहों की महिलाओं को शामिल करने के निर्देश दिए।

### बारिश के समय आपात स्थिति से निपटने, तैयार रहने के निर्देश

कलेक्टर श्री जी.आर. ने बारिश के समय आपात स्थिति से निपटने के संबंध में तैयारियों की समीक्षा करते हुए कहा कि बारिश होने से ऐसी रोड, पुल, रिपटों एवं पुलियों को बैरिकेट्स से बंद करने की व्यवस्था करें जहां इनके ऊपर से पानी बहने लगता है। उन्होंने एसडीएम, पीडब्ल्यूडी, एमपीआरडीसी एवं एनएचएआई एवं होम गार्ड को बारिश से बचाव की सम्पूर्ण तैयारियां दुरुस्थ रखने के निर्देश दिए। साथ ही अधिकारियों को अपने वाहनों में भी बचाव सामग्री की किट रखने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने ग्रामीण क्षेत्रों में जनपद सीईओ को बारिश से उत्पन्न होने वाली आपात स्थिति से निपटने के लिए तैयार रहने के निर्देश दिए। साथ ही ऐसे रास्तों पर बोर्ड लगाकर संकेतक चिन्ह बनाने के निर्देश दिए जहां बारिश में निकलना जोखिम भरा हो सकता है।

कलेक्टर ने नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों में नालियों की बेहतर सफाई के निर्देश दिए। साथ ही सिंगल यूट प्लाष्टिक के विरुद्ध मुहीम चलाकर कार्यवाही के निर्देश दिए। उन्होंने कहा संबंधित अधिकारी संयुक्त रूप से सिंगल यूज प्लाष्टिक को रोकने की मुहीम चलाएं।

### मलेरिया के मच्छरों को पनपने से रोकने आवश्यक उपाए करने के निर्देश

डीएपी के स्थान पर एनपीके खाद का प्रयोग अच्छा विकल्प

कलेक्टर ने खाद की उपलब्धता एवं वितरण की बेहतर व्यवस्थाओं के संबंध में निर्देशित किया। साथ ही डीएपी के स्थान पर एनपीके खाद का प्रयोग अच्छा विकल्प होने की कृषकों को जागरूक करने के निर्देश दिए। उन्होंने ने स्वास्थ्य विभाग को मलेरिया के मच्छरों को पनपने से रोकने के लिए आवश्यक गतिविधियों को करने के निर्देश दिए। साथ ही पर्याप्त मेडिसन की उपलब्धता रखने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने फर्जी डॉक्टरों पर कार्यवाही करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने गर्भवती महिलाओं की प्रथम एएनसी जांच सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। उन्होंने नगरीय निकायों एवं जनपद पंचायतों को निर्देश दिए कि जल भराव नहीं होने दें। कलेक्टर ने हर पात्र लोगों के कैंप लगाकर आयुष्मान कार्ड बनाए जाने के निर्देश दिए। साथ ही निर्देशित किया कि खुले में मीट दुकाने नहीं लगाई जाएं, इस संबंध में कार्यवाही करें और शव वाहनों की समस्या न आए।

खराब ट्रांसफार्मर एवं केबिलों के बदलने के निर्देश

### आकांक्षी ब्लॉक बकस्वाहा में व्यवस्थाओं एवं सुविधाओं को सुधारने अधिकारियों को भ्रमण करने के निर्देश

कलेक्टर ने बिजली विभाग के एसई को स्पष्ट रूप से निर्देशित किया कि जो ट्रांसफार्मर एवं केबिल बदलने लायक है उसे तुरंत बदला जाए। उन्होंने गौरिहार क्षेत्र में बिजली संबंधी समस्याओं को हल कराने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने सभी शासकीय ऑफिस एवं अन्य भवनों की सुरक्षात्मक दृष्टि से इलेक्ट्रिसिटी ऑडिट कराने के निर्देश दिए।

कलेक्टर श्री जी.आर. ने आकांक्षी ब्लॉक बकस्वाहा से संबंधित सभी बिंदुओं की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को बकस्वाहा में व्यवस्थाओं एवं सुविधाओं के बेहतर रूप से क्रियान्वयन के निर्देश दिए। साथ ही निरीक्षण करने के निर्देश दिए।

### *बाल श्रम कराने वालों पर कार्यवाही के निर्देश*

कलेक्टर ने एसडीएम को केन बेतवा लिंक परियोजना से संबंधित बांकी रह गए भू-अर्जन के लंबित भुगतान को जल्द कराने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने श्रम विभाग से संबंधित समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि बाल श्रम कराने वालों पर सख्त कार्यवाही करें और लोगों को जागरूक करें। कलेक्टर ने ग्राम जल एवं स्वच्छता समिति की बैठक का आयोजन प्रभावी रूप से करने के निर्देश दिए। साथ ही एसडीएम को अगले 5 साल के विजन डॉक्यूमेंट को तैयार करने के निर्देश दिए।

# थाना देहात पुलिस ने दो नाबालिग बालिकाओं को गुरूग्राम व दंदरौआ धाम मन्दिर के पास से खोज कर परिजनों को किया सुपुर्द

गोपाल त्रिपाठी की रिपोर्ट

भिण्ड पुलिस अधीक्षक भिंड डॉ0 असित यादव के निर्देशन में व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री संजीव पाठक, नगर पुलिस अधीक्षक श्री अरूण कुमार के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी देहात निरी. मुकेश कुमार के नेतृत्व में गुम हुये बालक/बालिकाओं की पतारसी जारी है। इसी तारतम्य में आज गुरूग्राम व दंदरौआ धाम मन्दिर के पास से दो नाबालिग बालिकाओं को खोजकर उनके परिजनों को सुपुर्द किया गया। दिनांक 13.06.24 को बीटीआई रोड रामनगर निवासी फरियादिया ने अपनी 15 वर्षीय लडकी के गुम होने के सम्बन्ध में थाना देहात पर रिपोर्ट दर्ज करायी थी जिस पर से थाना देहात में अपराध क्रमांक 329/24 धारा 363 भादवि का पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। जिसे थाना देहात पुलिस ने से दंदरौआ धाम मन्दिर के पास से दस्तयाब कर लिया। दिनांक 04.06.24 को ग्राम परसोना निवासी फरियादी ने अपनी 13 वर्षीय लडकी के गुम होने के सम्बन्ध में थाना देहात भिण्ड पर रिपोर्ट दर्ज कराई थी। जिस पर से थाना देहात में अपराध क्रमांक 310/24 धारा 363 भादवि का पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। उक्त रिपोर्ट को थाना प्रभारी द्वारा गम्भीरता से लिया जाकर एक टीम गठित कर सायबर सेल की मदद से अपहृता को गुरूग्राम हरियाणा से दस्तयाब कर लिया। उक्त कार्यवाही में निरी मुकेश कुमार थाना प्रभारी देहात, उनि विजय शिवहरे, उनि रविन्द्र मांझी, उनि नागेश शर्मा, सउनि सत्यवीर सिंह (सायबर सेल) प्रआर नवीन पचौरी, गुरूदास सोही, हरवीर गुर्जर, धीरेन्द्र भदौरिया, ओमप्रकाश यादव, दीपक जादौन, मआर अर्चना भदौरिया, राधा तोमर, शकुन्तला, प्रआर महेश कुमार, आर आनन्द दीक्षित, राहुल यादव (सायबर सेल) की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# मैंहर पुलिस द्वारा "नशा मुक्ति जनजागृति अभियान" के तहत लोगो को जागरुक करने के लिए किया जा रहा है विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन

53
*दैनिक केसरिया

हिंदुस्तान*

*रीवा संभाग ब्यूरो भूपेंद्र सिंह*

थाना प्रभारियों एवं उनकी टीम द्वारा जगह जगह लोगों के बीच पहुचकर बताए उन्हें , नशे के दुष्परिणाम और दिलाई नशे से दूर रहने की शपथ। मैंहर पुलिस ने गुटखा तंबाकू एवं नशे के अन्य पदार्थ को जलाकर नशा न करने एवं नशे से दूर रहने का दिया संदेश वर्तमान मे युवा वर्ग मे नशे की बढती प्रवृत्ति को कम करने एवं नशे के कारण होने वाले दुष्परिणामों के प्रति जागरूकता लाने के लिए मैंहर पुलिस द्वारा समय समय पर विभिन्न कार्यक्रम व अभियान चलाकर लगातार आमजनों को जागरुक करने का प्रयास किया जा रहा है। इसी के तहत पुलिस मुख्यालय भोपाल के निर्देशों के अनुक्रम में मैंहर जिले में ,पुलिस अधीक्षक मैंहर श्री सुधीर अग्रवाल के दिशा निर्देशन मे





मैंहर पुलिस द्वारा अंतराष्ट्रीय नशामुक्ति दिवस के उपलक्ष्य मे आमजन को नशे के प्रति जागरुक करने के लिए *''नशा मुक्ति जनजागृति अभियान '' दिनांक 20 जून 2024 से 26 जून 2024 तक* सप्ताहिक अभियान मैंहर जिले के सभी थानां प्रभारियों द्वारा चलाकर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है।

इसी अनुक्रम नगर पुलिस अधीक्षक राजीव पाठक एवं ह्यस्त्रश्(श्च) अमरपाटन श्री शिव कुमार सिंह के मार्गदर्शन में कोतवाली मैंहर थानां प्रभारी मय समस्त स्टॉप के साथ आज दिनांक 24/06/24 को मैंहर शहर के घंटाघर चोराहा अलाउदीन चोराहा पुरानी सब्जी मंडी में नशा मुक्ति का कार्यक्रम किया गया । उक्त कार्यक्रम में व्यपारी व अन्य लोगो सहित महिला एवं पुरुषों ने भाग लिया । इसके अलावा थानां अमदरा के ग्राम धुनवारा में नशे से होने वाले दुष्प्रभाव के बारे में समझाया गया साथ ही नशा न करने को बताया गया

इसी क्रम में थानां अमरपाटन कस्बे रामनगर तिराहा एवं ग्राम खड़मसेड़ा में नशे से होने वाले दुष्प्रभाव के बारे में समझाया गया व नशे से दूर रहने की शपथ दिलाई गई

ये कार्यक्रम निरंतर जिले के सभी थानों में 26 जून तक जारी रहेंगे

सुरक्षा के साथ सहायता को तत्पर
÷जिला पुलिस मैंहर

# दो बूंद जिंदगी की पिलाकर पल्स पोलियो अभियान चलाया जा रहा है



दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान

जिला सीहोर

ब्यूरो दिनेश चौरसिया की रिपोर्ट

0से 5 वर्ष तक के सभी बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाने के लिए

अलग अलग वार्डो में आंगन बाडी कार्यकर्ता और सहाइका पूरे भेरूंदा क्षेत्र के सभी वार्डों में ईमानदारी से अपना कर्तव्य निभा रहे हैं ने वार्ड क्रमांक 8 व7 में बच्चो को घर घर कर पोलियो की खुरका पिलाते हुए

कोई भी बच्चा पोलियो रोधी खुराक से वंचित न रहे अभियान की सत्य प्रतिशत सफलता के लिए विभाग के जिम्मेदार अधिकारी की ड्यूटी समस्त विकासखंड स्तर पर मॉनिटरिंग की जा रही है इस अभियान में 43 मोबाइल टीमों को दो बूंद पिलाने के लिए मैदानी स्तर पर तैनात किया गया है

# तो क्या चंगेरी रेत खदान का है विवादों से नाता....? रेत कर्मचारी के ऊपर ट्रैक्टर ड्राइवर में गाली गलौज सहित मारपीट का मामला करवाया दर्ज

## रसो करो ने के ठेकेदार के कर्मचारियों से की गाली गलौज - थाने मे हुआ मामला दर्ज

**इन्ट्रो: अनूपपुर जिले में रेत का ठेका होने के साथ कोतमा क्षेत्र के चंगेरी रेत खदान शुरू से ही विवादों मे रही है कुछ दिन पहले विवादों को लेकर माइनिंग इंस्पेक्टर अनूपपुर ने भी युवा कांग्रेस के लोगों के ऊपर मामला दर्ज कराई थी और फिर एक बार ट्रैक्टर ड्राइवर ने रेत सप्लायर के कर्मचारी के ऊपर मामला दर्ज कराया गया वहीं दूसरी ओर स्थानीय रेत कर्मचारी ने कोतमा नगर के चर्चित व्यापारी सहित उनके साथियों के ऊपर मामला दर्ज कराया गया है चर्चा तो यह भी है कि लगातार विवादों में रहने के कारण आपसी रंजीस का शिकार आम आदमी होते दिखाई दे रहा है यदि समय रहते प्रशासन सख्त नहीं हुई तो बड़ी घटना होने का अंदाजा बना हुआ है।**



शहडोल/अनूपपुर। अनूपपुर जिले में रेत खदान को लेकर विवाद लगातार बढ़ता चला जा रहा है क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों और ठेकेदार के बीच खींचतान का मामला मारपीट और आरोप प्रत्यारोप तक बढ़ गया है। ऐसा लग रहा है कि रेत खदान अब रक्त रंजित होकर रहेगी। कोतमा चंगेरी खदान में सोमवार को रेत ठेकेदार के कर्मचारी और रेत सप्लाई में लगे हुए वाहन ड्राइवर के बीच हुई हतापाई के बाद पुलिस स्टेशन से महज 100 मीटर की दूरी पर जमकर विवाद हुआ। सोमवार की देर शाम डग्गी वाहन के ड्राइवर रोहित यादव ने कोतमा थाना में रेत कर्मचारी शुभम सिंह और आदित्य श्रीवास्तव के ऊपर टोकन मांगने पर न देने और मारपीट लड़ाई झगड़ा के बाद कनपटी में बंदूक तान देने का आरोप लगाया है। कोतमा थाने में दर्ज हुई एफआईआर के अनुसार ड्राइवर द्वारा चंगेरी रेत खदान में लोडिंग के लिए टोकन मांगने पर टोकन नहीं दिया गया तब तीरथ पाव व्दारा बोला गया पहले पर्ची दीजिए मैं लोडिंग करवाउंगा। तभी वहीं बैठे रेत ठेकेदार के कर्मचारी आदित्य श्रीवास्तव एवं शुभम सिंह व्दारा मारपीट और गाली गलौज करने लगे। मारपीट के बाद रेट कर्मचारियों द्वारा बंदूक निकालकर ड्राइवर की कनपटी पर तान दिया गया जिस पर पुलिस द्वारा मुकदमा दर्ज कर विवेचना की जा रही है।

### ठेकेदार से कर्मचारी से हुई गाली गलौज सहित मारपीट

कोतमा थाना में शिकायत दर्ज करने आए दोनों व्यक्तियों के बीच कोतमा थाने से चंद कदम की दूरी पर जमकर विवाद हुआ जिसमें कोतमा क्षेत्र के जनप्रतिनिधि और नेता के साथ रेत ठेकेदार कर्मचारी के बीच मारपीट हो गई, यहां भी मामला कट्टा और बंदूक की नोक पर आकर सिमट गया। दोनों पक्षों ने देर रात कोतमा थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई पुलिस ने शिकायत लेकर दोनों पक्षों को वापस भेज दिया लेकिन मंगलवार की सुबह रेत कर्मचारियों की तरफ से कोतमा पुलिस द्वारा दिए गए शिकायत पर क्षेत्रीय नेताओं और ठेकेदारों के ऊपर मुकदमा दर्ज कर दिया गया। रेत ठेकेदार के कर्मचारी शुभम और आदित्य द्वारा लिखित शिकायत पुलिस को दी गई थी जिसमें इसलामगंज के समीप सोमवार की शाम मनीष गोयंका, पारस मिश्रा, विजय विश्वकर्मा, शिब्बू, रोहित यादव, के साथ एक अन्य पर मारपीट सहित 294,323, 506, 34 धारा अंतर्गत मुकदमा दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया गया है।

### भाजपा कोषाध्यक्ष के ऊपर दर्ज हुआ मारपीट का मामला

अनूपपुर भारतीय जनता पार्टी के कोषाध्यक्ष मनीष गोयनका के ऊपर रेत कर्मचारियों द्वारा इसलामगंज पर मारपीट डराने धमकाने को लेकर मुकदमा दर्ज कराया गया है। मनीष गोयंका द्वारा नगर पालिका और पीडब्ल्यूडी विभाग में ठेकेदारी का कार्य कराया जाता है जिसमें रेत और गिट्टी जैसे वस्तुओं का क्रय विक्रय का काम मनीष गोयनका का द्वारा किया जाता है, क्षेत्रीय ड्राइवर और रेत कर्मचारियों के बीच हुई विवाद में ड्राइवर के सपोर्ट में उतरे कोषाध्यक्ष के ऊपर रेत कर्मचारियों द्वारा मारपीट का मुकदमा दर्ज कर दिया गया वहीं कोषाध्यक्ष मनीष गोयंका द्वारा रेत कर्मचारियों के ऊपर बंदूक दिखाकर जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है और लिखित शिकायत देकर मामला पंजीबद्ध करने की मांग की है हालांकि पुलिस ने अब तक भाजपा कोषाध्यक्ष द्वारा दिए गए उक्त शिकायत पर किसी तरह का मामला पंजीबद्ध नहीं किया है।

### रेत के विवाद मे बड़ी घटना होने का अंदेशा

चंगेरी खदान में रेट ठेकेदार की मनमानी और लगातार रेत ठेकेदार से हो रहे विवाद पर क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों का आक्रोश बढ़ता चला जा रहा है। अरे ठेकेदार की मनमानी के खिलाफ क्षेत्रीय वाहन मालिक भी अपनी आवाज बुलंद करने लगे हैं। लगातार हो रहे विवाद से ऐसा प्रतीत हो रहा है कि कहीं यह विवाद खूनी रूप धारण ना कर ले, दोनों तरफ की शिकायतों पर बंदूक और कट्टे का जिक्र क्षेत्र के सुरक्षा के लिए सवालिया निशान खड़ा कर रहा है। हालांकि पुलिस को अब तक ठेकेदार के कर्मचारियों के हाथों में बंदूक या कट्टे जैसी कोई भी हथियार उपलब्ध नहीं हो पाया है। देखना यह है कि यह विवाद किस तरह का रूप लेता है। रेत खदानें बंद होने को चंद ही दिन बचे हैं, और रेट ठेकेदार ने कोतमा के वाहन मालिकों को रेत देना बंद कर दिया है, ऐसे में विवाद की स्थिति बढ़ती चली जा रही है। प्रशासन के ढुलमुल रवैया से क्षेत्र में सुरक्षा की स्थिति बिगड़ती चली जा रही है।

### कोतमा मार्केट के वाहनों को नहीं मिल रही रेत

रेत खदान में ठेकेदार के मनमानी का सिलसिला इस कदर पर चला है कि रेत खदान बंद होने के चंद दिनों पूर्व स्टॉक के लिए गाड़ियों से रेत का परिवहन किया जा रहा है लेकिन कोतमा मार्केट और क्षेत्र के लिए रेत की उपलब्धता को कम कर दिया गया है ताकि क्षेत्र में रेट खदान बंद होने के बाद दुगने दर पर स्टॉक से रेत बेचकर ठेकेदार अपनी जेब की भारी कर ले, खनिज विभाग को मौखिक शिकायत देने के बाद भी उक्त मामले पर संज्ञान नहीं लिया गया है ठेकेदार रेत खदान को अपनी प्राइवेट संपत्ति समझ कर अपनी मनमानी चल रहा है, रेत लोड करने कई वाहन को वापस लौटा दिया जाता है, वही स्टॉक पर गाड़ियां परमानेंट चलती रहती हैं। क्षेत्रीय वाहन मालिकों का कहना है कि ठेकेदार द्वारा मनमाने तरीके से कोतमा मार्केट और क्षेत्र के वाहनों को रेत देने से मना किया जा रहा है, जिससे कोतमा क्षेत्र में रेत की कमी होते चली जा रही है और स्टॉक में रेत रखकर दोगुने दम पर बेचने के लिए ठेकेदार द्वारा ऐसा षड्यंत्र रचा गया है।

# कलेक्टर कार्यालय में आयोजित हुई जनसुनवाई



शहडोल। संयुक्त कलेक्टर श्रीमती अमृता गर्ग एवं अनुविभागीय अधिकारी राजस्व सोहागपुर अरविंद शाह की उपस्थिति में मंगलवार को कलेक्टर कार्यालय के विराट सभागार में साप्ताहिक जनसुनवाई आयोजित हुई। जनसुनवाई में संयुक्त कलेक्टर श्रीमती अमृता गर्ग एवं अनुविभागीय अधिकारी राजस्व सोहागपुर अरविंद शाह ने शहडोल जिले के दूर-दराज के क्षेत्रों से आए हुए लोगों की शिकायतें एवं समस्याएं सुनी तथा निराकरण के निर्देश संबंधित विभाग के अधिकारियों को दिए। कलेक्टर कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई के दौरान संभागीय मुख्यालय शहडोल के स्वामी विवेकानन्द जिला पुस्तकालय में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं ने सामूहिक आवदेन देकर बताया कि जिला पुस्तकालय शहडोल पिछले एक वर्ष से प्रातः 08 बजे से शाम 08 बजे तक तथा सप्ताह के सातों दिन संचालित होता आ रहा है, परन्तु नये आदेश के अनुसार पुस्तकालय के संचालित होने का समय परिवर्तन कर प्रातः 10 बज से शाम 06 तक निर्धारित किया गया है। साथ ही रविवार को अवकाश भी रखा गया है। जिस कारण से जिला पुस्तकालय में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं को काफी समस्याएं हो रही है। उन्होंने बताया कि आगामी परीक्षाओं एमपीपीएससी, यूपीएससी, रेलवे, एसएससी, बैंक इत्यादि को ध्यान में रखते हुए पुस्तकालय खुलने का समय पूर्व की भांति प्रातः 08 बजे से शाम 08 बजे तक तथा रविवार को भी संचालित किया जाए। जिस पर संयुक्त कलेक्टर श्रीमती अमृता गर्ग ने शिक्षा विभाग के अधिकारी की ओर आवेदन प्रेषित कर छात्र-छात्राओं के मांग के अनुसार आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। इसी प्रकार जनसुनवाई में धनपुरी के कच्छी मोहल्ला निवासी शेख कलामुद्दीन ने आवेदन देते हुए बताया कि उनके पुत्र मोहम्मद इरशाद उम्र 38 वर्ष जो की शारीरिक रूप से कमजोर हैं एवं वर्तमान समय पर पेट में गठान एवं सूजन से पीड़ित है। उन्होंने बताया कि उनकी आर्थिक स्थिति बहुत कमजोर है एवं आयुष्मान कार्ड भी नहीं बना है। आयुष्मान कार्ड नहीं होने के कारण अपने पुत्र का इलाज कराने में असमर्थ हैं। उनका कहना था कि उनके पुत्र के नाम से आयुष्मान कार्ड बनवा दिया जाए जिससे वह अपने पुत्र का उचित इलाज करा सके। जिस पर मामले की सुनवाई करते हुए संयुक्त कलेक्टर श्रीमती अमृता गर्ग ने संबंधित विभाग की ओर आवेदन आवेदन प्रेषित करते हुए निर्देश दिए कि मामले की जांच कर आवश्यक कार्यवाही करें। इसी प्रकार बब्बू सिंह पिता फूलशाह सिंह निवासी ग्राम कर्री तहसील गोहपारू जिला शहडोल ने आवेदन देते हुए बताया कि वे ग्राम कर्री तहसील गोहपारु के स्थाई निवासी हैं। उनके पुत्र बृहस्पति सिंह का कुछ महीने पहले पैर टूट गया था, जिसका इलाज जबलपुर में चल रहा था। उस दौरान मैं अपने पुत्र का इलाज जबलपुर में करवाने के कारण गांव में राशन की दुकान से राशन लेने में असमर्थ रहा। जिस कारण मेरे नाम से ग्राम कर्री तहसील गोहपारु की राशन दुकान में राशन आना बंद हो गया है। उनका कहना था कि उन्हें उनके गांव की राशन दुकान में उनके नाम से पुनः राशन चालू करवाया जाए। जिस पर मामले की सुनवाई करते हुए संयुक्त कलेक्टर श्रीमती अमृता गर्ग ने संबंधित विभाग की ओर आवेदन प्रेषित करते हुए निर्देश दिए कि मामले की जांच कर उचित कार्रवाई करें। जनसुनवाई में रामबाई यादव निवासी ग्राम पोस्ट गोहपारू जिला शहडोल ने आवेदन देते हुए बताया कि मैं गोहपारू की निवासी हैं तथा मेरे नाम से ग्राम हर्दिहा कलां में भूमि हैं जिसका सीमांकन करने के लिए मेरे द्वारा 13 अप्रैल 2024 को लोकसेवा केंद्र में आवेदन किया गया था जिसका सीमांकन करने की अंतिम तिथि 30 मई 2024 तक थी, परंतु राजस्व निरीक्षक द्वारा आज तक सीमांकन नहीं किया गया है। उनका कहना था कि उनकी भूमि का तत्काल सीमांकन कराया जाए। जिस पर मामले की सुनवाई करते हुए संयुक्त कलेक्टर श्रीमती अमृता गर्ग ने संबंधित विभाग की ओर आवेदन प्रेषित करते हुए निर्देश दिए कि मामले की जांच कर उचित कार्रवाई करें। इसी प्रकार संयुक्त कलेक्टर श्रीमती अमृता गर्ग ने अन्य लोगों की भी शिकायतें सुनी एवं निराकरण के निर्देश संबंधित विभाग के अधिकारियों को दिए। जनसुनवाई में डिप्टी कलेक्टर श्रीमती एन्टोनियो एक्का, सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग आनंद राय सिन्हा सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# जनसुनवाई में हुई कपिल धारा योजना की राशि फर्जी रूप से आहरण करने की शिकायत, कमिश्नर ने दिए जांच के निर्देश





### 26 जून को ग्राम पंचायत विशनपुरवा में आयोजित होगा समस्याओं और शिकायतों के निराकरण के लिए विशेष शिविर, कमिश्नर ने दिए निर्देश

शहडोल। कमिश्नर शहडोल संभाग बीएस जामोद ने मंगलवार को साप्ताहिक जनसुनवाई कार्यक्रम में शहडोल संभाग के दूर-दाराज क्षेत्रों से आये लोगों की समस्याएं सुनी तथा समस्याओं के त्वरित निराकरण करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। जनसुनवाई में शहडोल जिले के जयसिंहनगर तहसील के ग्राम पंचायत रेऊसा के रामेश्वर पाल ने कमिश्नर को आवेदन देते हुए बताया कि ग्राम पंचायत द्वारा उसके खेत में कपिल धारा के नाम से कुएं का निर्माण कार्य कराया गया था, जिसमें मैंने अपना पैसा लगाकर निर्माण कार्य कराया था, किन्तु फर्जी मस्टर रोल भरकर लगभग 57 हजार 9 सौ रूपये की राशि गवन कर ली गई है। मैंने कुएं का कार्य कर्ज लेकर कराया था। मुझे शासन से कोई राशि प्राप्त नहीं हुई है। रामेश्वर पाल ने कमिश्नर से कुएं के लिए स्वीकृत राशि मुहैया कराने की बात कही। ग्रामीण की शिकायत पर कमिश्नर ने मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत शहडोल को निर्देश दिए कि वह शिकायत की गंभीरता से जांच करें, तथा प्रतिवेदन प्रस्तुत करें।

### ग्रामीण महिलाओं ने की कमिश्नर से शिकायत

जनसुनवाई में शहडोल जिले के गोहपारू विकास खंड के ग्राम पंचायत विसनपुरवा की ग्रामीण महिलाओं ने कमिश्नर से शिकायत करते हुए बताया कि ग्राम पंचायत बिसनपुरवा की गरीबी रेखा की सूची में साधन संपन्न लोगों के नाम जुड़े है। ग्रामीण महिलाओ का कहना था कि हमारे पास खेती नहीं है, हम मजदूर हैं इसके बावजूद हमारा नाम गरीबी रेखा की सूची में नहीं जोड़ा गया है। ग्रामीण को कहना था कि ग्राम पंचायत के पटवारी और सचिव द्वारा गरीबी रेखा की सूची में गंभीर अनिमित्ताएं की गई है। जिसके कारण गरीब और कमजोर तपके के लोगों को शासन की योजनाओं का लाभ नहीं मिल रहा है। ग्रामीण महिलाओं का कहना था कि ग्राम पंचायत में गरीबी रेखा की सूची के लिए पुनः सर्वे कराया जाए और गरीबी रेखा की सूची में पात्र हितग्राहियों का ही नाम जोड़ा जाए। जिस पर कमिश्नर ने ग्रामीण महिलाओं को समझाईस देते हुए बताया कि 26 जून 2024 को ग्राम पंचायत बिसनपुरवा के पंचायत भवन में क्षेत्र के एसडीएम, तहसीलदार, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत, ग्राम पंचायत के सचिव, पटवारी एवं अन्य विभागों के मैदानी कर्मचारी शाम 04 बजे उपस्थित होकर आपकी समस्याएं सुनेंगे। कमिश्नर ने ग्रामीणों को बताया कि 26 जून को आपकी ग्राम पंचायत में शाम 04 बजे से आपकी समस्याओं के निराकरण के लिए विशेष विशिर का आयोजन किया जाएगा उन्होनें ग्रामीणों को बताया कि आप नियत समय में उपस्थित होकर उनके समक्ष आपनी समस्याएं और शिकायतें रखें आपकी शिकायतों का निराकरण सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ किया जाएगा।

### कमिश्नर ने कार्यवाही करने के दिए निर्देश

जनसुनवाई में शहडोल जिले के सोहागपुर तहसील के ग्राम बोडरी के ग्रामीण कृष्णा पटेल, रामलखन पटेल, कैलाश पटेल एवं अन्य ग्रामीणों ने बताया कि ग्राम पंचायत बोडरी के बोडरी से दुलहरा मार्ग, मिठौरी मार्ग, करूई मार्ग, दगदहा मार्ग, मणी मार्ग का आवागमन बंद कर दिया गया है। जबकि जब से ग्राम बोडरी मे बसाहट बसी थी तब से यहां लोगों का आवागमन एवं निस्तार तथा अन्य ग्रामों का मुख्य मार्ग था जो बंद कर दिया गया है। ग्रामीणों ने यह मार्ग तत्काल प्रारंभ करने की बात कमिश्नर से कहीं। जिस पर कमिश्नर ने कलेक्टर शहडोल को आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैं।

### ये रहे मौजूद

जनसुनवाई में अन्य आवेदनों की भी कमिश्नर द्वारा सुनवाई की गई। जनसुनवाई में उपायुक्त श्रीमती मिनिषा पाण्डेय, संयुक्त आयुक्त विकास मगन सिंह कनेश, संयुक्त संचालक महिला बाल श्रीमती अंजूलता सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित थें।

# अधिष्ठाता कृषि महाविद्यालय रीवा ने देखी कृषि विज्ञान केन्द्र सीधी की गतिविधियां

सीधी

कृषि विज्ञान केन्द्र सीधी में अधिष्ठाता कृषि महाविद्यालय रीवा डॉ. सनत कुमार त्रिपाठी का भ्रमण दिनांक 24.06.2024 को हुआ। केन्द्र की वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ. अलका सिंह के निर्देशन में अधिष्ठाता को केन्द्र का भ्रमण कराया गया एवं अधिष्ठाता के द्वारा नये सुझाव भी प्राप्त किया गया। अधिष्ठाता के द्वारा केन्द्र में मुनगा के पौधे का रोपण कार्य भी किया गया।

केन्द्र में 30 दिवसीय कौशल विकास प्रशिक्षण मशरूम उत्पादन पर आयोजित किया जा रहा है जिसमें सीधी जिले के कुल 25 प्रगतिशील कृषक अपनी भागीदारी निभा रहे है। उक्त प्रशिक्षण में कृषकों को मशरूम उत्पादन की सम्पूर्ण जानकारी एवं मशरूम से बनने वाले विभिन्न व्यजनों के बारे में जानकारी प्रदान की जा रही है। अधिष्ठाता द्वारा कृषकों को सामूहिक रूप से अपने ग्रामों में मशरूम उत्पादन करने एवं इसकी इकाई स्थापित करने के लिये प्रेरित किया गया है। इसके साथ ही साथ कृषकों को प्राकृतिक खेती एवं कम आय में अधिक आय अर्जन के लिये विभिन्न नई जानकारियॉ प्रदान की गयी।

डॉ. अलका सिंह के द्वारा पर्यावरण संरक्षण, प्राकृतिक खेती, मौसम अनुकूल खेती, श्री अन्न की खेती, वर्षा जल संरक्षण इत्यादि की जानकारी प्रदान की गई। उक्त कार्यक्रम में केन्द्र के वैज्ञानिक डॉ. शैलेन्द्र सिंह गौतम के द्वारा कृषकों को विभिन्न प्रकार के मशरूम की प्रजातियों एवं मशरूम के फायदे के बारे में चर्चा की गयी। केन्द्र के कार्यक्रम सहायक श्रीमती अमृता तिवारी के द्वारा मशरूम उत्पादन का प्रायोगिक ज्ञान कृषकों को दिया गया।

स्वामित्व प्रकाशक एवं मुद्रक संपादक रविंद्र सिंह द्वारा पवैया प्रिंटर्स मुरार, 6 चौराहा मुरार, ग्वालियर ( मध्य प्रदेश ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक : रविन्द्र सिंह , संपादक : अशोक सोनी (9009601101) , स्थानीय संपादक ग्वालियर कपित गोयल, भोपाल कार्यालय पता-- प्रेस काम्प्लेक्स महाराणा प्रताप अपार्टमेंट एम पी नगर जोन 1 भोपाल मध्य प्रदेश दूरभाष--755,3596045 मोबाइल 9644811407 Email id :hindustannews404@gmail.com, R.N.I. No. MPHIN/2021/82530

# हैंडपंपों पर खर्च साढ़े पांच लाख पेयजल को तरस रहे ग्रामीण






दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान

रामपुर मथुरा सीतापुर।

हैंडपंपों पर खर्च साढ़े पांच लाख पेयजल को तरस रहे ग्रामीण हैंड पंप खराब

ग्राम पंचायत मोहम्मदपुर कदीम का मामला कागजों पर हो रहा रिबोर व मरम्मत।

योगी सरकार ग्राम पंचायतों को हर सुख सुविधा मुहैया कराने के लिए ग्राम पंचायतों को धन आवंटित करती है जिससे किसी भी व्यक्ति को कोई भी परेशानी ना हो लेकिन प्रधान व सेक्रेटरी मिलकर सरकार की आंखों में धूल झोंककर बड़े पैमाने पर घोटाला करने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ रहे हैं पूरे प्रदेश में भीषण गर्मी से लोग परेशान हैं एक-एक बूंद पानी को तरस रहे हैं वही सेक्रेटरी और प्रधान मिलकर हैंडपंप रिबोर व मरम्मत के नाम पर लाखों का घोटाला कर रहे हैं

सीतापुर जिले में रामपुर मथुरा विकासखंड घोटाले में अव्वल नंबर पर गिना जाता है यहां पर जो भी ग्राम पंचायत सचिव की तैनाती होती है वह वहीं से कसम खा करके आता है कि हमें घोटाला करके ही जाना है क्योंकि एक सेक्रेटरी पास 8से10 ग्राम पंचायत होती है अगर एक-एक लाख का घोटाला ग्राम पंचायत में किया तो 10 लाख का घोटाला हो गया और कार्यवाही हुई तो सस्पेंड हुये उसके बाद फिर बहाल हो गए इसलिए सस्पेंशन का कोई डर नहीं है इसलिए नजरे अपनी जेब भरने में ही लगी रहती है। ꠰अभी पूर्व में ग्राम पंचायत मझिगवां, कलुवापुर, सरैया मसूदपुर, ग्वाहड़ीह के घोटाले की खबर प्रकाशित हुई थी जिसकी जांच पूरी नहीं हुई नया घोटाला सामने फिर आ गया꠰।

ग्राम पंचायत मोहम्मदपुर कदीम का मामला है जहां पर इंडिया मार्का हैंड पंप मरम्मत व रिबोर के नाम पर वर्ष 2022 से जून 2025 तक 5,68,764 रूपये खर्च किए गए जो 5वा वित्त से 2022-23 में 84,140 रूपये तथा 2023/24 मे 1,34, 600 रूपये तथा 15वां वित से 1,44, 684 रूपये तथा 2024 /25 में 2,05,340 रुपए खर्च किए गए जो विभिन्न फर्मो से निकल गए लेकिन अहम बात यह है प्रधान श्रवण कुमार के नाम पर हैंडपंप मरम्मत का पैसा निकल गया उसके बावजूद भी ग्राम पंचायत में लोग एक-एक बूंद पानी को तरस रहे हैं।

मजरा मेडिहा में चार हैंड पंप है जिसमें दो खराब पड़े हुए हैं सुरेश ने बताया कि मेरे दरवाजे पर हैंडपंप 1 वर्ष पूर्व रिबोर हुआ था एक माह चला फिर खराब हो गया कई बार प्रधान व सेक्रेटरी से कहा गया लेकिन कोई सुनने को तैयार नहीं हुआ वही देवस्थान पर भी रिबोर हुआ था जो आज तक नहीं चल पाया जिस पर ग्रामीणों द्वारा टहनियां डाल दी गई है ।

वही मजरा खुर्द में सामुदायिक शौचालय के पास लगा हैंडपंप ग्रामीणों ने बताया काफी दिनों से खराब पड़ा है सामुदायिक शौचालय की स्थिति भी बहुत दयनीय है रामबरन के दरवाजे पर लगा हैंडपैंप 6 माह से खराब पड़ा है ।मोहम्मदपुर कदीम में खलील के दरवाजे पर लगा हैंडपंप रिबोर हुआ था जैतुना ने बताया कि चार पाईप ही डाले थे वह भी पुराने ही डाल दिए थे कहने पर कहा कि फिर सही कर दिया जाएगा पानी दूषित आ रहा है इस तरह से ग्रामीणों ने बताया कि जो भी हैंड पंप रिबोर हुए हैं उसमें पुराने ही पाइप डाल दिए गए हैं जो लीकेज की वजह से देर में पानी देते हैं सही नहीं चल रहे हैं। प्रधान श्रवण कुमार से बात की गई तो बताया की मेरे कार्यकाल में अभी तक कुल 7/8 हैंडपंप रिबोर कराए गए हैं सब सही चल रहे हैं ।वही सेक्रेटरी संजीव कुमार गुप्त से बात की गई तो इधर-उधर की बात करके टालते रहे। जब इस संबंध में जिला पंचायत राज अधिकारी मनोज कुमार से बात की गई तो बताया जांच करवाकर आवश्यक कार्यवाही की जाएगी।

# कार्यालय से बैंक और से कार्यालय के चक्कर काटते काटते खुद चक्कर खाने लगा पात्र




### वृद्धो और पात्रो के कैसे मिले योजना का लाभ जब समाज कल्याण विभाग कर रहा मनमानी?

### सीट लिपिक की स्वाथभरी नीतियों से परेशान हो रहा पात्र लाभार्थी

दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान

सीतापुर। समाज कल्याण विभाग में पेंशन सीट पर बैठे जिम्मेदार अपनी स्वार्थपरक नीतियों के चलते पात्रो को इतना परेशान कर रहे है कि वह कार्यालय से बैंक और बैंक से कार्यालय के चक्कर काटते काटते खुद चक्कर खाने लगे है। सीट लिपक पात्रों को इतना चक्कर कटाते है कि पात्र अब घनचक्कर बना घूम रहा है। इतना सब कुछ होने के बाद भी जिम्मेदार अधिकारी कोई ठोस कदम नही उठा पा रहा है। अगर कोई संवाददाता उनसे जानकारी लेता है तो वह कहते है फाइले पेडिंग है लेकिन कार्य हो रहा है हमने अभी अभी तमाम फाइलों को सिलेक्ट कर पात्रों को योजनाओं का लाभ दिलाया है। जिला समाज कल्याण अधिकारी की माने कि फाइले लगातार पुटप हो रही है तो फिर हजारों हजार फाइले पेंडिग क्यो पड़ी है और जब भी विभाग की ओर रूख करो तो बस एक ही आवाज आ रही है कि हम सालों से कार्यालय के चक्कर लगा रहे है हमको पेंशन योजना का लाभ नही मिल रहा है। सीट लिपिक कभी किसी को ब्लाक के चक्कर लगवा रहे है तो कभी बैंक के लेकिन उनका काम नही हो पा रहा है। अब पात्र भी कहने लगा है कि अगर सीट लिपिक या फिर बड़े साहब हम लोगों को सही बात ही बता दे तो हम लोगो की परेशानी कम हो जाये। लेकिन कार्यालय से जिम्मेदार सीट लिपिक आवेदक को सही बात तक नही बताता है जिससे आवेदक भटका ही करता है। सरकार और शासन एक के बाद योजनाओं का क्रियान्वयन कर हर वर्ग लोगो का जीवन स्तर ऊंचा करने का प्रयास कर रही है। सीएम योगी उत्तर प्रदेश को देश के सभी राज्यों में नम्बर एक का दर्जा दिलवाने के प्रयास में मेहनत कर रहे है प्रदेश में विकास का पहिया इतनी तेजी के साथ चलाने का प्रयास कर रहे है कि यह पहिया अपने लक्ष्य को पाने के बाद ही रूके लेकिन सीतापुर में समाज कल्याण विभाग योगी के सपनों में ब्रेक लगाने का काम कर रहा है। इसके भले भले ही विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों का अपना कोई निजी स्वार्थ हो यह बात अलग है लेकिन सत्य तो यही है कि समाज कल्याण विभाग से योजना का लाभ पाने के लिये पात्र भटक रहा है यहां तक अस्सी अस्सी साल के वृद्ध भी लाठी का सहारा विकास भवन की सीढ़िया चढ़कर कई मंजिला दूरी तय करते है। इसके बाद भी इन स्वार्थी जिम्मेदार अफसरों को इन वृद्धो पर दया नही आ रही है। क्या इस विभाग के इंसानियत की जगह अब निजी स्वार्थो का बोल बाला हो गया है। कुछ भी हो ऐसे हालातों पर फिर से ठीक करने की जिम्मेदारी जिला प्रशासन को है और पात्रो को उम्मीद है कि एक न एक दिन ऐसे स्वार्थी अफसरों पर कार्यवाही होगी और विभाग में ईमानदारी का कब्जा होगा और समय से सबके काम होगे।

## पूर्व प्रधान के भाई का शव संदिग्ध अवस्था में ग्राम सचिवालय में मिला

।दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान

मछरेहटा सीतापुर । थाना क्षेत्रके मछरेहटा के अंतर्गत ग्राम पंचायत पौडावर के रहने वाले सुनील सिंह उम्र लगभग 54 वर्ष पुत्र श्याम कुमार सिंह का शव सोमवार की रात्रि लगभग 10꞉30 पर गांव के पश्चिम बने जर्जर सचिवालय में मिला ।



मृतक के भाई सुशील सिंह के अनुसार सुनील सिंह सोमवार की शाम लगभग 6꞉30 बजे अपनी आम की बाग की तरफ घूमने के लिए निकले थे काफी देर तक वापस न आने पर उनकी खोजबीन की गई तो गांव के पश्चिम बाग जाने वाले रास्ते पर जर्जर पड़े सचिवालय में उनका शव मिला मृतक के भाई ने अज्ञात पर हत्या की आशंका जताई है वही आनन फानन में निजी वाहन से सुनील सिंह को सीतापुर जिला अस्पताल ले जाया गया जहां पर डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया । वहीं थाना इंस्पेक्टर मछरेहटा जेबी पांडे से बात की गई तो बताया तहरीर प्राप्त होने के उपरांत जांच कर मुकदमा पंजीकृत कर कार्यवाही की जाएगी।

## अच्छी रैंक के साथ परीक्षा क्वालीफाई

दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान

महमूदाबाद सीतापुर । उत्तर प्रदेश संयुक्त कृषि एवं प्रौद्योगिकी प्रवेश परीक्षा यूपी सी टेट में विद्यालय के छात्र विकास कुमार, गुरुसरण सिंह, सचिन गुप्ता, प्रांजल मौर्य, रुचि वर्मा और नीरज कुमार ने अच्छी रैंक के साथ परीक्षा क्वालीफाई की। छात्र-छात्राओं की इस सफलता पर कालेज के प्रबंधक ओम प्रकाश वर्मा, प्रकाश विद्या मंदिर इण्टर कालेज की प्रधानचार्य शशि सिंह, बाबूराम सावित्री देवी इंटर कॉलेज शेखपुर के प्रधानाचार्य अरुण वर्मा विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक मिश्रीलाल वर्मा, रामकिशन राठौर रमाकांत दीक्षित गिरीश चंद्र वर्मा पंकज वर्मा कन्हैयालाल सैनी, बी0डी0 वर्मा, पुष्कर वर्मा एवं अन्य अध्यापक अध्यापिकाओं ने बधाई दी।


# शिक्षक की मौत तथा महिला शिक्षक घायल

दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान

खैराबाद सीतापुर ।प्रथम दिन विद्यालय जाते समय रोडवेज बस की टक्कर से शिक्षक की मौत तथा महिला शिक्षक घायल खैराबाद के चंद्र सिटी के सामने हुई प्रातः 8꞉00 बजे घटना

एंबुलेंस के द्वारा दोनों शिक्षको को जिला अस्पताल भेजा गया महिला शिक्षक को उपचार के उपरांत छुट्टी दे दी गई जबकि पुरूष शिक्षक को गंभीर अवस्था में लखनऊ के ट्रामा सेंटर भेजा गया जहां पर उसकी मृत्यु हो गई

खैराबाद । कंपोजिट विद्यालय बिरैचा में कार्यरत राजकुमार पुत्र कामता प्रसाद जोकि हुसैन गज में किराए पर रहते थे तथा चंद्र सिटी में रहने वाली महिला शिक्षक वंदना पत्नी राकेश कुमार आज प्रातः 8꞉00 बजे मोटर बाइक पर एक साथ अपने विद्यालय भी रहता जा रहे थे कि अचानक बहराइच की ओर जा रही बस ने उनकी मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी जिससे कि दोनों शिक्षक बस की चपेट में आ गए पुरुष शिक्षक राजकुमार रोडवेज बस




के पहिये के नीचे आ गए रोडवेज बस उनको खींचती हुई काफी दूर तक ले गई जबकि महिला शिक्षक पहिए के नीचे आने से बच गई लेकिन उनके पैर में चोट आई दोनों को एंबुलेंस के द्वारा सीतापुर के जिला अस्पताल भेजा गया जहां पर महिला शिक्षक वंदना को उपचार के उपरांत छुट्टी दे दी गई जबकि राजकुमार को लखनऊ के ट्रामा सेंटर भेजा गया जहां पर उनकी मृत्यु हो गई महिला शिक्षक वंदना के पति राजकुमार जो कि खैराबाद के मखुवा चौबेपुर में शिक्षक हैं दोनों चंद्र सिटी में मकान लेकर रहते हैं उन्होंने बताया कि आज वंदना की स्कूटी खराब थी इसीलिए स्कूल का पहला दिन था वह वहीं पर कार्यरत राजकुमार पुत्र कामता प्रसाद के साथ उनकी मोटरसाइकिल पर बैठकर अपने स्कूल जा रही थी कि अचानक चंद्र सिटी के गेट से डीजे कॉलेज चौराहे की तरफ जाते समय बस ने पीछे से टक्कर मार दी उन्होंने बताया कि दिवंगत शिक्षक राजकुमार आगरा के रहने वाले थे तथा यहां पर हुसैन गज में किराए पर रहते थे इस संबंध में विद्यालय के प्रधानाध्यापक अनिल श्रीवास्तव ने बताया कि आज स्कूल का पहला दिन था इसीलिए पहले दिन सभी शिक्षक स्कूल जरूर आते हैं इसीलिए वंदना की स्कूटी खराब होने पर भी दोनों एक साथ समय से स्कूल आने के लिए निकले थे कि यह हादसा हो गया सभी शिक्षकों ने इस घटना पर शोक जताते हुए शिक्षक को श्रद्धांजलि अर्पित की।

## ग्राम पंचायत रेउसा में स्वच्छता को लेकर की गई समीक्षा बैठक

दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान

रेउसा सीतापुर। ब्लाक रेउसा में स्वच्छता अभियान को लेकर पंचायत भवन में एक समीक्षा बैठक की गई जिसमें गांव की स्वच्छता के बारे में जानकारी दी गई सड़कों और नालियों की साफ सफाई के बारे में भी जानकारी दी गई इस मौके पर रेडियो पंचायत रेउसा जिला कोऑर्डिनेटर ग्राम पंचायत अधिकारी राहुल आनंद ग्राम प्रधान प्रतिनिधि किशोरी लाल गुप्ता ग्राम पंचायत सदस्य एवं व्यापार मंडल अध्यक्ष डॉक्टर सूबेदार बाजपेई पवन रस्तोगी मुन्नीलाल एवं क्षेत्रीय लोग उपस्थित रहे।

## एक दिवसीय स्वास्थ्य शिविर का किया गया आयोजन

दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान

खैराबाद सीतापुर ।नगर पालिका परिषद खैराबाद के अंतर्गत वार्ड किसानी टोला में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र खैराबाद की टीम पहुंची । जहां पर मोहल्ले में बुखार खांसी जुकाम सिरदर्द , डायरिया आदि पीड़ित लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण कर समूचे इलाज किया गया । शिविर में चार मोलनी किट, तीन लोग स्लाइड जांच कर 58 को दवा वितरण की गई। शिविर में प्रमुख रूप से डॉक्टर विजय सिंह, डॉक्टर शिवानी टंडन जया तिवारी, रिचा गुप्ता ,बिन्दू मौर्या, मौजूद रहे ।

## गन्ने की फसल का अवलोकन किया

दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान

बिसवां सीतापुर । तहसील क्षेत्र के प्रगतिशील गन्ना कृषक हिमांशु नाथ सिंह के कृषि फार्म खम्भापुरवा में अपर गन्ना आयुक्त डॉ. बी. के. शुक्ला ने गन्ने की फसल का अवलोकन किया उन्होंने गन्ना प्रजाति 17231 15466 14 201 15023 13231 13235 गन्ने की पेडी व पौधा को दिखा उसकी उपज व उसमें लगने वाले रोगों व उसके प्रबंधन के बारे में श्री सिंह से जानकारी ली। उन्होंने गन्ने की बढ़त को देखकर खुशी जाहिर की ।उन्होंने बताया कि इस बार तापमान के बढ़ने के कारण गन्ने की फसल काफी प्रभावित हुई है। इसलिए बढ़ते तापमान से बचने के लिए गन्ने में बराबर पानी देते रहे। उनके साथ जिला गन्ना अधिकारी रत्नेश्वर त्रिपाठी, गन्ना विकास निरीक्षक प्रभात कुमार, गन्ना महा प्रबंधक डॉक्टर अनूप कुमार, गन्ना प्रबंधक अविनाश चंद्र, गन्ना विकास अधिकारी राज मिश्रा सहित गन्ना समिति के व चीनी मिल के कर्मचारी मौजूद रहे।

## टीचर्स ट्रेनिंग के लिए सेमिनार का आयोजन

दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान

सीतापुर। आर.जे. जे.एजूकेशन प्वाइंट स्कूल बीरमपुर मे विद्यार्थियो के भविष्य को सुधारने व शिक्षक और विद्यार्थियो के बीच रिश्ते को और मजबूत बनाने के लिए एक विशेष सेमिनार का आयोजन किया गया। जिसका प्रारंभ ईश्वर के भजन से किया गया तत्पश्चात सेक्रड हार्ट इंटर कॉलेज सीतापुर से पधारी श्रीमती एंजिला प्रिंस का स्वागत बैच लगाकर विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती पूनम जयसवाल ने किया जिसके बाद श्रीमती प्रिंस ने शिक्षक व शिक्षकाओ को कई ज्ञान वर्धक टिप्स और टेकनिक्स बताई। उन्होंने बताया की किस प्रकार से हम बच्चो से रिश्ते बनाकर उनके लिए विषय को सुगम कर सकते है ,जिससे वे अपना भविष्य सुधार सकते है इस सेमिनार मे सभी ने अपनी सहभागिता निभाई

शिक्षकाओ ने श्रीमती प्रिंस से कई प्रश्न पूछे जिसका उत्तर उन्होंने बडी सरलता से देकर उन्हे संतुष्ट किया। कार्यक्रम के अंत मे विद्यालय के प्रबंधक श्री कुलदीप जयसवाल ने स्मृति चिन्ह प्रदान कर उन्हे सम्मानित किया। कार्यक्रम मे वाईस प्रिंसिपल श्रीमती अरूणिमा श्रीवास्तव,एडमिनिस्ट्रर रूपेश प्रिंस ,टीचर्स नेन्सी,जफीर,अमान, सपना कपूर, पुलकित गौरव, सीता मेहरोत्रा,अंजू, नीरा,काजल,हिना ,मंतशा,नौशीन,प्रीति हिमांशी सिंह, मोहिनी, प्रगति, रश्मि, आरती,ज्योति,रूबी, शिवानी आदि सम्मलित थे।

# वि0ख0सकरन में हुआ नही फिर भी हो गया लाखों का भुगतान

### ग्राम पंचायत बारहसिंघा में जेसीबी से कराया गया काम तो पचदेवरा में बिना कार्य के ही हो गया भुगतान

दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान

सीतापुर(सकरन) जँहा एक तरफ मुख्यमंत्री भ्रष्टाचार मुक्त प्रदेश बनाने की परिकल्पना बुन रहे है, व समय समय पर बैठकों में अधिकारियों को कड़ी चेतावनी देते रहते है कि प्रदेश भ्रष्टाचार न होने पाए,वही जिले पर नियुक्त सरकार के कर्मचारी बेख़ौफ़ होकर भ्रष्टाचार कर रहे है, सरकार की महत्वपूर्ण योजना मनरेगा के अंतर्गत ग्रमीणों को रोजगार देने का मुख्य उद्देश्य है, लेकिन सचिव,प्रधान व अन्य जिम्मेदार अधिकारी मनरेगा मजदूरो के पेट पर लात मार रहे है, मनरेगा में मजदूरो से कार्य करने के बजाए जेसीबी मशीन काम कर रही है।







बताते चले विकास खंड सकरन की ग्राम पंचायतों में जमकर भ्रष्टाचार व्याप्त है,सकरन में तैनात सचिव संत लाल पटेल की ग्राम पंचायतों में मनरेगा कार्यो में भारी खामियां है, ग्राम पंचायत बारासिंघा में मनरेगा से चल रहे कार्य अमृत सरोवर निर्माण कार्य पर मास्टर रोल पर तो मजदूरो की उपस्थिति दर्ज की जा रही है,लेकिन वही काम मजदूरो से कराने के बजाए जेसीबी मशीनों से कराया जा रहा है।

ग्राम पंचायत पचदेवरा में बैजनाथ की बाग से चंद्रेश के खेत तक चकमार्ग निर्माण कार्य चलाया जा रहा है, इस कार्य पर ऑनलाइन हाज़िरी भी लगाई जा रही है, लेकिन काम अभी तक कराया ही नही गया है, बल्कि कार्य का पैसा भी निकाल लिया गया है।जबकि कार्य के बाद कार्य की माप व एम बी तकनीकी सहायक करता है, उसके बाद कई प्रोसेस से होकर तक खण्ड विकास अधिकारी भुगतान करते है, भुगतान की पूर्ण जिम्मेदारी खंड विकास अधिकारी की होती है, उसके बावजूद भी लाखों रुपये का घोटाला कर सभी जिम्मेदारो ने बंदरबाट कर लिया।

ग्राम पंचायत सचिव ने जेसीबी से कार्य होने की बात को सिरे से नकारा, वही अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी ने बताया कि जेसीबी से काम होने की सूचना मिली यही जांच कराई जा रही है,किन्तु पचदेवरा में अग्रिम भुगतान के बारे में बताया कि मुझे जानकारी नही दिखवाते है। जब खण्ड विकास अधिकारी से बात की जानी चाही गयी तो फ़ोन नही उठाया गया।

## PCPNDT की बैठक जिलाधिकारी की अध्यक्षता में हुई संपन्न

दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान अयोध्या मण्डल ब्यूरो

अम्बेडकरनगर। PCPNDT की बैठक जिलाधिकारी अविनाश सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई द्य नोडल अधिकारी/ उपमुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ संजय वर्मा ने बताया कि जनपद में कुल 7 नए पीसीपीएनडीटी लाइसेंस के लिए आवेदन किए गए हैं द्य उन्होंने बताया की यह अधिनियम 1994 में लागू हुआ द्य इस अधिनियम के अनुसार भ्रूण में लिंग की जानकारी करना कानूनन अपराध है द्य इस अधिनियम का उद्देश्य कन्या भ्रूण हत्या पर रोक लगाना व कन्या लिंगानुपात में कमी को रोकना है द्य समस्त केंद्र के चिकित्सको को भी बैठक में उपस्थित होने के लिए जिला अधिकारी द्वारा निर्देश दिया गया। बैठक के दौरान

ज़िलाधिकारी द्वारा कड़े निर्देश दिए गए कि बिना चिकित्सक यदि कोई सेंटर संचालित पाया गया तो वैधानिक कार्यवाही की जायेगी।कोई भी केंद्र बिना रजिस्ट्रेशन के चलाता पाया गया तो उसे सील करते हुए संचालक के खिलाफ एफआईआर दर्ज करा दिया गया जायेगा। बैठक के दौरान मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा राजकुमार ने बताया कि सभी अल्ट्रासाउंड केंद्र पीसीपीएनडीटी अधिनियम का कड़ाई से पालन करना

## सिधौली से ' अधिकार यात्रा ' डां बृजबिहारी , रंजीत सिंह विद्रोही , सुनीला रावत के नेतृत्व मे शुरू

### बदलाव का आधार बनेगी अधिकार यात्रा - डां बृजबिहारी

दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान

सिधौली/बिसवां- सीतापुर में सामाजिक और आर्थिक बदलाव के लिए मंगलवार से सिधौली से अधिकार यात्रा शुरू हुई । इस यात्रा का समापन 15 अगस्त को सीतापुर में होगा सिधौली , महमूदाबाद , सेवता , बिसवां , मिश्रिख और सीतापुर विधान सभा क्षेत्र की 360 ग्राम सभाओ 60 जिला पंचायत क्षेत्रो से होकर गुजरेगी । यात्रा को झंडी कवि यादवेश ने दिखाई । इस अवसर पर डां बृजबिहारी ने कहा सीतापुर गहरे आर्थिक , राजनीतिक संकट में फंसा है यह यात्रा सीतापुर को इस संकट से निकालने में अहम भूमिका अदा करेगी । इस मौके पर रंजीत सिंह विद्रोही ने कहा सीतापुर बेरोजगारो का जिला बनता जा रहा जिले की इस तस्वीर को बदलना होगा और हर बेरोजगार को रोजगार देने के लिए सरकार ठोस कदम उठाए । सुनीला रावत ने कहा सीतापुर मे लाखो परिवार भूमिहीन है और जिले की सांख्यिकीय रिपोर्ट बताती है कि लाखो बीघा जमीन परती , बंजर खाली पड़ी है इसे गरीबो , भूमिहीनो में बांटी जाये ।आज यात्रा भरौना, गांगूपुर , देवरीकैल , नारायण पुर , तेरवा में बैठक की । गांगूपुर में रात्रि में ÷ संविधान पाठ ÷ का आयोजन किया गया।

# झूठे एवं मनगढ़ंत आरोपों के आधार पर थाना कोतवाली अकबरपुर में जांच के बाद एफआईआर को रद्द करने की एस पी से मांग

**दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान अयोध्या मण्डल ब्यूरो**

अम्बेडकर नगर।जनपद के अकबरपुर थाना क्षेत्र के सुईडीह गांव के निवासी राम इन्दर पाण्डेय पुत्र स्व राम लौट पाण्डेय का आरोप है कि पीड़ित के भाई हनुमान पांडे एवं उनके परिवार के सदस्य पीडीत की पुरानी (पैतृक) आबादी की जमीन को हड़पने की नियत से प्रार्थी को परेशान कर रहे हैं। उसके परिजन प्रार्थी व उसके परिवार पर झूठा व मनगढ़ंत आरोप लगाकर थाने में मामला दर्ज करा रहे हैं. पीड़ित और पीड़ित के परिवार के खिलाफ अब तक 4 मामले दर्ज किए गए हैं, जो पूरी तरह से झूठे और झूठे आरोपों पर आधारित हैं। दिनांक 20.06.2024 को भी हनुमान पांडे की पुत्री नेहा पांडे द्वारा झूठी एवं काल्पनिक घटना का हवाला देते हुए अकबरपुर थाने में फर्जी मुकदमा संख्या 363/2024 धारा 323, 504, 506 आईपीसी पंजीकृत कराया गया है। जिसमें आवेदक सहित उसके पुत्रों व पत्नी को अभियुक्त बनाया गया है. हल्का प्रभारी निरीक्षक एवं सिपाही को प्रार्थी एवं पीड़ित के भाई हनुमान पांडे के बीच चल रहे भूमि विवाद तथा हनुमान पांडे के परिवार के सदस्यों की गतिविधियों एवं कार्यप्रणाली की पूरी जानकारी है। हनुमान पांडे की बेटी नेहा पांडे और पीड़ित उनकी पत्नी पीड़ित को पुलिस से परेशान करने के लिए कुछ तथाकथित पत्रकारों के साथ आए दिन थाने और पुलिस अधिकारियों का चक्कर लगाती रहती हैं. उक्त लोगों ने पीड़ित को इतना परेशान कर दिया है कि न्याय न मिलने पर प्रार्थी आत्मघाती कदम उठाने को मजबूर हो सकता है। पुलिस स्टेशनों और पुलिस अधिकारियों के यहां लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच कर उनकी गतिविधियों के बारे में काफी जानकारी हासिल की जा सकती है। पुलिस अधीक्षक से एफआईआर संख्या 363/24 की उच्च स्तरीय जांच कराकर झूठे एवं काल्पनिक आधार पर दर्ज मुकदमे को समाप्त या निरस्त कर प्रार्थी एवं प्रार्थी के परिवार को उत्पीड़न/शोषण से बचाकर न्याय दिलाने की मांग की गई है।

# प्रदेश में बढ़ रही व्यापारियों के प्रति अपराधिक घटनाएं एवं व विद्युत कटौती के संबद्ध में लिखित ज्ञापन सौंपा

**दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान अयोध्या मण्डल ब्यूरो**

सुल्तानपुर। जिले के कटका क्लब सामाजिक संस्था की ओर से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नाम जिलाधिकारी के गैर मौजूदगी में सिटी मजिस्ट्रेट प्रवीन कुमार को प्रदेश में बढ़ रही व्यापारियों के प्रति अपराधिक घटनाएं एवं व विद्युत कटौती के संबद्ध में लिखित ज्ञापन सौंपा गया।

इस मौके पर उपस्थित संस्था के अध्यक्ष सौरभ मिश्र ने बताया कि प्रदेश में काननू व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त हो चुकी हैं बीते दिनों हुई कूरेभार क्षेत्र अंतर्गत गुप्तारगंज में हुई हत्या की घोर निंदा करते हैं और मुख्यमंत्री से मांग करते हैं कि पीड़ित परिवार को एक करोड़ का मुवाबाज व परिवार के सदस्यों को एक सरकारी नौकरी के साथ परिवार के सदस्यो के सुरक्षा हेतु प्रशाशन मुहैया कराया जाया। दोषियों के खिलाफ सख्त से सखूत कार्यावही हो जिससे दोबारा किसी व्यापारियों के इस प्रकार की घटना को अंजाम न दिया जा सके। इस मौके पर उपस्थित संस्था के प्रदेश प्रभारी आकाश सिंह ने कहा कि उघड़पुर उप केंद्र विद्युत केंद्र पर विद्युत उप केंद्र में निरंतर कटौती हो रही है। बीते सोमवार से अभी तक विद्युत नही आई है जिससे 56 गांव प्रभावित है। इससे अछूता विद्युत केंद्र द्मठुद्ध बिल्कुल नहीं है।



इस मौके पर उपस्थित संतोष कुमार गुप्ता, प्रितेश यादव, अशोक कुमार यादव, बृजेन्द्र मिश्र आदि मौजूद रहे ।




# भाजपा जिला कार्यालय अटल भवन में लोकतंत्र सेनानी सम्मान समारोह और गोष्ठी की आयोजित

दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान अयोध्या मण्डल ब्यूरो

अम्बेडकर नगर। भाजपा ने लोक तंत्र के अध्याय में सबसे काले दिन के रूप में मशहूर आपात काल काला दिवस पर भाजपा जिला कार्यालय अटल भवन में लोकतंत्र सेनानी सम्मान समारोह और गोष्ठी आयोजित किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रदेश शासन के खाद्य एवं रसद मंत्री सतीश शर्मा,अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष त्रयंबक तिवारी एवम संचालन कार्यक्रम संयोजक दीपक तिवारी ने किया। आपात काल काला दिवस के रूप में मनाए जाने के कार्यक्रम को संबोधित करते हुए खाद्य एवं रसद मंत्री सतीश शर्मा ने दुनियां छोड़ कर जा चुके लोक तंत्र सेनानियों को नमन करते हुए कहा कि 25 जून 1975 को राम लीला मैदान में आयोजित लाखों लोगों की विशाल जनसभा को सम्बोधित करने आए लोक नायक जय प्रकाश नारायण की जनसभा के बाद कांग्रेस की इंदिरा गांधी के नेतृत्व में केंद्र सरकार बौखला गई।जिसका परिणाम निकला कि इंदिरा गांधी ने उसी रात 12 बजे आपात काल की घोषणा कर दिया।आपात काल की घोषणा के बाद देश भर में लोक तंत्र की हत्या कर,संविधान को रौंदते हुए नेताओं,समाज सेवियों को जेलों में बंद कर प्रताड़ना देना और प्रेस पर पूर्ण वैन लगा कर लोगों की आवाज को दबाया गया। कहा कि जिस कांग्रेस पार्टी ने लोकतंत्र की हत्या किया,संविधान को 90 बार संशोधित कर संविधान की मूल भावनाओं को कुचला वही पार्टी आज संविधान की दुहाई देते हैं। भाजपा जिलाध्यक्ष त्रयंबक तिवारी जी ने गोष्ठी को सम्बोधित करते हुए कहा कि लोक तंत्र की हत्या करने वाली कांग्रेस पार्टी आज जिस प्रकार से संविधान की बात करती है उसके ही बड़े नेता राहुल गांधी जी ने लोक सभा में अपनी ही सरकार की विधेयक को फाड़ा था।क्या यही लोक तंत्र और संविधान की मूल भावना का आदर है। कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हमेशा संविधान का आदर किया है और किसी को भी संविधान की मूल भावनाओं से छेड़ छाड़ करने देंगे। उन्होंने कहा कि लोक तंत्र सेनानियों को जो यातनाएं कांग्रेस सरकार ने दी थी वह भयावह थी। कार्यक्रम में भाजपा पूर्व जिलाध्यक्ष कपिल देव वर्मा के चाचा के निधन पर दो मिनट का मौन रखा कर शोक व्यक्त किया गया। भाजपा जिला मीडिया प्रभारी बाल्मीकि उपाध्याय ने जारी विज्ञप्ति में बताया है कि मुख्य अतिथि मंत्री सतीश शर्मा और भाजपा जिलाध्यक्ष त्रयंबक तिवारी ने लोक तंत्र सेनानी संघ जिलाध्यक्ष राम शंकर गुप्ता,महामंत्री राम प्रकाश यादव,मीडिया प्रभारी मग्घू राम विमल,आशा राम वर्मा, श्रीपति चौधरी,पेशकार, राम रूप मौर्य,जमीरूल निशा,राजकुमारी सिंह, अली हुसैन, राम केवल मौर्य सहित कई अन्य लोक तंत्र सेनानियों को शाल और राम चरित्र मानस भेंट कर सम्मानित किया गया। गोष्ठी में मुख्य रूप से जिला पंचायत अध्यक्ष श्याम सुंदर वर्मा,पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष भारती सिंह,सुधा वर्मा,पूर्व जिलाध्यक्ष कपिल देव वर्मा,त्रिवेणी राम, जिला उपाध्यक्ष डाक्टर रजनीश सिंह,रमेश चंद्र गुप्ता,जिला महामंत्री दिलीप पटेल देव, ब्लाक प्रमुख संजय सिंह,प्रतिनिधि आनंद वर्मा,चंद्रिका प्रसाद,विनय पाण्डेय, सुनील पासवान,राम किशोर राजभर,अशोक उपाध्याय, राम बक्श सिंह, अमित पाण्डेय, जय राम सांगवानी आदि शामिल रहे।

# कप्तान साहब एक नजर इन अवैध कबाड़ियों पर...



***शिकायत दर्ज करने पर आरटीओ विभाग के अधिकारी कबाड़ियों कार्यवाही के लिए लिखा पत्र जिला प्रशासन को***

***लगा वर्दी पे दाग कबाड़ी देते हैं महीना हजार रुपए से पंद्रह सौ रुपए***

***मामले की जानकारी हमें नहीं-एस एस ओ***

***जल्द ही चलाया जाएगा अभियान-सीओ***

दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान अयोध्या मण्डल ब्यूरो

अम्बेडकरनगर । भले ही सूबे की योगी सरकार प्रदेश में अवैध कारोबारियों पर कड़ी कार्रवाई कर रही हो, इसके बावजूद जनपद अम्बेडकरनगर के तहसील जलालपुर ग्राम पंचायत शाहपुर फिरोजपुर पुरवा मलिकपुर छितौनी में लंबे समय से स्थानीय पुलिस के संरक्षण में कबाड़ का अवैध कारोबार तेजी से फल फूल रहा है?

सूत्रों की मानें तो इसके एवज में पुलिस व परिवहन विभाग इन कबाड़ कारोबारियों से प्रतिमाह मोटी रकम वसूली भी करता है. इक्का-दुक्का मामला प्रकाश में आने पर भी इसे दबाने और मैनेज करने की कवायद शुरू हो जाती है.

महज अभी कुछ दिन पहले बसखारी गुड्डू कबाड़ी का यह काला कारोबार बसखारी थाने से महज 2 किलोमीटर दूर जलालपुर रोड स्थित मे

कई सौ वर्ग में फैला हुआ है. यहां एक दर्जन से भी अधिक कबाड़ के कारोबारी हैं जो बेरोक-टोक कारोबार कर रहे हैं. गुड्डू कबाड़ी की खबर प्रकाशित होने पर मीडिया कर्मी के घर पर जाकर गुड्डू कबाड़ी पत्रकार को जान से मारने की धमकी दिया था और मीडिया कर्मी ने बसखारी थाने लिखित शिकायत दिया था अपनी जान माल की सुरक्षा के लिए गुहार लगाई और बसखारी पुलिस के द्वारा गुड्डू कबड्डी के ऊपर मुकदमा भी पंजीकृत हुआ

***पुलिसिया कर्य शैली पर उठे सवाल***

कबाड़ी पुलिस एवं आरटीओ में मोटी रकम देकर कबाड़ी अवैध गाड़ियों खरीदा बना रहे स्क्रैप अवैध कारोबार पर क्यों हाथ नहीं डाल रही जनपद अम्बेडकरनगर की पुलिस, जानिए क्या है मामला इन पर किसी का नियंत्रण न होने से कबाड़ियों की संख्या दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही है. कबाड़ी बिना सत्यापन के साइकिल, मोटरसाइकिल, कार, ट्रैक्टर, जीप, ट्रक जैसे कई अन्य छोटे व बड़े वाहनों व अन्य सामानों को बेधड़क खरीद रहे है. पुलिस कबाड़ियों पर नकेल नहीं कस पा रही है. जलालपुर तहसील क्षेत्र में आए दिन साइकिल, बाइक चोरी जैसी कई घटनाएं हो रही है ।

***मजे की बात यह है कि जो विडीयो पीले रंग की मैजिक दिखाई पड़ रही 75000 रूपए टेक्स बाकी***

मीडिया कर्मी ने आरटीओ विभाग फोन करके जानकारी लिया हुआ बड़ा खुलासा गाड़ी का कगज सिलेंडर हुआ लेकिन टैक्स बाकी आरटीओ विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों अजीबो - गरीब खेला वहीं आरटीओ के जिम्मेदार अधिकारी जन सुचना मांगने पर स्पष्ट लिखा कि जनपद अम्बेडकरनगर में किसी कबाड़ी को गाड़ी काटने एवं स्क्रैप बनाने परमिशन नहीं है। वहीं पर मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई गई कबाड़ियों के ऊपर कार्रवाई करके खड़ी गाड़ियों एवं स्क्रैप को जप्त किए जाए ।

**आरटीओ विभाग ने शिकायत के बाद निस्तारण में लिखा कि कार्यवाही के लिए जिला प्रशासन पत्र भेज दिया गया**

***आरटीओ विभाग के अधिकारी एवं पुलिस प्रशासन के खेल निराले भगवान भी न जाने***

आरटीओ विभाग लिखता है। जनपद अम्बेडकरनगर जिले में किसी कबाड़ी को गाड़ी काटने का परमिशन नहीं है वहीं पर बसखारी पुलिस से शिकायत करने पर जांच करके शिकायत को निस्तारण में लिखा जो बिना काम के सामान है क्रय करते हैं गुड्डू कबाड़ी और साक्ष्य प्रमाण के तौर पर जीएसटी का कागज अपलोड कर दिया गया। यह है बसखारी पुलिस का कारनामा। जब से पुलिस अधीक्षक छह अंबेडकर नगर की कार्यभार संभाले है सबसे जनता में न्याय की आस तो जगी है लेकिन थानों में लूट मची। पुलिस प्रशासन एवं जिला प्रशासन को पत्र भेजने के बाद आखिर अब तक कार्यवाही क्यों नहीं

***बिना लाइसेंस के चल रहा करोड़ों का धंधा***

कबाड़ व्यवसाय के लिए शासन ने कोई स्पष्ट नियम नहीं बनाया है. इसके लिए लाइसेंस जरूरी है. नियम के मुताबिक कबाड़ के व्यवसाय के लिए लाइसेंस होना चाहिए।

***कबाड़ व्यवसायियों पर पुलिस कार्यवाही नहीं***

कबाड़ व्यवसाय करने वालों के खिलाफ पुलिस द्वारा कोई कार्यवाही नहीं करने से कबाड़ियों के हौसले बुलंद हैं. ये बेधड़क चोरी के सामानों की खरीद बिक्री में लगे हुए हैं. यदि पुलिस द्वारा इन व्यवसायियों पर कड़ी कार्यवाही की जाए तो चोरी के कई वाहन व सामान इनके पास से बरामद हो सकता है. अम्बेडकरनगर एसपी डॉ कौस्तुब को मामले को संज्ञान में ले कर कार्यवाही करना चाहिए नहीं तो ऐसे ही सरकार का चूना लगता रहेगा।

***क्या बोले एस एस ओ जलालपुर***

मिडिया ने मामले में जब एस एच ओ ने बताया कि हमें जानकारी नहीं है। आखिर कैसे जिम्मेदार हैं जो जानकारी नहीं है इनके क्षेत्र में बिना परमिशन के स्क्रैप का कार्य किया जा रहा है या स्क्रैप करने वाले कहि वहीं सही है मिडिया द्वारा पोल कर आईना दिखाया गया।

***क्या बोले सीओ जलालपुर***

मिडिया द्वारा मामले की जानकारी जब जलालपुर सीओ से की गई तो उन्होंने कहा कि जल्द ही अभियान चला कर अवैध तरीके से जो स्क्रेप का कार्य किया जा रहा है सभी पर कार्यवाही की जायेगी।

# ग्राम पंचायत में कराये कार्यों की जाँच कराने की मांग

**दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान अयोध्या मण्डल ब्यूरो**

अम्बेडकर नगर।

जनपद के कटेहरी ब्लाक अंतर्गत मंशापुर निवासी सन्तोष सिंह पुत्र हौसीला प्रसाद ने खण्ड विकास अधिकारी कटेहरी से मांग करते हुए आरोप लगाया है कि ग्राम तालाब गाटासंख्या 145 रकबा है बाबा की कुटी से सटा पश्चिम दिशा में सफाई खुदाई कार्य 2023 पीड़ित व ग्रामपंचायत मंशापुर के समस्त ग्रामवाली अन्य ग्राम द्वारा का रूपया करके तालाब की जुडाई व सीढ़ी दीवाल चारों तरफ मिट्टी है।

ग्राम प्रधान ग्राम पंचायत आधकारी द्वारा गलत तरीके विपरीत उक्त तालाब अमृत सरोवर चयन करा लिया गया कराये गये कार्यों को प्रधान ग्राम पंचायत आधिकारी द्वारा स्वयं कार्य कराकर दिखाकर वर्तमान मनरेगा पत्रावली बनाकर तथा उच्चाधिकारी पास कराकर बन्दरबाट किया गया।

ग्राम प्रधान ग्राम पंचायत अधिकारी द्वारा ग्राम पंचायत में कराये कार्यों जाँच कराकर विधिक कार्यवाही किया जाना आवश्यक है।

यदि मनरेगा द्वारा पत्रावली जो रूपया पास कराया गया है दुरुपयोग उक्त विपक्षीगणो द्वारा लिया जायेगा तो सरकार गर्थी तथा ग्रामवासियो की अपूर्णनीय

# जन पहल फाउंडेशन ने वृक्षारोपण कर संरक्षण का लिया संकल्प

**दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान अयोध्या मण्डल ब्यूरो**

अम्बेडकर नगर। सुरक्षित पेड़ सुरक्षित जिंदगी के कार्यक्रम के तहत जन पहल फाउंडेशन के द्वारा वृक्षारोपण अभियान चलाया जा रहा है । कटघर मूसा में जन पहल फाउंडेशन द्वारा वृक्षारोपण किया गया। अध्यक्ष संदीप यादव ने बताया कि प्रथम चरण में अधिक से अधिक वृक्ष लगाने का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने बताया कि ईश्वर द्वारा बनाई गई धरती की हरी-भरी गोद हमें हमारे पूर्वजों के पुण्य कार्यों के कारण मिली थी। हमारा भी दायित्व बनता है कि आने वाली पीढ़ी के लिये हम वृक्षारोपण के माध्यम से धरती माता की गोद को हरी-भरी करें। जन्म से लेकर अंतिम यात्रा तक वृक्षों का हमारे जीवन में अमिट योगदान रहेगा। इसी व्यवस्था को ध्यान में रखकर आने वाली पीढ़ी के लिये कार्य कर रहे हैं। इस अवसर पर दिलीप कुमार प्रजापति उपाध्यक्ष, कोषाध्यक्ष शिवचंद निषाद, सलाहकार रजनीश कुमार, मंत्री गजराज निषाद ,परविंदर कुमार निषाद, महासचिव दिलीप कुमार भारती, गुलाब चंद, संतलाल,संदीप पाल,गुड्डू सिंह,अनुज प्रजापति ,रवि जायसवाल, विपिन



चतुर्वेदी,दीनदयाल प्रजापति, आशुतोष राव, रामगोपाल यादव ,राजेश यादव, बबलू यादव, आदि उपस्थित रहे। मंत्री परविंदर कुमार निषाद ने बताया कि बडेपुर, कटघर मूसा, इब्राहिमपुर ,मैनपुर, अशरफपुर सहित दर्जनों गांव में वृक्षारोपण कार्यक्रम अब तक संपन्न कराया जा चुका है।

# सौभाग्य योजना के तीसरे चरण से रोशन होंगे 2792 घर

**दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान अयोध्या मण्डल ब्यूरो**

अम्बेडकर नगर। सौभाग्य योजना के दो चरण समाप्त होने के बाद भी बिजली आपूर्ति से वंचित 15 हजार आबादी के घरों रोशन करने के लिए तीसरी बार सौभाग्य योजना वापस लौटी है। तीन अधिशासी अभियंताओं ने धरातल पर चिह्नित कार्यों की जांच कर 13 नए मजरों को शामिल किया। कुल 360 मजरों में बिजली का कार्य कराने पर मुहर लगाने के बाद इसकी रिपोर्ट शासन को भेज दी है। बजट स्वीकृति के साथ ही इन कार्यों को कराया जाएगा। जिससे 15 हजार आबादी को अंधेरे से निजात मिलेगी।

जनपद की 30 लाख से अधिक आबादी तक बिजली आपूर्ति पहुंचाने के लिए पावर कॉरपोरेशन ने 42 उपकेंद्र स्थापित किए हैं। 899 ग्रामपंचायतों तक बिजली के तार पहुंचाने का दावा बिजली विभाग कर रहा है, लेकिन सौभाग्य योजना के तीसरे चरण में हुए सर्वे में पता चला कि 360 मजरों के 2792 घरों तक बिजली के तार व खंभे नहीं पहुंच सके हैं। बिजली विहीन इन घरों तक बिजली के तार व ट्रांसफॉर्मर की स्थापना के लिए 198 किलोमीटर सिंगल फेस केबल लगाने का कार्य कराया जाएगा। इसके अलावा 15.34 किलोमीटर की तीन फेस की लाइन भी बिछाई जाएगी।

**लगेंगे 212 ट्रांसफॉर्मर -**

इन गांवों में निर्बाध बिजली आपूर्ति के लिए तार व खंभों के साथ ही 25 केवीए के 212 ट्रांसफॉर्मरों की स्थापना कराई जाएगी, ताकि उपभोक्ताओं को भविष्य में लो-वोल्टेज की समस्या से न जूझना पड़े। यही नहीं आवश्यकता वाले स्थानों पर ट्रांसफॉर्मरों की क्षमता वृद्धि का कार्य भी होगा।

**इन गांवों में कराए जाएंगे कार्य**

अकबरपुर के मीरपुर, मोहिददीपुर, नरायनपुर, बहलोलपुर, सकरावल पश्चिम, रानीगंज, आलापुर के निशान बस्ती प्रथम और द्वितीय और खास, जलालपुर के बढ़ाई का पुरवा, धसेरा, टांडा के चिंतौरा देवीपुर के वर्मा बस्ती, जमालपुर, मंशापुर, मुंगरी, अवधी का पूरा, उसर का पूरा, डड़वा, जमालपुर, बभनपुरा, विश्रामपुर समेत 360 मजरों में कार्य कराए जाने हैं।

**सभी वंचित मजरों में होगा विद्युतकरण**

जनपद में जो मजरे विद्युतकरण से वंचित रह गए हैं, वहां सभी कार्यों को सौभाग्य योजना के तीसरे चरण से कराया जाएगा। टीम ने सर्वे के बाद रिपोर्ट शासन को भेज दी है। बजट की स्वीकृति के बाद कार्य कराए

# दो वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान अयोध्या मण्डल ब्यूरो**

अम्बेडकरनगर। जनपद में मालीपुर पुलिस टीम द्वारा अपराध तथा अपराधियो पर प्रभावी अंकुश लगाये जाने के लिये चलाये जा रहे अभियान के क्रम में दौराने पुलिस के मुताबिक क्षेत्र भ्रमण मुखबिर द्वारा प्राप्त सूचना के आधार मु0अ0सं0 152/2024 धारा 147/323/504/506/307 भादवि0 से सम्बन्धित वांछित 02 अभियुक्त मो0 सईद उर्फ डब्बू पुत्र वाजिद अली उम्र करीब 40 वर्ष व 02. मीशम पुत्र मो0 सईद उम्र करीब 20 वर्ष निवासीगण ग्राम फरीदपुर थाना जलालपुर जनपद अम्बेडकरनगर को नेमपुर तिराहे के पास से आज दिनांक 25.06.2024 को समय करीब 3.40 बजे गिरफ्तार किया गया । अभियुक्तगण मो0 सईद उर्फ डब्बू व मीशम से घटना में प्रयोग किये गये 02 अदद



डण्डे भी बरामद किये गये। अभियुक्तगण उपरोक्त को सम्बन्धित न्यायालय भेजा गया।

***विवरण नाम-पता गिरफ्तार अभियुक्त -***

मो0 सईद उर्फ डब्बू पुत्र वाजिद अली उम्र करीब 40 वर्ष निवासी ग्राम फरीदपुर एवं मीशम पुत्र मो0 सईद उम्र करीब 20 वर्ष निवासी ग्राम फरीदपुर थाना जलालपुर जनपद अम्बेडकरनगर।

*विवरण आपराधिक इतिहास अभियुक्त मो0 सईद उर्फ डब्बू ङ्क*

1.मु0अ0सं0 152/2024 धारा 147/323/504/506/307 भादवि0 थाना मालीपुर जनपद अम्बेडकरनगर।

*विवरण आपराधिक इतिहास अभियुक्त मीशम पुत्र मो0 सईद-*

1.मु0अ0सं0 152/2024 धारा 147/323/504/506/307 भादवि0 थाना मालीपुर जनपद अम्बेडकरनगर।

2.मु0अ0सं0 222/2022 धारा 5/8 गौ हत्या निवारण अधि0 व 333/511 भादवि0 थाना मालीपुर जनपद अम्बेडकरनगर।

03.मु0अ0सं0 52/2022 धारा 323/504/506 भादवि0 थाना जलालपुर जनपद अम्बेडकरनगर।

4.मु0अ0सं0 338/2022 धारा 4/25 आर्मस्य एक्ट थाना जलालपुर जनपद अम्बेडकरनगर।

5.मु0अ0सं0 337/2022 धारा 3/5/8 गौ हत्या निवारण अधि0 व 11 पशु क्रूरता निवारण अधि0 थाना जलालपुर जनपद अम्बेडकरनगर।

*विवरण बरामदगी -*

घटना में प्रयुक्त 02 अदद डण्डा।

*गिरफ्तारकर्ता पुलिस टीम का विवरण-*

शिवांगी त्रिपाठी थानाध्यक्ष, का0 मनी कुमार,हिमांशु सोलियान,का0 चन्दन साहनी का0 योगेन्द्र प्रताप सिंह थाना मालीपुर जनपद अम्बेडकरनगर मौजूद रहे।

केसरिया हिन्दुस्तान

# लीकेज रोकने और सुदृढ़ मॉनिटरिंग में सहायक होगा एचएमआईएस- उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल

***चिकित्सकीय सेवाओं की प्रदाय व्यवस्था का होगा डिजिटलीकरण***

***उप मुख्यमंत्री ने कॉन्सेप्ट नोट की समीक्षा की***

*दैनिक केसरिया हिंदुस्तान*
*रीवा संभाग ब्यूरो भूपेंद्र सिंह*

उप मुख्यमंत्री श्री राजेंद्र शुक्ल ने कहा है कि चिकित्सकीय सेवाओं के प्रदाय, मरीज़ों की सुविधा, मरीज़ों की स्वास्थ्य प्रोफाइल और उपचार की ट्रैकिंग, संसाधनों के लीकेज को रोकने और सुदृढ़ मॉनिटरिंग में एचएमआईएस पोर्टल कारगर सिद्ध होगा। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने चिकित्सकीय सेवाओं की प्रदाय व्यवस्था के डिजिटलीकरण के लिए एचएमआईएस पोर्टल के कॉन्सेप्ट नोट की मंत्रालय वल्लभ भवन में समीक्षा की। उप मुख्यमंत्री ने एचएमआईएस पोर्टल के निर्माण हेतु देश एवं अन्य राज्यों के सफल मॉडल का अध्ययन कर आवश्यक प्रावधान करने के निर्देश दिये

अपर मुख्य सचिव स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा श्री मो. सुलेमान, प्रमुख सचिव श्री विवेक कुमार पोरवाल ने एचएमआईएस के प्रावधानों की विस्तारपूर्वक जानकारी प्रदान की। एचएमआईएस पोर्टल में पूरी तरह से डिजिटाइज्ड प्रणाली द्वारा अस्पतालों में रोगी प्रवाह और सेवाओं में सुधार किया जाएगा। रोगी और अस्पताल के संबंध को बेहतर, पारदर्शी, आरामदायक और भरोसेमंद बनाया जाएगा। मौजूदा दवा और उपकरण सॉफ्टवेयर, एमपी-औषधि और ईएमएमएस और अन्य स्वास्थ्य



संबंधी पोर्टल के साथ एकीकरण के प्रोविजन रहेंगे। पोर्टल में यह सुनिश्चित किया जाएगा कि कार्य का दोहराव न हो। पोर्टल में राष्ट्रीय डेटा सुरक्षा मानदंडों और कानूनी ढांचे के अनुरूप पोर्टल को निर्मित किया जाएगा।

**घर से होगा पंजीयन, क़तारों में नहीं लगना होगा**

एचएमआईएस पोर्टल से रोगी घर से ही पंजीकरण कर सकेंगे। चिकित्सालय में भी भीड़ रहित पर्चा निर्माण किया जा सकेगा। आभा द्वष्ठ के प्रयोग द्वारा रोगियों का समय बचाया जा सकेगा। क्यू प्रबंधन और टोकन डिस्प्ले प्रणाली से समर्थित पूरी तरह से डिजिटल प्रणाली के माध्यम से चिकित्सक को सीधे दिखाया जा सकेगा। साथ ही समस्त डेटा की एंट्री एवं अपडेशन सोर्स पर किए जाने से रोगियों के बहुमूल्य समय की बचत हो सकेगी। पूरी प्रणाली वायरलेस और सुरक्षित होगी। दवा और निदान प्रणाली का पूर्ण एकीकरण होगा जिससे कार्य दोहराव कम होगा।

**रिकॉर्ड ऑनलाइन होने से किसी भी अस्पताल में चिकित्सकीय परामर्श की सुविधा**

नागरिक अपने स्वास्थ्य रिकॉर्ड और रिपोर्ट्स को ऑनलाइन देख सकेंगे, जिससे उन्हें कहीं भी और कभी भी अपने डेटा तक पहुंच प्राप्त होगी। मरीज अपने रिकॉर्ड्स को भारत के किसी भी अस्पताल में दिखा सकेंगे। जिससे इलेक्ट्रॉनिक हेल्थ रिकॉर्ड के माध्यम से पोर्टेबिलिटी के लाभ प्राप्त होगे। पूरी तरह से पेपरलेस प्रणाली के कारण रेफरल प्रणाली मजबूत होगी, जिससे बेहतर और तेज स्वास्थ्य सेवाएँ मिल सकेंगी। नागरिक टेलीमेडिसिन के माध्यम से रिमोट कंसल्टेशन सहजता से प्राप्त कर सकें इसके भई प्रावधान कॉन्सेप्ट नोट में शामिल है।

**दूरस्थ और नेटवर्क चुनौतीपूर्ण क्षेत्रों में एचएमआईएस के सहज क्रियान्वयन के प्रावधान**

पोर्टल क्लाइंट सर्वर मॉडल में प्रस्तावित है। यह मॉडल पूर्णकालिक इंटरनेट उपलब्धता पर निर्भर नहीं होता है, जिससे दूरस्थ और नेटवर्क चुनौतीपूर्ण क्षेत्रों में भी एचएमआईएस को लागू किया जा सकता है। क्लाइंट सर्वर मॉडल में प्रत्येक क्लाइंट को सभी आवश्यक कार्यक्षमता उपलब्ध होती है, भले ही इंटरनेट कनेक्शन अस्थायी रूप से अनुपलब्ध हो। डेटा कनेक्शन उपलब्ध होते ही प्रत्येक क्लाइंट केंद्रीय सर्वर के साथ समन्वयित हो जाता है, जिससे डेटा सुरक्षित और अद्यतित रहता है। इस मॉडल की सहायता से भविष्य में नए कार्य और सुविधाएं बिना मौजूदा संचालन को बाधित किए जोड़ी जा सकती हैं। आयुक्त लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा श्री तरुण पिथोड़े, अपर आयुक्त चिकित्सा शिक्षा डॉ पंकज जैन सहित स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

# पल्स पोलियो अभियान : घर घर दस्तक देकर आंगनवाड़ी कर्मचारियों ने पिलाई पोलियो की दवा




**रिपोर्टर दिनेश शुक्ला**

जिले में रविवार से तीन दिवसीय पल्स पोलियो अभियान की शुरुआत की गई। रविवार को आंगनवाड़ी केंद्रों पर दवाई पिलाई गई तो वही सोमवार को घर घर जाकर 0 से 5 वर्ष तक के बच्चो को पोलियो की दवाई पिलाई गई। देश को पोलियो मुक्त करने के लिए समय समय पर पोलियो की दवाई पिलाने का कार्य किया जाता आ रहा है। इसी क्रम में आंगनवाड़ी, आशा कार्यकर्ता एव स्वास्थ्य विभाग के द्वारा पूरे क्षेत्र में तीन दिवसीय पोलियो की दवाई पिलाने का अभियान चलाया जा रहा है। बीएमओ डॉक्टर देवेंद्र मौर्य ने जानकारी देते हुवे बताया कि रविवार ओर सोमवार को क्षेत्र के लगभग 31 हजार बच्चो को दवाई पिलाई गई जिसमे नगर के 4507 एव ग्रामीण क्षेत्र के 26985 बच्चो को दवाई पिलाई गई इस दौरान आंगनवाड़ी कार्यकर्ता स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियो सहित अन्य अतिथियों ने पल्स पोलियो अभियान को सफल बनाने के लिए ओर हर बच्चे को दो बूंद जिंदगी की देने के लिए घर घर दस्तक दे रहे है इन तीन दिन कई बच्चों को पोलियो की दवा पिलाने का लक्ष्य रखा गया है।

23 से 25 जून तक पल्स पोलियो अभियान चलेगा। जन्म से 5 साल तक के बच्चों को पोलियो से बचाने के लिए हर जिले में अभियान शुरू हुआ है।

आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं और कर्मचारियो द्वारा जो बच्चे छूट गए है उन्हे घर घर जाकर एवम निजी स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में छूटे हुए बच्चों को दवाई पिलाई जा रही है।




# वृक्ष लगाओ देश बचाओ कार्यक्रम आयोजित-

-देनिक केसरिया हिंदुस्तान रतलाम जिला ब्युरो सुनिल जोशी÷सोनु÷

-रतलाम जिले की ग्राम पंचायत रानीगांव में स्वर्गीय महेंद्र सिंह कालूखेड़ा पार्क पर वृक्ष लगाओ देश बचाओ कार्यक्रम रखा गया जिसमे एसडीम राधा महंत , पिपलोदा तहसीलदार देवेंद्र धानगढ ,पिपलोदा सीईओ बलवंत नलवाया , ए ई मुकेश कलमिया ,सरपंच चांदनी रितेश जैन के हाथों से वृक्षारोपण किया गया सर्वप्रथम मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलित कर माल्यार्पण किया गया उसके बाद कार्यक्रम की शुरुआत की गई सरपंच चांदनी रितेश जैन ने सभी अतिथियों का पुष्प माला पहनाकर स्वागत किया गया स्वागत भाषण सरपंच प्रतिनिधि रितेश जैन द्वारा दिया गया कार्यक्रम के दौरान एसडीएम जावरा राधा महंत ने वृक्षारोपण पर उद्बोधन किया एसडीएम ने कहा की हर व्यक्ति को एक वृक्ष लगाना चाहिए और वृक्ष लगाकर उसकी देखभाल करना चाहिए कार्यक्रम में उपस्थित सभी सरपंचों को एसडीएम ने कहा कि अधिक से अधिक वृक्ष लगाए और उनकी देखभाल करें सभी ग्रामीण जनों से बोला कि अपने अपने खेत पर वृक्ष लगाए और उनकी पूरी तरह देखभाल करें और वृक्षों की कमी से दूसरा कोरोना कॉल आने वाला है पिपलोदा तहसीलदार व जनपद पंचायत पिपलोदा सीईओ ने वृक्षारोपण पर उद्बोधन किया गया इस अवसर पर जावरा एसडीम राधा महंत, तहसीलदार पिपलोदा देवेंद्र धानगढ, जनपद सीईओ पिपलोदा बलवंत नलवाया, ए ई मुकेश कलमिया, रानीगांव सरपंच चांदनी रितेश जैन, जनपद सदस्य प्रतिनिधि बालाराम पटेल , उप सरपंच नंदलाल पाटीदार, पटवारी संजय औरा धाकड़, सचिव लक्ष्मण माली, सहायक सचिव मांगीलाल बोस, सभी आसपास गांव के सभी सरपंच सचिव एवं सहायक सचिव और कर्मचारी और काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे संचालन शिक्षक संजय सेन ने किया आभार सरपंच चांदनी रितेश जैन ने माना कार्यक्रम के बाद सभी ने भोजन किया

## धूम धाम से मनाया पीहूपाल का जन्मदिन

**शैलेन्द्र चौहान भोपाल संभाग रिपोर्टर**

दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान बाड़ी , गोरेलाल पाल आरती पाल की बिटिया पीहू पाल का जन्मदिन केक काटकर बड़े ही हर्ष उल्लास से मनाया गया। पाल परिवार की होनहार बिटिया को जन्मदिन पर बधाई एवं शुभकामनाएं



परिवार जनों ने प्रदान की। बड़े बुर्जुगों ने आशिर्वाद देकर स्वस्थ जीवन और उज्वल भविष्य की मंगल कामना की।परिवार के भाई, बहन और सहपाठियों ने बधाई और गिफ्ट प्रदान किए। बड़ी बहन पूजा पाल बड़े पापा कमल किशोर पाल बड़े भाई अरुण पाल धर्मेंद्र पाल हमारी दादी मीराबाई पाल बड़ी मम्मी सुमनबाई भाई मनीष पाल मोहित पाल दादाजी गोपाल पाल बड़े पापा शंकरपाल बड़ी मम्मी श्री बाई एवं सभी पाल परिवार जनों ने आशिर्वाद देकर जन्मदिन मनाया।

## *नवीन उचित मूल्य दुकान खोली जाने हेतु पात्र संस्थाओं से ऑनलाइन आवेदन पत्र 25 जून से 10 जुलाई तक आंमत्रित*. गोपाल त्रिपाठी की रिपोर्ट

**आवेदन विभाग की बेवसाईट द्वह्लड्डह्लद्बश्चठ्ठद्वद्बह्लह्लड्ड.ठ्ठद्बष्.द्वठ्ठ पर ऑनलाइन किये जा सकेंगे**

**अधिक जानकारी के लिये संबंधित अनुविभागीय अधिकारी कार्यालय एवं सहायक/कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी से करें संपर्क**

*भिण्ड। जिला आपूर्ति अधिकारी भिण्ड ने बताया कि जिला भिण्ड में ग्रामीण क्षेत्रों में जिन पंचायतों में शासकीय उचित मूल्य दुकान नहीं है, उन पंचायतों में नवीन उचित मूल्य दुकान खोली जाने हेतु पात्र संस्थाओं से निर्धारित प्रारूप में ऑनलाइन आवेदन पत्र दिनांक 25 जून 2024 से 10 जुलाई 2024 तक आंमत्रित किये गये हैं। आवेदन विभाग की बेवसाईट द्वह्लड्डह्लद्बश्चठ्ठद्वद्ब-ह्लह्लड्ड.ठ्ठद्बष्.द्वठ्ठ पर ऑनलाइन किये जा सकेंगे।पात्र संस्थायें आवेदन की अर्हतायें की अधिक जानकारी के लिये संबंधित अनुविभागीय अधिकारी कार्यालय एवं सहायक/कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी से संपर्क करें। भिण्ड जिले के ग्रामीण क्षेत्र में दुकानविहीन पंचायतें अटेर में नरीपुरा, विरगंवा, पावई, सौरा, पिथनपुरा, गोहद में खेरिया जल्लू, डॉग छँकुरी, लहार में सोंसरा, रौन में लोहचरा, चाचीपुरा निर्धारित हैं।

# जिला स्तरीय जनसुनवाई में 110 आवेदनों पर हुई सुनवाई

**कलेक्टर ने अधिकारियों को शिकायती आवेदनों के निराकरण के निर्देश दिए**

*सुरेंद्र पटेरिया केसरिया हिंदुस्तान

छत्तरपुर*

मो.7509091263

कलेक्टर संदीप जी.आर. की अध्यक्षता में मंगलवार को जिला पंचायत सभाकक्ष में जिला स्तरीय जनसुनवाई सम्पन्न हुई। इस दौरान एडीएम मिलिन्द नागदेवे, जिला पंचायत सीईओ तपस्या परिहार सहित जिलाधिकारी उपस्थित रहे। कलेक्टर श्री जी.आर. द्वारा जनसुनवाई में प्राप्त 110 शिकायती आवेदनों का परीक्षण करते हुये संबंधित विभाग को आवेदन निराकरण करने के लिए निर्देशित किया गया। उन्होंने कहा जनसुनवाई के दिन आने वाले शिकायती आवेदनों पर उक्त दिवस में ही कार्यवाही करें। जनसुनवाई में शिक्षा, राजस्व, पुलिस, नगरीय निकाय, ग्रामीण विकास, विद्युत मण्डल, स्वास्थ्य, खाद्य, आदिम जाति, श्रम,



सामाजिक न्याय, महिला एवं बाल विकास सहित विभिन्न शिकायती आवेदन प्राप्त हुए।

# पल्स पोलियो के 7 दिवसीय अभियान की हुए शुरुवात

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान विकास यादव खरगोन जिला ब्यूरो चीफ



मंडलेश्वर~ स्वास्थ्य विभाग द्वारा 7 दिवसीय पल्स पोलियो अभियान की शुरवात रविवार को की गई। डा विनय डोंगरे ने जानकारी देते हुए बताया की आगामी शनिवार तक 0 से 5 वर्ष तक के बच्चो को पोलियो की खुराक पिलाई जायेगी। रविवार को बस स्टैंड पर इस अभियान की शुरुवात व्यापारी संघ के वरिष्ट एवं बस संचालक ओमप्रकाश अग्रवाल एवं बस स्टैंड के वरिष्ट एजेंट रमेश शर्मा द्वारा बच्चो को पोलियो की अतिरिक्त खुराक पिलाकर की गई। सोमवार से स्वास्थ्य विभाग की विभिन्न टीम प्रत्येक वार्ड के घरों मे जाकर 0 से 5 वर्ष तक के बच्चो को पोलियो की अतिरिक्त खुराक पिलाएगी। व्यापारी संघ के मीडिया प्रभारी नितिन जोशी ने उक्त जानकारी देते हुए बताया की बस स्टैंड पर उपस्थित सभी बस कंडक्टर, एजेंट, क्लीनर से 0ङ्क5 वर्ष के बस में सफर कर रहे बच्चो के पालकों को पोलियो की अतिरिक्त खुराक बस स्टैंड पर लगे हुए पोलियो बूथ पर पिलाने के लिए जागरूक किया। पल्स पोलियो अभियान के अंतर्गत नगर परिषद अध्यक्ष विश्वदीप मोयदे ने अपनी पुत्री अभिन्या को पोलियो की अतिरिक्त खुराक पिलवाई। इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग के केदार शुक्ला, आशा पर्यवेक्षक मालू सेन, कमल सेन ने बच्चों को पोलियो की अतिरिक्त खुराक पिलाई।



## कुरवाई बेतवा पुल घाट के भीतर चल रही थी अवैध रूप से रेत की खदान माइनिंग विभाग ने की 3:00 बजे कार्यवाही

**जिला ब्योरो नीरज दुबे**

भोपाल और विदिशा की दो-दो माइनिंग की टीमों ने बेतवा पुल घाट के भीतर से अवैध रूप रेत के ट्रेक्टरों को पकड़ तो लिया है,लेकिन अब यहां प्रश्न यह उठता है कि माइनिंग द्वारा पकड़े गये उन ट्रेक्टरों पर रेत के अवैध परिवहन और रेत के अवैध उत्खनन का केश बनेगा कि नही और वाहनों को राजसात किया जायेगा की नहीं किया जायेगा, क्योंकि कितने दिन से रेत के अवैध उत्खनन और परिवहन का व्यापार राजनैतिक संरक्षण में फल फूल रहा है। मीडिया ने अपनी नैतिक जिम्मेदारियों का निर्वहन करते हुए लगातार खबरों को प्रकाशित किया लेकिन स्थानीय प्रशासन राजनैतिक दबाव और प्रभाव अवैध उत्खनन कर्ताओं पर हाथ डालने से कतराता रहा।

मजेदार बात यह भी है कि क्या कार्यकर्ता विधायक की आड़ में अपनी मनमानी करता रहेगा, क्या सभी ऊपर बैठे अधिकारी और अन्य हमारे राजनेता उसके खिलाफ कोई एक्शन लेंगे।

# मनगवां पुलिस ने अवैध नशीली कफ सीरप के कारोबारियों के विरुद्ध की कार्यवाही

**दैनिक केसरिया हिंदुस्तान रीवा शिवेंद्र सिंह**

पुलिस अधीक्षक जिला रीवा विवेक सिंह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रीवा देहात शविवेक कुमार लाल के निर्देशन में अनुविभागीय अधिकारी पुलिस अनुभाग मनगवां डां. श्री के.एस. द्विवेदी के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी मनगवां निरी. गोकुलानन्द पाण्डेय के द्वारा हमराह पुलिस स्टाफ की मदद से मनगवां पुलिस ने अवैध नशीली कफ सीरप के कारोबारियों के विरुद्ध की कार्यवाही।

दिनांक को 23.06.2024 को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम हिनौती गांव मे जितेन्द्र बहादुर उर्फ राजू अपने घर के सामने अपनी मोटर साईकल स्न्रञ्ज 7 स्रू 7583 में नशीली कफ सीरफ रखे हुये विक्रय कर रहा है। उक्त सूचना पर थाना प्रभारी मनगवा द्वारा अपनी टीम के साथ मौके पहुंचकर कार्यवाही करते हुये 01 नफर आरोपी मय मोटर साईकिल मय नशीली कफ सीरप के साथ पकडा गया बाद वापसी पर 01 आरोपी के विरुद्ध




थाना मनगवां में अप.क्र. 293/2024 धारा 8,21,22 ह्रष्ठक्क्र,ष्टञ्ज 5/13 औषधि नियंत्रण अधिनियम के तहत कार्यवाही की गई।

जप्ती मसरुकाः- 18 नग नशीली कफ सीरप कीमती 3060 एवं हीरो स्पलेण्डर प्रो मोटर साइकिल क्रमांक स्न्रञ्ज 7 स्रू 7583 कीमती 75000 रुपये, कुल कीमती 78060/-

गिरफ्तार आरोपी- जितेन्द्र बहादुर सिंह गहरवार उर्फ राजू पिता स्व. शिवनाथ सिंह गहरवार उम्र 30 वर्ष निवासी हिनौती थाना मनगवां जिला रीवा (म.प्र.)मुख्य भूमिकाः थाना प्रभारी निरीक्षक गोकुलानन्द पाण्डेय, सउनि मगनलाल रावत, प्रआर, 49 अवधेश तिवारी, आर. 476, सन्तोष डाबर, आर. 592 बृजकिशोर अहिरवार, आर. 996 अर्पित सिंह, आर. 401 अमरीष प्रताप सिंह, आर. 674 कृष्णकान्त शर्मा

# कृषि उपज मंडी में किसानों के साथ ठगी की राशि किसानों को लौटाने के मसले पर विधायक सचिन बिरला ने अधिकारियों और किसानों से साथ मंगलवार को मंडी कार्यालय में बैठक की

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान विकास यादव खरगोन जिला ब्यूरो चीफ

रिपोर्ट आशीष शर्मा सनावद- कृषि उपज मंडी में किसानों के साथ चार करोड़ इकतीस लाख रु की ठगी की राशि किसानों को लौटाने के मसले पर विधायक सचिन बिरला ने अधिकारियों और किसानों से साथ मंगलवार को मंडी कार्यालय में बैठक की।

बैठक में विधायक ने पीड़ित किसानों को बताया कि किसानों के साथ ठगी करने वाले व्यापारी अनिल मालाकार की विभिन्न संपत्तियों की नीलामी से शासन को एक करोड़ चालीस लाख रु प्राप्त हो चुके हैं। इसके अलावा मालाकार की कसरावद स्थित कृषि भूमि की नीलामी से लगभग 50 लाख रु जल्दी ही मिलने की संभावना है। विधायक ने कहा कि आगामी विधानसभा सत्र में ठगी पीड़ित किसानों की पूरी राशि वापस दिलाने का मामला उठाया जाएगा और इस मुद्दे पर मुख्यमंत्री और कृषि मंत्री से भी चर्चा कर पीड़ित किसानों की राशि लौटाने का मार्ग प्रशस्त किया जाएगा। विधायक



ने बताया कि मालाकार की संपत्तियों की नीलामी से एक करोड़ नब्बे लाख रु की राशि शासन को प्राप्त होने में लगभग 15 दिन का समय और लगेगा। इसलिए पीड़ित किसानों से अनुरोध है कि थोड़ा धैर्य रखें। विधायक ने किसानों को आश्वस्त किया कि किसानों को उनकी पूरी राशि लौटाई जाएगी। यदि मालाकार की संपत्ति की नीलामी से पूरी चार करोड़ अड़तीस लाख रु की राशि वसूली नहीं होती तो शेष राशि की भरपाई मंडी बोर्ड से करवाई जाएगी। बैठक में यह मांग स्वीकार कर ली गई कि किसानों की पूरी राशि मिलने तक मंडी का कामकाज बंद कर रखा जाएगा। उल्लेखनीय है कि सनावद कृषि उपज मंडी में डेढ़ माह पूर्व व्यापारी अनिल मालाकार लगभग दो सौ किसानों से चार करोड़ इकतीस लाख रु के चने खरीदकर फरार हो गया था। इसके बाद किसानों ने मंडी में ताला जड़ दिया था और लगभग 15 दिनों तक मंडी का कामकाज ठप रहा था। इसके बाद विधायक ने मंडी बोर्ड और वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों,पीड़ित किसानों और किसान नेताओं के बैठक की थी और बैठक में किसानों की राशि 25 जून तक लौटाने पर सहमति बनी थी। किसानों ने मंडी प्रशासन के लिखित आश्वासन के बाद अपना आंदोलन समाप्त कर दिया था। इस तारतम्य में मंगलवार को मंडी में पुनः बैठक रखी गई। बैठक में एसडीएम प्रतापसिंह अगास्या,मंडी बोर्ड इंदौर के संयुक्त संचालक महेंद्रसिंह चौहान और पीड़ित किसान तथा किसान नेता उपस्थित थे।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान

# पूरे नगर में हटेंगे बिजली के पुराने तार, होगा केबलीकरण



***29 किमी केबल, 500 नए पोल, 6 अतिरिक्त ट्रांसफार्मर की मिली मंजूरी,***

***नपाध्यक्ष यादव व पूर्व मंत्री दात्तीगांव के प्रयास से हुई स्वीकृति,***

जिला ब्यूरो धार/ दैनिक केसरिया हिंदुस्तान
मो. 9424075866

बदनावर। शहरभर में मकड़ी के जाल की तरह फैले बिजली के वर्षों पुराने तारो व बिजली के टूटे फूटे खंबो से मुक्ति मिलने जा रही है। इसके लिए 3 करोड़ 43 लाख रुपए मंजूर हुए है। नगर परिषद अध्यक्ष मीना शेखर यादव ने बताया कि प्रदेश के पूर्व उद्योग मंत्री राजवर्धनसिंह दत्तीगांव के प्रयास से मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव व ऊर्जा मंत्री प्रद्युमन सिंह तोमर ने आरडीएसएस योजना के तहत यह स्वीकृति दी है।

यादव ने बताया कि पूरे नगर में वर्षों पुराने बिजली के तार हटाकर उनके स्थान पर नई केबल डाली जाएगी। करीब साढ़े 29 किलोमीटर क्षेत्र में यह केबल डलेगी। इसके अलावा शहर में वर्षों पुराने बिजली के खंबो को हटाकर उनके स्थान पर नए बिजली के पोल लगाए जाएंगे। करीब 500 नए पोल लगेंगे। इसके अलावा नागेश्वर मंदिर, आफिसर कालोनी, पुरानी सरस्वती कालोनी, करबला रोड, अंबिका स्कूल समेत अन्य जगह 100 किलोवाट के नए बिजली ट्रांसफार्मर लगेंगे। योजना के तहत मिक्स ट्रांसफार्मर के विभक्तिकरण के कार्य भी होंगे। यादव ने बताया कि बदनावर बड़ी चौपाटी पर सेपरेट सिंचाई उपभोक्ताओ के लिए महावीर पंप के पास नया डिटीआर लगेगा। इसके अलावा अन्य नगरीय क्षेत्र में 3 सिंचाई कनेक्शन के लिए सेपरेट स्थापित होगें। बड़ी चौपाटी समेत पूरे नगर में केबलीकरण होने से वर्षों पुराने बिजली के तारो से मुक्ति मिलेगी। क्योंकि वर्षों पुराने तार होने के कारण आंधी हवा के कारण तार टूटने से हादसे का डर बना रहता है व कम वॉल्टेज की समस्या रहती थी। वही शहर में लगे सालों पुराने बिजली के पोल कहीं झुक रहे तो कहीं टूट रहे थे। अब उनकी जगह नए पोल लगाने का काम हो रहा है।

# *विधायक ने कलेक्टर-एसपी के साथ किया निरीक्षण~ 29 जून से 5 जुलाई तक छिपरी में होगा धार्मिक समारोह, सीएम करेंगे शिव प्रतिमा का लोकार्पण*

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान
मनोज सिंह/जिला ब्यूरो

टीकमगढ़।जिले के लिधौरा तहसील के छिपरी गांव में 29 जून से 5 जुलाई तक शिव प्रतिमा का लोकार्पण समारोह होना है। कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर सोमवार शाम 5.30 बजे जतारा विधायक हरीशंकर खटीक ने कलेक्टर और एसपी के साथ कार्यक्रम स्थल का भ्रमण किया। इस दौरान सात दिवसीय धार्मिक समारोह की तैयारियों को लेकर दिशा निर्देश जारी किए।

जतारा विधायक हरिशंकर खटीक ने बताया कि मां शारदा की करीब 100 फीट ऊंची पहाड़ी पर 61 फीट ऊंची बुंदेलखंड की सबसे ऊंची शिव प्रतिमा बनाई गई है। 5 जुलाई को प्रतिमा का लोकार्पण होगा। जिसमें मप्र के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव शामिल होंगे।

उन्होंने बताया कि आज कलेक्टर अवधेश शर्मा और एसपी रोहित काशवानी के साथ छिपरी पहुंचकर कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया। धार्मिक कार्यक्रमों की तैयारी को लेकर दिशा निर्देश दिए गए। उन्होंने बताया कि मां शारदा पहाड़ी पर 29 जून से लेकर 5 जुलाई तक श्रीमद् भागवत कथा और रासलीला का मंचन होगा। इसके साथ ही 3,4 और 5 जुलाई को विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे।

5 जुलाई को दोपहर 1 बजे भगवान शिव



की प्रतिमा का लोकार्पण होगा। साथ ही संत श्री रविशंकर महाराज %रावतपुरा सरकार% महाराज का जन्म महोत्सव धूमधाम के साथ मनाया जाएगा।

मुख्यमंत्री करेंगे प्रतिमा का लोकार्पण

विधायक हरिशंकर खटीक ने बताया कि छिपरी गांव संत रवि शंकर महाराज %रावतपुरा सरकार% की जन्म स्थली है। महाराज ने पहाड़ी के चारों ओर करीब एक लाख से ज्यादा पौधे लगाकर संरक्षित किया है। साथ ही पहाड़ी पर आश्रम, संत निवास, मंदिर का निर्माण कराया गया।

2 साल पहले पहाड़ी पर भगवान भोलेनाथ की ध्यान मुद्रा में 61 फीट ऊंची प्रतिमा का निर्माण शुरू किया गया था। भगवान भोलेनाथ की प्रतिमा बनाकर तैयार है। 5 जुलाई को मप्र के मुखिया डॉ मोहन यादव शिव प्रतिमा का लोकार्पण करने छिपरी पहुंचेंगे।

# राष्ट्रीय विधिक सक्षरता शिविर



दैनिक केसरिया हिंदुस्तान विकास यादव खरगोन जिला ब्यूरो चीफ

मण्डलेश्वर (निप्र) जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष सुनील कुमार जैनके निर्देश एव सचिव / जिला न्यायाधीश सुजीत कुमार सिंह के मार्गदर्शन में लिगल एड डिफेंस कॉउंसिल सिस्टम के डिफ्टी चीफ रूपेश शर्मा सहायक सुश्री निशा कौशल द्वारा ग्राम लाडवी में शासकीय कन्या माध्यमिक विद्यालय में राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण की योजनार्गत तस्करी और वाणिज्यिक यौन शोषण पीड़ितों के लिए सक्षरता शिविर एव बच्चो को मैत्रीपूर्ण विधिक सेवाए ओर उनके सरक्षण के लिए विधिक सेवाए विषय पर शिविर का आयोजन किया गया इस अवसर पर लिगल एड डिफेंस कॉउंसिल के डिफ्टी चीफ ने बताया कि तस्करी और वाणिज्यिक यौन शोषण सहित बाल तस्करी जैसी गंभीर गतिविधियां दुनिया में सबसे तेजी से बढ़ रही है और यह गम्भीर आपराधिक गतिविधियों में से एक है। जिसमे बच्चो ओर लड़कियों की तस्करी बड़े पैमाने पर एक देश से दूसरे देश मे भेजा जाता है तस्करी में जिन बच्चों और लड़कियों को लाया जाता है। इन्ही गम्भीर अपराधों को देखते हुए इन्हें सहायता हेतु योजनाएं संचालित की गई है पुनर्वास प्रतिकर विधिक सहायता जैसी सहायता जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा पीड़ितों को प्रदान की जाती है। लिगल एड डिफेंस कॉउंसिल की अधिवक्ता सुश्री निशा कौशल ने बच्चो को मैत्रीपूर्ण विधिक सेवाए ओर उनके सरक्षण के सम्बध्द में बताया कि प्रत्येक बच्चो को उनके मूलभूत अधिकार प्राप्त है उन्हें जीने का अधिकार , विकास का अधिकार,सरक्षण का अधिकार,ओर समाज मे भागीदारी का अधिकार भी शामिल है। प्रत्येक बच्चो को उनके विधिक अधिकार के सम्बब्ध में सूचित करने के अतिरिक्त विधिक शसक्तीकरण के लियर सहयोगी बने तथा विधिक सेवा प्रदाताओं के साथ असरदायक कार्यवाही ओर अच्छे सम्बद्ध बनाने के लिए समुदस्यो जनता, ओर धार्मिक संगठनों से भी जोड़ना इस योजना का महत्वपूर्ण उद्देश्य है। तथा बच्चो को मोबाइल का अधिक संचालन ना करने दे बड़ो की उपस्थिति में मोबाइल चलाये ।राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली व्दारा ऐसे मामलों में पीड़ितों को बहुत सी सुविधाये प्रदान की गई है ।स्कूल की प्राचार्य मधुबाला डावर ने बच्चो को समझाइश दी किसी भी अनजान व्यक्ति से बातचीत न करे कोई खाने पीने को दे तो कुछ खाये नही घर पर बडे बुजुर्गों का सम्मान करें और बड़ों का कहना मानना चाहिए स्कूल में अनुशासन में रहकर अपने गुरु या अध्यापको का सम्मान करना ओर उनके मार्गदर्शन में चलना चाहिए गुरु या अध्यापकों की बात मानना चाहिए। स्कूल की अध्यापिका कविता जायसवाल ने संचालन किया आभार ज्योति कुशवाहा ने माना ।

# कलेक्टर ऋषभ गुप्ता ने क्षिप्रा शुद्धिकरण, जल संरक्षण, अमृत संचय, सीड बॉल-पौधरोपण अभियान की पत्रकार वार्ता में दी जानकारी

**ओमप्रकाश परमार,**

देवास। कलेक्टर ऋषव गुप्ता ने देवास जिले में चलाए जा रहे क्षिप्रा शुद्धिकरण, जल संरक्षण, अमृत संचय (रुफ रेन वाटर हॉर्वेस्टिंग), सीड बॉल-पौधरोपण अभियान में किये जा रहे और किये जाने वाले कार्यो की पत्रकार वार्ता में जानकारी दी। कलेक?टर गुप?ता ने कहा कि मुख?यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मंशा के अनुरूप जिले में क्षिप्रा शुद्धिकरण कार्य किया जा रहा है। सिंहस?थ-2028 में क्षिप्रा में शुद्ध पानी मिले, इसलिए अभियान चलाकर शु?द्धिकरण कार्य किया जा रहा है। नालों का गंदा पानी क्षिप्रा में नहीं मिले इसलिए स?टॉप डेम बनाये जा रहे है। गांव-गांव लीज पीट सिस?टम बनाया जा रहा है।

कलेक?टर गुप?ता ने कहा कि नालों के आसपास से अतिक्रमण हटाने के लिए की कार्यवाही की जा रही है। अतिक्रमण हटाकर नालों के दोनों और 50-50 मीटर तक पौधा रोपण कार्य किया जा रहा है। नालों के आसपास शासकीय भूमि पर ब?लॉक प?लांटेशन किया जायेगा। निजी भूमियों पर नन?दन फलोद्यान योजना के तहत पौधा रोपण किया जायेगा। नालों के 10 मीटर तक पानी सहजने वाले पौधे लगाये, उसके बाद अन?य फलदार/छायादार पौधे लगाये। पौधा रोपण के लिए 104 ग्रामों में



मुहिम चलाई जा रही है।

गांवो में जल संरक्षण के लिए बोरी बंधान का कार्य किया जा रहा है। रूफ वाटर हॉर्वेस्टिंग सिस?टम लगाये जा रहे है। कलेक?टर श्री गुप?ता ने कहा कि एक हजार स?क?वेयर मीटर की छत एक लाख लीटर पानी भूमि में पहुंचाती है। अमृत संचय अभियान का उद्देश?य पानी बचाना है। अभियान के तहत भूमिगत पानी को बढाने की कार्यवाही की जा रही है। कलेक?टर गुप?ता ने रूफ वाटर हॉर्वेस्टिंग सिस?टम संबंधी जानकारी दी। रूफ वाटर हॉर्वेस्टिंग सिस?टम से 200 करोड लीटर पानी बचाने का लक्ष?य रखा गया है। हम अभी 60 करोड लीटर पानी बचाने के लक्ष?य तक पहुंच गये है।

कलेक?टर गुप?ता ने यह भी कहा कि जिले में वन विभाग द्वारा 17 लाख पौधे लगाये जायेंगे। वन विभाग द्वारा देवास में माताजी टेकरी और शंकरगढ़ पहाडी पर 30 हजार पौधे लगाये जायेंगे। वन विभाग द्वारा जिले में सस?ती दर पर पौधे नागरिकों को उपलब?ध कराये जायेंगे। कलेक?टर श्री गुप?ता ने कहा कि सीडबॉल बनाने के लिए स?कूलों में वर्कशाप की जा रही है। स?व सहायता समूह और स?कूली बच?चों द्वारा 20 लाख सीडबॉल बनाने का लक्ष?य रखा गया है।

# आयुर्वेदिक महाविद्यालय के विद्यार्थियों को प्रतिष्ठित संस्थानों का भ्रमण कराएँ



**प्रभारी संभाग आयुक्त एवं कलेक्टर श्रीमती चौहान ने दिए निर्देश**

**आयुर्वेदिक महाविद्यालय की कार्यकारिणी समिति की बैठक सम्पन्न**

**मौजूदा वित्तीय वर्ष के लिए बजट का हुआ अनुमोदन**

ग्वालियर। आयुर्वेदिक महाविद्यालय के विद्यार्थियों को देश के प्रतिष्ठित आयुर्वेद चिकित्सा संस्थानों व औषधीय वनस्पतियों वाले क्षेत्रों का भ्रमण कराएँ, जिससे विद्यार्थियों का ज्ञानवर्धन हो और वे अपनी पढ़ाई में इस ज्ञान का उपयोग कर सकें। यह बात प्रभारी संभाग आयुक्त एवं कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान ने शासकीय स्वशासी आयुर्वेदिक महाविद्यालय एवं चिकित्सालय की कार्यकारिणी समिति की बैठक में कही। उन्होंने कहा विद्यार्थियों के भ्रमण के लिए महाविद्यालय के बजट में प्रावधान करें।

मंगलवार को आयुर्वेदिक महाविद्यालय के सभागार में आयोजित हुई बैठक में वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिये आयुर्वेदिक महाविद्यालय एवं चिकित्सालय के बजट का अनुमोदन किया गया। बजट में 5 करोड़ 70 लाख 11 हजार से अधिक आय एवं 9 करोड़ 94 लाख के अनुमानित व्यय का प्रावधान किया गया है। मौजूदा वित्तीय वर्ष में महाविद्यालय को होने वाली आय के साथ पूर्व से उपलब्ध डिपोजिट और शासन से प्राप्त धन से व्यय की पूर्ति की जायेगी।

कलेक्टर श्रीमती चौहान ने आयुर्वेदिक महाविद्यालय की नक्षत्र वाटिका की तर्ज पर ग्वालियर कलेक्ट्रेट में भी नक्षत्र वाटिका स्थापित करने के लिये महाविद्यालय प्रबंधन से कहा। साथ ही यह भी निर्देश दिए कि आयुर्वेदिक महाविद्यालय द्वारा आयुर्वेदिक चिकित्सा पद्धतियों व वनस्पतियों के बारे में प्रचार-प्रसार और लोगों को चिकित्सा स्वास्थ्य सुविधायें उपलब्ध कराने के लिये चयनित ग्वालियर जिले के गाँवों में सुव्यवस्थित ढंग से शिविर लगाए जाएँ। शिविर लगाने से पहले शिविर की तिथियों का व्यापक प्रचार-प्रसार करें, जिससे अधिकाधिक लोग इन शिविरों का लाभ उठा सकें। कार्यकारिणी समिति की बैठक में कलेक्टर श्रीमती चौहान ने महाविद्यालय के उद्यानों व नक्षत्र वाटिका के पौधों के रख-रखाव के लिए उद्यानिकी विभाग द्वारा प्रशिक्षित मालियों को काम पर लगाने के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा प्रशिक्षित मालियों की सूची उद्यानिकी विभाग से प्राप्त की जा सकती है।

आयुर्वेदिक महाविद्यालय एवं चिकित्सालय परिसर की बुनियादी सुविधाओं से संबंधित कार्यों की भी बैठक में समीक्षा की गई। कलेक्टर श्रीमती चौहान ने लोक निर्माण, परियोजना क्रियान्वयन इकाई, नगर निगम की पीएचई शाखा सहित अन्य संबंधित अधिकारियों को आयुर्वेदक महाविद्यालय के कार्यों को गुणवत्ता के साथ व समय ङ्क सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए।

बैठक में महाविद्यालय के प्राचार्य श्री महेश कुमार शर्मा सहित अन्य संबंधित अधिकारी एवं कार्यकारिणी समिति के सदस्यगण मौजूद थे।

# कलेक्टर श्रीमती चौहान ने पहल कर श्रमिकों को ठेकेदार से दिलाई 45 दिन की मजदूरी



**रेलवे ठेकेदार से कराया लगभग 4 लाख 65 हजार रूपए का भुगतान**

**सीधी, शहडोल, कटनी व उमरिया जिले के निवासी हैं ये श्रमिक**

**बकाया मजदूरी का भुगतान न होने पर कलेक्टर श्रीमती चौहान से की थी शिकायत**

**ग्वालियर।** रेलवे के ठेकेदार द्वारा मजदूरी का भुगतान न किए जाने से परेशान दो दर्जन श्रमिकों की समस्या का समाधान हो गया है। कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान ने पहल कर इन श्रमिकों को 45 दिन की मजदूरी के रूप में कुल 4 लाख 65 हजार से अधिक धनराशि का भुगतान करा दिया है। इन श्रमिकों में 11 महिलाएँ व 13 पुरुष शामिल हैं। प्रदेश के सीधी, शहडोल, कटनी व उमरिया जिले के निवासी इन श्रमिकों से ठेकेदार ने रेलवे का काम कराया था, पर उनकी 45 दिन की मजदूरी नहीं दी थी।

इन श्रमिकों ने गत 20 जून को ग्वालियर कलेक्ट्रेट पहुँचकर कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान को अपनी व्यथा सुनाई और कहा कि हम सब बहुत परेशान हैं। कैसे भी हो हमारा भुगतान करा दीजिए, जिससे हम अपने घर जा सकें। कलेक्टर श्रीमती चौहान ने इस शिकायत को गंभीरता से लिया और सभी को भरोसा दिलाया कि आप सब चिंता न करें, जिला प्रशासन आपकी मजदूरी का भुगतान करायेगा। उन्होंने सहायक श्रम आयुक्त को अपनी टीम भेजकर ठेकेदार का पता लगाने और जल्द से जल्द श्रमिकों का भुगतान कराने के निर्देश दिए।

इस परिपालन में श्रम विभाग की टीम ने श्रमिकों और रेलवे सहित अन्य माध्यमों से चर्चा कर पता लगाया कि नैना इन्फ्रा कंपनी के ठेकेदार भूपेन्द्र सिंह यादव ने इन श्रमिकों को भारत सरकार के उपक्रम रेल विकास निगम लिमिटेड के कार्य में मजदूरी पर लगाया था। ठेकेदार भूपेन्द्र सिंह यादव उत्तरप्रदेश के ललितपुर जिले के ग्राम बडोखरा का निवासी है। श्रम विभाग की टीम ठेकेदार तक पहुँची और शासन के नियमों का हवाला देकर श्रमिकों का भुगतान करा दिया। इतना ही नहीं कलेक्टर के निर्देश पर सभी श्रमिकों को बस स्टेण्ड के रेनबसेरा में आश्रय दिलाया और उनके भोजन पानी की व्यवस्था भी कराई। मजदूरी का भुगतान होने के बाद श्रम विभाग की टीम ने सभी श्रमिकों को रेलवे स्टेशन पहुँचकर रेल मार्ग द्वारा उनके गृह नगर व ग्रामों के लिये विदा किया।

केन्द्र सरकार के अधीन विषय होने के बावजूद राज्य शासन के श्रम विभाग की टीम ने कलेक्टर श्रीमती चौहान की पहल पर इन श्रमिकों की मजदूरी दिलाई है। अपनी कड़ी मेहनत का सुफल जब श्रमिकों को मिला तो वे गदगद हो गए और उनकी आंखें छलक आईं। सभी श्रमिक ग्वालियर जिला प्रशासन व श्रम विभाग की टीम को दुआएँ देते हुए अपने घर लौटे। इन श्रमिकों की मजदूरी का भुगतान कराने में श्रम निरीक्षक श्री आलोक शर्मा ने अहम भूमिका निभाई है।

# रोजगार कार्यालय में 28 जून को प्लेसमेंट ड्राइव

**आधा दर्जन से अधिक कंपनियाँ आ रही हैं भर्ती करने**

ग्वालियर। आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश निर्माण के अंतर्गत 28 जून को प्रातः 11 बजे से गोले का मंदिर मुरैना लिंक रोड़ पर रेडीमेड गारमेंट पार्क परिसर स्थित जिला रोजगार कार्यालय में प्लेसमेंट ड्राइव (रोजगार मेला) का आयोजन होगा। प्लेसमेंट ड्राइव में निजी क्षेत्र की 7 कंपनियाँ भर्ती करने आ रही हैं। विस्तृत जानकारी के लिये जिला रोजगार कार्यालय में संपर्क किया जा सकता है।

उप संचालक जिला रोजगार कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार प्लेसमेंट ड्राइव में सिग्मा मैनेजमेंट सोल्यूशन गुडगांव द्वारा क्वालिटी इंस्पेक्टर, टैलेन्ट स्टाक प्रा.लि. नोएडा द्वारा एग्ज्यूकेटिव सेल्स पैकर्स, यशस्वी अकादमी फॉर टैलेन्ट मैनेजमेंट ग्वालियर द्वारा ट्रेनी वर्कर, नेट आग्रेनिक डायमंड प्रा. लि. सागर द्वारा रिलेशनशिप ऑफीसर, एग्रीकल्चर ऑफीसर व सेल्स मार्केटिंग, सुप्रीम प्रा. लि. मालनपुर द्वारा ट्रेनी, वेंकेज प्रा.लि. अहमदनगर महाराष्ट्र द्वारा ट्रेनी वर्कर एवं भारतीय एयरटेल प्रा. लि. ग्वालियर द्वारा कस्टमर रिलेशनशिप ऑफीसर/फील्ड सेल्स एग्ज्यूकेटिव की भर्ती की जायेगी। चयनित उम्मीदवारों को लगभग 10 हजार रूपए से लेकर 25 हजार रूपए तक वेतन देय होगा।

प्लेसमेंट ड्राइव में शामिल होने के लिये युवाओं को रोजगार पंजीयन क्रमांक, शैक्षणिक योग्यता से संबंधित प्रमाण-पत्र व बायोडाटा के साथ उपस्थित होना होगा। रोजगार मेले में उपस्थित होने वाले युवक-युवतियों के लिये कार्यालय द्वारा कोई यात्रा भत्ता देय नहीं होगा।